# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 22 अगस्त, 2026 | वर्ष -01 | अंक-184 | पृष्ठ-15 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### अशोकधाम भगदड़
### जांच रिपोर्ट में अफसरों को क्लीन चिट

**लखीसराय।** लखीसराय के अशोकधाम मंदिर में 17 अगस्त को हुई भगदड़ मामले में जिलास्तरीय जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। एडीएम नीरज कुमार की अध्यक्षता में गठित जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट डीएम शैलेंद्र कुमार को सौंप दी है। करीब सात पॉइंट्स पर की गई जांच में बिजली का पोल गिरने और कमजोर बैरिकेडिंग को हादसे का मेन वजह बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक मंदिर परिसर में बिजली का पोल गिरने के बाद श्रद्धालुओं के बीच अचानक अफरा-तफरी मच गई थी। इसी दौरान भीड़ का दबाव बढ़ गया और कमजोर बैरिकेडिंग उसे संभाल नहीं सकी। जांच टीम ने बिजली विभाग और भवन प्रमंडल को प्रथम दृष्टया लापरवाही का जिम्मेदार माना है।

### एमपी-यूपी की 7 नदियां खतरे के निशान से ऊपर

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में लगातार बारिश जारी है। मध्य प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। नर्मदा, मंदाकिनी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश में भी लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। 13 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। गंगा, घाघरा, शारदा, टोंस, सोन और मंदाकिनी नदी खतरे के निशान को पार कर गई हैं। हिमाचल प्रदेश में इस मानसून के दौरान बारिश, लैंडस्लाइड, बाढ़ और अन्य घटनाओं में 219 लोगों की मौत हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 131 मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हुईं।

### जाति आधारित आरक्षण के विरोध में जंतर मंतर पर उमड़ी भीड़

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जाति-आधारित आरक्षण के विरोध में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि आरक्षण का आधार जाति के बजाय आर्थिक स्थिति होनी चाहिए। यह प्रदर्शन रिजर्वेशन हटाओ आंदोलन नाम के एक इंस्टाग्राम पेज के आह्वान पर किया गया था, जिसने लोगों से जंतर-मंतर पर जाकर विरोध-प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की थी।
पुलिस ने बताया कि इस प्रदर्शन के लिए अनुमति नहीं दी गई थी। इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया था।

### राहुल के 5 घंटे धरने के बाद पैलेट गन मामले में दर्ज हुई प्राथमिकी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर प्रदर्शनकारी छात्र साहिल की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। हालांकि मामला अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया है। छात्र का आरोप है कि पैलेट गन के छर्रे लगने से उसकी आंख की रोशनी चली गई। राहुल गांधी केस दर्ज कराने के लिए शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे से संसद मार्ग में धरना दे रहे थे। उन्होंने कहा था कि जब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं होती, वे हटेंगे नहीं। इसके बाद 5.30 बजे पुलिस ने एफआईआर लिखना शुरू किया। विदित हो कि लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जंतर-मंतर प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन से घायल छात्र साहिल लोचब को लेकर शिकायत दर्ज कराने के लिए शुक्रवार को पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन पहुंचे। जब थाने में उनकी शिकायत नहीं दर्ज की गई तो वह सीधा डीसीपी से मिलने पहुंचे। इसके बाद राहुल गांधी थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। उनके साथ साहिल का परिवार भी था। बाद में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी धरने में शामिल हो गईं।

# कोसी नदी पर हाई लेवल डैम के DPR को जल्द पूरा करने का निर्देश

## केंद्रीय वित्त मंत्री और विदेश मंत्री के साथ सीएम सम्राट की बिहार के मुद्दे पर बैठक

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 2 दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। बांकीपुर उपचुनाव के परिणाम आने के बाद सम्राट चौधरी का यह पहला दिल्ली दौरा है। मुख्यमंत्री ने उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा के साथ नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तथा केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात कर बिहार के विकास

### सीएम का केंद्र से अपेक्षित सहयोग एवं लंबित विषयों पर शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध

से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा की। बैठक में केंद्रीय बजट में बिहार के लिए की गई घोषणाओं के अनुरूप राज्य को मिलने वाली राशि एवं विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। सीएम ने बिहार के विकास के लिए केंद्र से अपेक्षित सहयोग एवं लंबित विषयों पर शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध किया।

कोसी-मेची अंतःराज्यीय रिवर लिंक परियोजना के संबंध में प्रथम चरण के लिए आवश्यक राशि तथा द्वितीय चरण के तकनीकी अनुमोदन का विषय प्रमुखता से उठाया गया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने इस संबंध में एनडब्लूडीए एवं जल शक्ति मंत्रालय को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि इस परियोजना के आगे बढ़ने से बिहार के सीमांचल क्षेत्र में सिंचाई, कृषि एवं जल प्रबंधन को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। सप्त कोसी परियोजना के संबंध में भी चर्चा हुई। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने सीएम के आग्रह पर कोसी नदी पर हाई लेवल डैम के डीपीआर को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में यह सुनिश्चित करने पर सहमति बनी कि संयुक्त तकनीकी विशेषज्ञ समिति में बिहार का एक सदस्य शामिल रहेगा, जिससे परियोजना से जुड़े तकनीकी विषयों में राज्य के हितों को प्रभावी रूप से रखा जा सके। बिहार को एसएनए & स्पर्श के माध्यम से अधिक केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इसे 30 सितंबर तक लागू करने तथा एसएएससीआई के तहत रिफार्म बेस्ड इनएक्टिव को प्रभावी रूप से लागू करने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे राज्य को विकास योजनाओं के लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। बैठक में विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना से जुड़े विषय पर भी चर्चा हुई। सीएम ने बताया कि भागलपुर में विश्वविद्यालय के लिए 219 एकड़ भूमि बिहार सरकार द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। इसी प्रकार हाजीपुर में निफ्टेम के लिए 100 एकड़ भूमि भी राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। सीएम ने केंद्र सरकार से दोनों संस्थानों का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का अनुरोध किया। सीएम ने कहा कि बैठक अत्यंत सकारात्मक रही और बिहार के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्र सरकार की ओर से सकारात्मक सहयोग एवं आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन मिला है। सोन-फल्गू रिवर लिंक परियोजना, महाबोधि कॉरिडोर एवं विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर का कार्य भी शीघ्र शुरू कराने के संबंध में चर्चा हुयी।



### मुख्यमंत्री ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों संग की बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्तव्य भवन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी और जदयू के राज्यसभा सदस्य संजय झा भी मौजूद रहे। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट कर इस बैठक की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हुआ। उन्होंने बताया कि बैठक में भारत-नेपाल जल एवं बांध परियोजनाओं, बजट से जुड़े विषयों, पर्यटन के विकास और बिहार के हित से जुड़ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

### मुख्य बिन्दु

1. अतिरिक्त केंद्रीय सहायता व 30 सितंबर तक एसएनए और स्पर्श लागू करने पर सहमति
2. सोन-फल्गू रिवर लिंक, महाबोधि एवं विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर का कार्य शीघ्र शुरू कराने पर चर्चा

# समय और तकनीक के अनुरूप स्वयं को भी बदलना होगा : उपमुख्यमंत्री



### बिहार एसडीजी कॉन्क्लेव 2026 का समापन

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में सतत एवं समावेशी विकास को गति देने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय बिहार सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) कॉन्क्लेव-2026 का शुक्रवार को अधिवेशन भवन में समापन हुआ।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार ने वित्तीय क्षेत्र में अच्छा कार्य किया है, लेकिन विकास को गति देने के लिए संसाधनों के अपव्यय को नियंत्रित करना और प्रत्येक खर्च को परिणामदायी बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समय के साथ जरूरतें बदलती हैं, इसलिए समय और तकनीक के अनुरूप स्वयं को भी बदलना होगा। विकास एक सतत प्रक्रिया है और इसके लिए संसाधनों का उचित उपयोग, नई तकनीक को अपनाना तथा बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यप्रणाली विकसित करना जरूरी है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बिहार मौसम सेवा केंद्रों के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में है और पंचायत स्तर तक मौसम पूवार्नुमान उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और ईमान से काम करें, फिर हम सम्मान की अपेक्षा करें।

नेशनल टीचर्स अवार्ड 2026 का ऐलान

# राष्ट्रपति 5 सितंबर को 48 शिक्षकों को करेंगी सम्मानित

### उत्तर प्रदेश से तीन बिहार और एमपी से दो-दो टीचर्स चुने गए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को नेशनल टीचर्स अवार्ड 2026 का ऐलान किया। देशभर से 48 शिक्षकों को चुना गया है। इनमें केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, आदर्श जनजातीय स्कूल और पीएम श्री स्कूलों समेत कई संस्थानों के शिक्षक चुने गए हैं। 48 स्कूली शिक्षकों में से 26 पुरुष और 22 महिला टीचर हैं। उत्तर प्रदेश से तीन, बिहार और एमपी से दो-दो टीचर्स चुने गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 5 सितंबर को शिक्षकों को ये पुरस्कार देंगी। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए पात्र शिक्षकों से 15 जून से 20 जुलाई 2026 तक शिक्षा मंत्रालय के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्व-नामांकन आमंत्रित किए गए थे। पुरस्कार के लिए चयन प्रक्रिया तीन चरणों में की गई।

# सीमाएं सुरक्षित हुए बिना देश सुरक्षित नहीं रह सकता : शाह

## गृह मंत्री ने सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा पर दिया जोर

**सिलीगुड़ी (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सिलीगुड़ी दौरे के दौरान देश की सीमा सुरक्षा और विशेष रूप से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा से जुड़ी जो भी आवश्यकताएं सामने आई हैं, उन्हें पूरा करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

अमित शाह ने सिलीगुड़ी में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की कई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने एसएसबी के जवानों से मुलाकात की और उनसे बातचीत भी की। कार्यक्रम में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि यह पहला मौका था जब उन्हें एसएसबी के किसी कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने एसएसबी को देश की संप्रभुता और सुरक्षा का अटूट प्रहरी बताया। कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ने सीमा सुरक्षा से जुड़े कार्यों के लिए जमीन उपलब्ध कराने में देरी को लेकर पूर्ववर्ती राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार वर्ष 2024 से 1,129 एकड़ जमीन की मांग कर रही थी, लेकिन बार-बार अनुरोध के बावजूद जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री को आमंत्रित किए जाने के बावजूद उन्होंने कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया। इसके विपरीत अमित शाह ने वर्तमान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के कार्यकाल में प्रशासनिक स्तर पर सहयोग मिलने का दावा किया। उन्होंने कहा कि अब ऐसी व्यवस्था बनाई गई है, जिसमें प्रशासनिक मंजूरी पहले मिलती है और पत्र बाद में आता है।



# सिविल-जज बनने के लिए 3 साल की प्रैक्टिस जरूरी नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सिविल जज (जूनियर डिवीजन) बनने के लिए वकीलों की अनिवार्य प्रैक्टिस टाइम तीन साल से घटाकर एक साल कर दिया है। कोर्ट ने 2025 के उस फैसले में बदलाव किया है, जिसमें शुरूआती ज्यूडीशियल सर्विस में भर्ती के लिए तीन साल की प्रैक्टिस जरूरी की गई थी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने यह निर्देश दिए। जस्टिस चंद्रन ने फैसले से असहमति जताते हुए कहा कि बार में तीन साल की प्रैक्टिस जरूरी करने वाले पुराने फैसले पर दोबारा विचार करने का कोई आधार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि एक अप्रैल 2027 के बाद होने वाले सिविल जज (जूनियर डिवीजन) एग्जाम के हर उम्मीदवार के पास कम से कम 1 साल की प्रैक्टिस होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को संबंधित हाईकोर्ट से सलाह लेकर तीन महीने के भीतर लागू सेवा नियमों में बदलाव करने और उन्हें नोटिफाई करने का निर्देश दिया है।



# दुनिया भारत को विकास और उम्मीद की चमकती किरण के रूप में देख रही : मोदी

## इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम-2026 को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया भारत को विकास और उम्मीद की चमकती किरण के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत राजनीतिक स्थिरता और नीतियों में निरंतरता के साथ आगे बढ़ रहा है। सरकार का लक्ष्य अगले स्तर के सुधारों के जरिये देश में कारोबार, रोजगार और आम लोगों के जीवन को आसान बनाना है।

प्रधानमंत्री ने यहां इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम-2026 को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष सम्मेलन की थीम शेयर्ड फ्यूचर्स यानी साझा भविष्य आज की वैश्विक परिस्थितियों में बेहद प्रासंगिक है। दुनिया में बढ़ते अविश्वास, संसाधनों के हथियारीकरण और आर्थिक चुनौतियों के बीच सभी देशों का भविष्य एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान भी एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का मंत्र इसी भावना को दर्शाता था। मोदी ने कहा कि भारत ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और वह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में बताए गए सप्तधारा के तहत विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और हरित अर्थव्यवस्था सहित सात प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत नीतिगत, शासन स्तर और ईज ऑफ लिविंग के क्षेत्र में अगली पीढ़ी के सुधार कर रहा है। सुधार भारत के लिए मजबूरी नहीं बल्कि प्रतिबद्धता और विश्वास हैं। प्रोडक्शन लिंक्ड पनिशमेंट से प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव तक प्रधानमंत्री ने लाइसेंस राज के दौर की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय उत्पादन बढ़ाने पर कंपनियों को दंडित किया जाता था। उन्होंने इसे प्रोडक्शन लिंक्ड पनिशमेंट (पीएलपी) की मानसिकता बताया। इसके विपरीत आज सरकार उत्पादन बढ़ाने के लिए कंपनियों को प्रोत्साहन दे रही है। उन्होंने कहा कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत अब तक 2.5 लाख करोड़ रुपये का वास्तविक निवेश आया है, जबकि 22 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन और बिक्री हुई है। इस योजना से 15 लाख करोड़ रुपये का निर्यात और 14 लाख से अधिक रोजगार पैदा हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले की दंड आधारित व्यवस्था जहां बेरोजगारी बढ़ाती थी, वहीं आज की प्रोत्साहन आधारित व्यवस्था लाखों नए रोजगार पैदा कर रही है।



# SSC-CGL रद्द करने के फैसले पर झारखंड हाईकोर्ट का स्टे

## काम पर लौटेंगे सफल कैंडिडेट, खुशी से प्रदर्शनकारी गाने लगे राष्ट्रगान

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को जेएसएससी -सीजीएल और सीडीपीओ भर्ती परीक्षा से सिलेक्ट कैंडिडेट को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत इन परीक्षाओं को रद्द किया गया था।

कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सेम ऑर्डर फॉलो होगा। कोर्ट ने राज्य सरकार से इस मामले मंत जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी। गौरतलब है कि कल भी झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा जेपीएससी 11वीं-13वीं सिविल सेवा और फूड सेफ्टी अफसरों की नियुक्ति रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने इस पर अगले आदेश तक रोक लगाते हुए कहा था कि सभी अपना काम जारी रखेंगे। कोर्ट ने राज्य सरकार से इस मामले में भी जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी। हाईकोर्ट के फैसले के बाद सफल कैंडिडेट्स ने धरना समाप्त कर दिया है। इधर, जेएसएससी सीजीएल नियुक्ति रद्द होने से नौकरी से हटाए गए अधिकारी शुक्रवार को कोर्ट का फैसला आने बाद प्रोजेक्ट भवन से हट गए हैं। उनका कहना है हमारी लड़ाई अब कोर्ट के माध्यम से चलेगी। यहां धरने पर बैठने का उद्देश्य पूरा हुआ।वो 18 अगस्त से लगातार जेएसएससी सीजीएल रद्द वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इन अधिकारियों ने गुरुवार को दिनभर प्रोजेक्ट भवन के सामने धरना दिया और शाम को मोरहाबादी से अल्बर्ट एक्का चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली थी।



# पूर्व मुख्य न्यायाधीश बने बीसीए के प्रशासक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के हालिया चुनावों में कथित अनियमितताओं के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला लिया है। कोर्ट ने ओडिशा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह को बीसीए का एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किया है। उनकी निगरानी में अब जिला स्तर से लेकर राज्य क्रिकेट संघ तक जांच की जाएगी। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस एल. नागेश्वर राव की जांच रिपोर्ट के आधार पर आया है। बीसीए चुनाव में धांधली और नियमों के उल्लंघन की शिकायतों के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनव श्रीवास्तव ने मामले में पक्ष रखा। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

# बिहार में अधिकारियों को विधायकों के फोन का तुरंत देना होगा जवाब

## राज्य सरकार ने जारी किए निर्देश

**पटना (एनएसबी)।** विधायकों के फोन कॉल को अधिकारियों को एक बार में उठाना होगा। अगर किसी वजह से फोन नहीं उठा सके तो उन्हें शीघ्र संबंधित विधायक को रिंग बैक कर बात करनी होगी। विधानसभा अध्यक्ष के साथ पिछले दिनों हुई बैठक के बाद मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस आशय के निर्देश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, सभी विभागाध्यक्ष, पुलिस महानिदेशक, सभी प्रमंडलीय आयुक्त व जिलाधिकारियों को इस आशय का पत्र भेजा है। मुख्य सचिव ने यह हिदायत दी है कि विधायकों द्वारा जो पत्र विभागों को लिखे जाते हैं उसकी प्राप्ति की सूचना संबंधित विधायक को तत्काल उपलब्ध करायी जाए। निर्धारित समय सीमा के भीतर यह भी जानकारी दी जाए कि उस पर क्या कार्रवाई की गयी तथा उसकी अद्यतन स्थिति क्या है।



**विधायक के साथ हो सम्मानजनक व्यवहार :** यह भी कहा गया है कि जब कोई विधायक किसी अधिकारी के कक्ष में आते हैं तो उनके पद की गरिमा और अपेक्षित प्रोटोकॉल के तहत शिष्टाचार सम्मानजनक व्यवहार का पालन किया जाए।

# कांग्रेस ने देश में लोकतंत्र को स्थापित किया है : कृष्णा अल्लावरु

दैनिक नवसंदेश

**राजलक्ष्मी रिजर्ट, अम्बा/ औरंगाबाद।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रखंड अध्यक्षों का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर औरंगाबाद के राजलक्ष्मी रिजर्ट, अम्बा में प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि करने के पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रखंड अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु मौजूद रहें। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संगठन में अनुशासन, सदाचार और सत्य के साथ ही महात्मा गांधी के दिए विचारों को आत्मसात करते हुए कांग्रेसजनों को आगे बढ़ना है। कांग्रेस ने देश में लोकतंत्र को स्थापित किया है और हमारे प्रखंड अध्यक्ष की वैचारिक मजबूती के लिए यह प्रशिक्षण बेहद जरूरी है। प्रखंड अध्यक्ष हमारी पार्टी के रीढ़ हैं। संगठन सृजन अभियान के तहत नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्षों के लिए भी यह नया अनुभव है और उनको पार्टी की विचारधारा, आदर्शो और ऐतिहासिक संदर्भो को जनता के बीच मजबूती से रखने में मदद मिलेगी।


कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्षों की दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने किया उद्घाटन।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि 20 जिलों के नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्षों का राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, सदाचार और सादगी पर आधारित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रखंड अध्यक्ष हमारे संगठन की रीढ़ हैं। संगठन को गांव, पंचायत तथा बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी लगातार संगठन सृजन अभियान के तहत चयनित प्रखंड अध्यक्षों को प्रशिक्षित कर रही है। इस प्रशिक्षण शिविर में दो दिवसीय आवासीय व्यवस्था के तहत दैनिक दिनचर्या आधारित सत्रों का संचालन होता है जिसमें कांग्रेस के इतिहास से लेकर उसकी देश के मजबूती में उपलब्धियों से लेकर आगामी रणनीतियों से अवगत कराते हुए जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाता है। साथ ही इसमें प्रशिक्षुओं को विभिन्न सत्रों में तकनीकी जानकारी के साथ मनोरंजन सत्र का भी आयोजन किया जाता है।

इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संवाद पर जोर दिया और आगत सभी प्रशिक्षुओं से उनके अनुभव और प्रशिक्षण को लेकर उनकी आकांक्षाओं को भी समझने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक संदर्भो को रखते हुए कांग्रेस की विचारधारा और आदर्शों पर विशेष जोर देते हुए आगत प्रखंड अध्यक्षों से प्रश्नोत्तरी भी किया।

प्रशिक्षण शिविर के प्रभारी संयोजक प्रो. रंजीत मिश्र ने कहा कि यह पांचवां प्रशिक्षण शिविर है और लगभग सभी जिलों के प्रखंड अध्यक्षों का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है लेकिन 20 जिलों के ऐसे प्रखंड अध्यक्षों को इस प्रशिक्षण शिविर में बुलाया गया है जो पहले के प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हो सकें थे, वें भी शामिल हुए हैं और संगठन सृजन अभियान द्वारा चयनित नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्षों को दो दिनों तक सात राजनीतिक सत्रों में कांग्रेस के उद्भव से लेकर संघर्ष तक को समावेशित करेंगे। साथ ही प्रभात फेरी, गांधी भजन के साथ मनोरंजन के लिए भी अलग से सत्र संचालित होंगे। प्रखंड अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर का आज पहला दिन है जिसमें चार सत्रों और संध्या में सांस्तिक सत्र का संचालन किया जाएगा।

प्रशिक्षण शिविर का संचालन संयोजक प्रो. रंजीत मिश्र और सत्रों का संचालन प्रशिक्षक राजकुमार मीणा ने किया। इस दौरान आगत विद्वत जनों ने सत्रों को संबोधित किया। प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डा स्नेहाशीष वर्धन, पंकज यादव, डा. अमन कुमार, सत्येंद्र नारायण, अरविंद शर्मा, डा अनिता कुमारी, पूनम यादव, डा शशि शेखर, शैलेन्द्र मिश्र सहित अन्य प्रमुख नेतागण भी शामिल हुए।

ई सुरेन्द्र यादव, संजय यादव, सूरज राय, मिथिलेश कुमार, मो जिशान, आनंद पाल, रविन्द्र राम, कमलेश राम, रोहिते मेहता, विनय सिंह, नंदकिशोर यादव, जयप्रकाश पाठक, धरक्षण राम सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

## खबरें खास-खास

## बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति की टीम मोतिहारी व दरभंगा परिसदन में अधिकारियों के साथ किया समीक्षात्मक बैठक

### कांटी विधायक अजीत कुमार समेत अन्य सदस्यों ने अधिकारियों के साथ जिले में चल रही योजनाओं एवं विकास कार्यो की स्थिति पर विस्तार से की चर्चा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति, अध्ययन दल-2 की टीम पूर्वी चंपारण, मोतिहारी व दरभंगा परिसदन में जिले के सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया एवं इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिया। इस अवसर पर बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य सह कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार समेत अन्य सम्मानित सदस्यों ने बैठक में जिला पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों के साथ जिले में चल रही योजनाओं एवं विकास कार्यो की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की।


बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति की टीम मोतिहारी व दरभंगा परिसदन में अधिकारियों के साथ किया समीक्षात्मक बैठक, दिया कई महत्वपूर्ण निर्देश।

समीक्षा के दौरान योजनाओं की वर्तमान प्रगति, कार्यो की गुणवत्ता, निर्धारित मानकों के अनुपालन, खर्च की स्थिति तथा योजनाओं से आम लोगों को मिल रहे वास्तविक लाभ की जानकारी ली गई। बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य सह कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार समेत अन्य सम्मानित सदस्यों ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सरकार द्वारा स्वीत योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। साथ ही, विकास कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या गुणवत्ता से समझौता न हो, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

प्राक्कलन समिति के माध्यम से योजनाओं की जमीनी हकीकत को समझना और आवश्यकता के अनुरूप सुधार के लिए संबंधित विभागों को दिशा देना हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य सह कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार समेत अन्य सम्मानित सदस्यों ने कहा कि
जनता के विश्वास पर खरा उतरना और विकास कार्यो को धरातल पर प्रभावी बनाना ही हमारा संकल्प है। वही, प्राक्कलन समिति की टीम के सदस्यों के मोतिहारी सर्किट हाउस में पहुंचने पर जिला प्रशासन के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य सह कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार, प्राक्कलन समिति के सदस्य सह विधायक बेबी कुमारी, विधान परिषद सदस्य रविन्द्र प्रसाद सिंह , विधायक आनंद मिश्रा , जिला पदाधिकारी सहित प्राक्कलन समिति के सम्मानित सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इधर, बिहार विधानसभा प्राक्कलन समिति (अध्ययन दल-2) के जिलावार स्थल निरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दरभंगा सर्किट हाउस में विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति, वित्तीय व्यय, कार्यो की गुणवत्ता एवं उनकी अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की गई। साथ ही मंडल कारा, दरभंगा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण कार्यक्रम में बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य सह कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार, विधान पार्षद रवीन्द्र सिंह , विधायक बेबी कुमारी, विधायक आनंद मिश्रा एवं जिले के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। वही, प्राक्कलन समिति की सदस्यों की टीम दरभंगा पहुंचने पर जिला प्रशासन व मंडल कारा प्रशासन के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## खबरें : एक नजर में

## चीनी की बढ़ती कीमतों पर राजद का हमला


एजाज अहमद।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** देशभर में चीनी की बढ़ती कीमतों को लेकर राष्ट्रीय जनता दल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। राजद नेता एजाज अहमद ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण चीनी के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। रक्षाबंधन जैसे त्योहार से पहले चीनी की बढ़ती कीमत कहीं ना कहीं लोगों के मिठास को कम कर देगा और इससे त्यौहार की खुशियों में खलल पड़ेगा। एजाज अहमद ने आगे कहा कि गन्ने का बड़े पैमाने पर इथेनल उत्पादन में उपयोग किए जाने के कारण चीनी का उत्पादन और उपलब्धता प्रभावित हुई है। इसी वजह से बाजार में चीनी की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इथेनल उत्पादन को बढ़ावा देने की नीति तो बनाई, लेकिन इससे आम उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले प्रभावों को नजरअंदाज कर दिया। त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है और आने वाले दिनों में चीनी की मांग और बढ़ेगी। ऐसे समय में कीमतों में वृद्धि से आम लोगों, छोटे व्यापारियों और मिठाई कारोबारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इन्होंने कहा कि सरकार को तत्काल इस तरह स्थिति की समीक्षा कर ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे चीनी की उपलब्धता बढ़े और कीमतों पर नियंत्रण किया जा सके। राजद ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया तो आम जनता को और अधिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। पार्टी ने केंद्र सरकार से चीनी और इथेनल उत्पादन से जुड़ी नीतियों की पुनर्समीक्षा करने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और बाजार में कीमतें नियंत्रित रह सके।

## पालीगंज में अनुमंडल अभियोजन कार्यालय भवन निर्माण के लिए 3,000 वर्ग फीट भूमि कराई गई उपलब्ध

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में सभी जिलों एवं अनुमंडलों में अभियोजन कार्यालय के भवन निर्माण की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पटना जिला अंतर्गत पालीगंज अनुमंडल में अनुमंडल अभियोजन कार्यालय के भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी कुन्दन कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी, पालीगंज द्वारा रामपुर नगवां मौजा में थाना संख्या 352, खाता संख्या 438 तथा खेसरा संख्या 208 के अंतर्गत कुल 3,000 वर्ग फीट(6.88 डी) भूमि भवन निर्माण के लिए चिन्हित की गई है। उक्त भूमि को अनुमंडल अभियोजन कार्यालय, पालीगंज के भवन निर्माण हेतु अभियोजन निदेशालय, गृह विभाग, बिहार, पटना को निःशुल्क अंतरविभागीय हस्तांतरण किया गया है। जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी, पालीगंज को निर्देश दिया है कि उक्त भूमि का दाखिल-खारिज एवं सीमांकन की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कराते हुए अभियोजन निदेशालय, गृह विभाग, बिहार, पटना को विधिवत दखल-कब्जा दिलाना सुनिश्चित करें। अनुमंडल अभियोजन कार्यालय के लिए अपना भवन उपलब्ध होने से अभियोजन संबंधी कार्यो के संचालन में सुविधा होगी। साथ ही, न्यायिक एवं अभियोजन कार्यो से जुड़े पदाधिकारियों तथा आम लोगों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। भवन निर्माण से पालीगंज अनुमंडल में अभियोजन व्यवस्था को और अधिक सुढ़ एवं व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी।

## श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के विस्तार को लेकर 20 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** श्री गुरु गोविंद सिंह अस्पताल सुधार समिति का एक प्रतिनिधिमंडल श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल के अधीक्षक सुधा शंकर राय जी से मिलकर स्वास्थ्य मंत्री, बिहार सरकार एवं प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के नाम 20 सूत्री मांग-पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में अस्पताल सुधार समिति के महासचिव सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, उपाध्यक्ष मोहम्मद जावेद, निगम पार्षद शोभा देवी, देवरत्न प्रसाद, राम नारायण सिंह, शंभू शरण प्रसाद, अजीत सिंह कुशवाहा एवं एजाजुद्दीन उर्फ सानू शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अस्पताल में नए भवन के निर्माण एवं सुविधाओं के विस्तार से मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, जो सराहनीय एवं स्वागतयोग्य है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग एवं अधीक्षक महोदय को अंगवस्त्र एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने जनहित एवं मरीजों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त सभी मांगों पर अधीक्षक महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया। अधीक्षक सुधा शंकर राय जी ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए चयनित बिहार की दोनों महिला शिक्षकों को शिक्षा मंत्री ने दी बधाई

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए बिहार की दो महिला शिक्षकों के चयन पर माननीय शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए शुक्रवार को जारी सूची में गोपालगंज के कुचायकोट स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय की शिक्षिका पुष्पा प्रसाद और बांका के बिदायडीह स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका खुशबू कुमारी का चयन किया गया है।


पुष्पा प्रसाद, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कुचायकोट, गोपालगंज।


खुशबू कुमारी, उर्दू प्राथमिक विद्यालय बिदायडीह, बांका।

**बोले-समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है यह उपलब्धि**

श्री तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर बिहार की दोनों महिला शिक्षकों का चयन प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। यह उपलब्धि उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बिहार के शिक्षक अपने उत्कृष्ट कार्यो से राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

शिक्षा मंत्री ने दोनों शिक्षिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका सम्मान और उपलब्धि राज्य के अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने दोनों शिक्षिकाओं को भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में इसी प्रकार उत्कृष्ट योगदान देने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बिहार गंभीर आर्थिक संकट में : तेजस्वी

**पटना/ एनएसबी।** नेता प्रतिपक्ष, तेजस्वी यादव ने कहा है कि बिहार की राजकोषीय स्थिति अत्यधिक दयनीय और चिंतनीय है। बिहार भारी कर्ज में है। कुल सार्वजनिक ऋण में चार गुना से अधिक वृद्धि हुई है। बिहार को गंभीर आर्थिक संकट में धकेला जा चुका है।

बिहार की वित्तीय स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि सारा खजाना खाली है। वित्तीय दबाव इतना अधिक है कि सरकारी विभागों के कर्मचारियों, पेंशनधारकों को ससमय सामाजिक सुरक्षा पेंशन, ठेकेदारों के बकाये भुगतान और अन्य विकासात्मक कार्यो के लिए राशि उपलब्ध नहीं है। अब तो छात्रों के स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की राशि भी घटा दी गयी है। छात्रवृत्ति को समाप्त किया जा रहा है।


तेजस्वी यादव।

गुजरात से मनोनीत बिहार के नए अनाड़ी मुख्यमंत्री को व्यय प्रबंधन, ऋण प्रबंधन और राजकोषीय घाटे प्रबंधन की कोई समझ ही नहीं है। बिहार का राजकोषीय स्वास्थ्य बिगड़ चुका है। राजस्व घाटा बढ़ रहा है और कर्ज उससे भी कई गुना अधिक बढ़ रहा है। विगत वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के प्रमुख राज्यों में सबसे अधिक राजकोषीय घाटा बिहार ने दर्ज किया, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 58 प्रतिशत था।

बिहार में उच्च घाटे के साथ-साथ भारी ऋण का बोझ अत्यधिक चिंता का विषय है। खर्च के अनुपात में राज्य की अपनी कोई राजस्व प्राप्ति नहीं है। राजस्व सृजन व संग्रहण बढ़ाने तथा बजटीय प्रबंधन और राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के लिए एनडीए सरकार के पास कोई दीर्घकालिक ठोस योजना नहीं है। ये नकारा और निकम्मी डबल इंजन सरकार बिहार को ऐसे अंधकार में धकेल रही है जिसकी कल्पना मात्र से किसी भी बिहारवासी में सिरहन पैदा हो जाए। हर बीते दिन के साथ धनतंत्र और मशीन तंत्र से जबरन सरकार में आए भ्रष्ट लोगों ने बिहारियों के वर्तमान के साथ-साथ भविष्य को भी बर्बादी की आग में झोंक दिया है।

एंनडीए सरकार ने विगत दो वर्षो में रिकर्ड कर्ज लिया है फिर भी राजकीय कोष खाली है। आखघ्रि बिहार का सारा पैसा जा कहाँ रहा है यह तो बिहार का प्रत्येक नागरिक जानता है कि बिहार की एनडीए सरकार भ्रष्टाचार और संगठित लूट के रिकर्ड बना रही है। बिहार का गंभीर वित्तीय संकट हम न्यायप्रिय बिहारियों के लिए सामूहिक चिंता का प्रश्न है जिसका समाधान यह भ्रष्ट और अपराधी चरित्र की एनडीए सरकार नहीं कर सकती।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बैठक संपन्न

**बच्चों की स्वास्थ्य जांच को प्रभावी बनाने पर जोर**

**पटना / एनएसबी ।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों की स्वास्थ्य जांच को और व्यापक एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण-सह-अंतरविभागीय बैठक संपन्न हो गई। बैठक का आयोजन 19, 20 और 21 अगस्त 2026 को किया गया। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों तथा सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में बच्चों की होने वाली स्वास्थ्य जांच को बेहतर बनाना और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। बैठक में बच्चों की स्वास्थ्य जांच से संबंधित कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

सफलतापूर्वक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण-सह-अंतरविभागीय बैठक संपन्न होने पर माननीय स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित यह राज्य स्तरीय बैठक बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और समय पर उपचार सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। विभिन्न विभागों के बेहतर समन्वय से बच्चों की स्वास्थ्य जांच व्यवस्था और मजबूत होगी। हमारा प्रयास है कि आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने बैठक की सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को शुभकामनाएं दीं।

बैठक में राज्य एवं जिला स्तर के संबंधित पदाधिकारियों को आरबीएसके के तहत बच्चों की स्वास्थ्य जांच, उनकी पहचान, आवश्यक उपचार के लिए रेफरल तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

# त्रैमासिक पत्रिका 'कला संवाद' के तृतीय संस्करण का हुआ विमोचन

### ज्ञान भारतम् मिशन, संग्रहालयों के आधुनिकीकरण एवं फिल्म क्षेत्र से जुड़ी विभागीय गतिविधियों को भी किया गया शामिल

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार की त्रैमासिक पत्रिका 'कला संवाद' के तृतीय संस्करण का विमोचन मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार डा. प्रमोद कुमार द्वारा किया गया।

'कला संवाद' के तृतीय संस्करण में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं, कला रूपों तथा विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण पहलों और समकालीन रचनात्मक गतिविधियों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। पत्रिका बिहार की कला, संस्कृति और ज्ञान परंपरा से जुड़े विषयों को पाठकों तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है।

इस अंक में भिखारी ठाकुर की लोकनाट्य परंपरा, विद्यापति की लोक चेतना, टिकुली कला, मिथिला चित्रकला, लोक संगीत, नृत्य एवं शास्त्रीय कलाओं सहित बिहार की सांस्कृतिक विविधता को प्रस्तुत किया गया है।

पत्रिका में विभाग की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और पहलों को भी स्थान दिया गया है। ज्ञान भारतम् मिशन के माध्यम से पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण, संग्रहालयों के आधुनिकीकरण, विरासत संरक्षण तथा सांस्कृतिक संस्थानों की गतिविधियों को इस अंक में प्रमुखता से शामिल किया गया है।



मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने किया 'कला संवाद' के तृतीय संस्करण का विमोचन।

इसके साथ ही बिहार को फिल्म निर्माण का सशक्त केंद्र बनाने की दिशा में बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम द्वारा किए जा रहे कार्यो तथा फिल्म अध्ययन छात्रवृत्ति के माध्यम से युवाओं को प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्ययन के अवसर उपलब्ध कराने की पहल को भी पत्रिका में स्थान दिया गया है।

इस अवसर पर मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि 'कला संवाद' बिहार की सांस्कृतिक विरासत, विभागीय पहलों और समकालीन रचनात्मक गतिविधियों को समाज के सामने रखने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार की पहचान उसके गौरवशाली इतिहास के साथ-साथ उसकी जीवंत लोक परंपराओं, कला रूपों और रचनात्मक अभिव्यक्तियों से भी निर्मित होती है। इन सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण और उनका व्यापक प्रसार आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि विभाग कलाकारों, शिल्पकारों, रंगकर्मियों, शोधार्थियों और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रहा है। 'कला संवाद' के माध्यम से इन प्रयासों और बिहार की सांस्तिक उपलब्धियों को व्यापक समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

विमोचन कार्यक्रम के दौरान निदेशक, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय श्रीमती रूबी, निदेशक, संग्रहालय कृष्ण कुमार एवं संयुक्त सचिव महमूद आलम सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

'कला संवाद' का तृतीय संस्करण बिहार की कला, संस्ति, विरासत और विभागीय गतिविधियों को एक साथ प्रस्तुत करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो पाठकों को राज्य की सांस्कृतिक विविधता और समकालीन गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास करता है।

## विश्व फोटोग्राफी दिवस पर विद्यार्थियों से पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने किया संवाद

### मंत्री केदार गुप्ता ने कहा - युवा पीढ़ी अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता के माध्यम से बिहार की समृद्ध विरासत एवं पर्यटन को देश-दुनिया तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना स्थित बापू टावर सभागार में विश्व फोटोग्राफी दिवस-2026 के अवसर पर लाइफ लीगेसी अफ बापू विषय पर आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी कार्यक्रम में राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने शामिल होकर विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी पटना के वाइस चांसलर प्रो सह डा विवेकानंद पांडेय एवं बापू टावर के डायरेक्टर विनय कुमार के उपस्थिति रहे। उन्होंने पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता का भव्य स्वागत किया। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने इस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक फोटोग्राफी एवं उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि फोटोग्राफी केवल तस्वीर खींचने की कला नहीं, बल्कि हमारी संस्ति, विरासत और इतिहास को सहेजने का सशक्त माध्यम है। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि युवा पीढ़ी अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता के माध्यम से बिहार की समृद्ध विरासत एवं पर्यटन को देश-दुनिया तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफी करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।


'पटना स्तिथ बापू टावर के सभागार में विश्व फोटोग्राफी दिवस पर कार्यक्रम की फीता काटकर शुभारंभ करते पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता'

## स्टार्टअप के लिए पटना में तैयार हो रहा नया इकोसिस्टम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** युवाओं को स्टार्टअप एवं उद्यमिता के प्रति प्रेरित करने, उनकी नवाचार क्षमता को प्रोत्साहित करने तथा पटना में स्टार्टअप के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, पटना द्वारा 'यूथ कनेक्ट' कार्यक्रम के अंतर्गत "स्टार्टअप पटना" विषय पर उद्यमियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 100 से अधिक उद्यमियों एवं युवाओं ने भाग लिया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने स्टार्टअप के क्षेत्र में अपने अनुभवों को उद्यमियों के साथ साझा किया एवं इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के रास्ते बताये। उन्होंने कहा कि जो देश स्टार्टअप में आगे है वही संमृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहा है । उन्होंने बताया कि गाँवो में भी स्टार्टअप के क्षेत्र में बेहतरीन काम हो रहे हैं । सरकार ऐसे लोगों की मदद के लिए तत्पर है। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक स्टार्टअप संचालित कर रहे उद्यमियों ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा अपने स्टार्टअप का प्रदर्शन एवं प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि नई सोच, नवीन तकनीक और नवाचार के माध्यम से जटिल कार्यो को सरल बनाया जा सकता है, कम लागत में बेहतर सेवाएं विकसित की जा सकती हैं तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। ' कार्यशाला में 'साजिया कैसर ने रिवाइवल शू लौंउड्री प्राइवेट लिमिटेड' नाम के अपने स्टार्टअप को प्रस्तुत किया । यह बिहार में अपनी तरह की अभिनव शू लान्ड्री है, जहां आधुनिक तकनीक के माध्यम से जूतों की सफाई एवं रिपेयरिंग के साथ-साथ बैग की सफाई एवं नवीनीकरण का कार्य किया जाता है।



उद्यमियों के साथ कार्यशाला का आयोजन ।

## संक्षिप्त खबरें

### नशे मे हंगामा कर रहे चार नशेडी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पत्नी ने अपने पति, देवर एवं दो फरीक के खिलाफ दर्ज कराया एफआईआर**

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के मोहनपुर गांव मे नशे मे हंगामा कर रहे चार नशेड़ी को सिंहवाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले मे मोहनपुर वार्ड दो के निवासी नरेश दास की पत्नी मालती देवी ने सिंहवाड़ा थाना मे चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमे अपने पति नरेश दास,देवर उमेश दास एवं फरीक सुबोध दास महेश दास को नामजद किया है। दिये आवेदन मे मालती देवी ने बताया की बजे मेरा पति एवं उपरोक्त सभी शराब पिकर हल्ला हंगामा कर रहा था। इसकी सुचना डायल 112 पर किसी ग्रामीण के द्वारा दिया गया। सुचना मिलने पर कुछ देर में मौके पर पहुंची पुलिस ने हल्ला हंगामा कर रहे मेरे पति नरेश दास मेरे देवर उमेश दास एवं मेरा दो फरीक को पुलिस अपने साथ ले गये। थाना में ब्रेथएनालाइजर मशीन से चारों का स्वास परिक्षण कराया गया।जिसमे एल्कोहल का मात्रा की पुष्टी होते ही चारो को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### प्रखंड मुख्यालय पर नौ सूत्री मांग भाकपा का धरना प्रदर्शन

**सीओ से वार्ता के बाद समाप्त हुआ आन्दोलन**

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय पर नौ सूत्री मांग भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी सिंहवाड़ा अंचल कमिटी की ओर से शुक्रवार को आक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओ ने सीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। सुधीरकांत मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित धरना में वक्ताओं ने सीओ के खिलाफ वासहीन परिवारों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन के नोटिस दिए जाने की निंदा की। पैगंबरपुर नवटोलिया में पिछले 25 वर्षो से सड़क किनारा बसे वासहीन परिवार बसा हुआ हैं। उच्च न्यालय का डर दिखाकर सभी गरीब वासहीनों को प्रशासन उजारना चाहता है। जिला मंत्री दिलीप भगत ने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत वास आवास एवं बुनियादी सुविधा बहाल कर ही सड़क किनारे से लोगों को हटाया जाए। जिला सचिव अविनाश ठाकुर उर्फ मंटू ने कहा कि नगर पंचायत सिंहवाड़ा के वार्ड नौ में बुढनद नदी किनारे प्रोटेक्शन वॉल तथा कालका गेट से कबई सीमा तक सड़क निर्माण कार्य में घोर अनियमिता, निम्न स्तर का ईंट का प्रयोग, सीमेंट नाम मात्र देकर बिना बोर्ड लगाये करोड़ों की योजना को सरेआम लुटा जा रहा हैं जांच कर दोषी पर कारवाई किया जाए।किसान सभा के जिलाध्यक्ष महेश दूबे ने कहा कि सभी वंचित परिवारों को खाद्य की सूची में नाम दर्ज कर लाभ दिया जाय। सभा को अंचल मंत्री अनिल महाराज, गोपाल ठाकुर, शैलेंद्र पांडे, बच्चन मिश्र, सुनील चौपाल, शैलेंद्र साह, सुनील चौपाल, रामवृक्ष चौपाल आदि ने संबोधित किया। धरना से पूर्व पैगंबरपुर और भवानीपुर से प्रखंड मुख्यालय तक मार्च निकाला गया। सीओ अंकुर राय से सकारात्मक वार्ता के बाद धरना समाप्त हुआ।

### राज्य में निर्मित उत्पादों को सरकार देगी प्राथमिकता

**सीएम दिल्ली में करेंगे उद्योगपतियों के साथ बैठक**

**करोड़ों रुपये के निवेश का प्रस्ताव, राज्य में औद्योगिक विकास को मिलेगी गति**

**दरभंगा(एनएसबी)**।औद्योगिक विकास किसी भी राज्य को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में उद्योगों को सशक्त करने के लिए उद्यमियों, युवाओं तथा स्थानीय उत्पादकों के हित में महत्वपूर्ण और दूरगामी निर्णय लिए हैं। प्रदेश में निर्मित उत्पादों की खरीद को सरकार अब अपनी खरीद में प्राथमिकता देगी।मुख्यमंत्री का मानना है कि बिहार में निर्मित कुल उत्पादों का कम से कम 30 प्रतिशत खपत बिहार में ही हो। साथ ही, यहां स्थानीय उद्योग स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों को आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने में भी सहयोग करेगी। बिहार सरकार राज्य आधारित वस्तुओं, स्थानीय उत्पादों और उद्यमियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसा कर रही है। सरकार की यह पहलह्यमेक इन बिहारह्णह्यइन्वेस्ट इन बिहारऔर बिहार फर्स्टह्ण की भावना को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार को नई दिल्ली रवाना हुए हैं। यहां उद्योगपतियों के साथ एक विशेष वार्ता करेंगे, जिससे राज्य में करोड़ों रुपये के औद्योगिक निवेश के मार्ग प्रशस्त होने की संभावना है।

### नीट पी जी 2026 परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू

**दरभंगा(एनएसबी)**।राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड नईदिल्ली के निदेर्शानुसार नीट पी जी 2026 परीक्षा का आयोजन 30 अगस्त 2026 को कंप्यूटर आधारित परीक्षा के माध्यम से दरभंगा के एक परीक्षा केंद्र पर किया जाएगा। उक्त परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संबंधी तैयारियाँ की गई हैं।जिला दण्डाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार के आदेशानुसार के अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सदर, दरभंगा कुमार गौरव, वि.प्र.से द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत परीक्षा केंद्र के आसपास 100 मीटर की परिधि में दिनांक 30 अगस्त 2026 को प्रातः 6बजे से परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने तक निषेधाज्ञा लागू की है। दरभंगा शहरी क्षेत्र स्थित आयन डिजिटल जोन इडज 1, खाजासराय में नीट पी जी 2026 परीक्षा एक पाली में प्रातः 09 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक आयोजित होगी।

### कुशेश्वरस्थान धाम में सांसद शांभवी चौधरी ने की पुजा

**कुशेश्वरस्थान(एनएसबी)।** समस्तीपुर की लोक सभा सांसद शांभवी चौधरी प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कुशेश्वरस्थान धाम पहुंची। जहां उन्होंने अपनी मां नीता केशकर चौधरी और विहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के सदस्य सायन कुणाल के साथ बाबा कुशेश्वरनाथ का जलाभिषेक कर पुजा - अर्चणा की। मन्दिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुजा संपन्न कराई। पुजा के बाद सांसद ने बाबा भोलेनाथ से समस्तीपुर लोक सभा क्षेत्र सहित पूरे मिथिला क्षेत्र की सुख - समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। न्यास समिति के सदस्य मणिकांत झा सहित सभी सदस्यों के द्वारा उनका मिथिला की संस्कृति के अनुसार अभिनंदन किया गया। दर्शन के बाद सांसद ने कहा कि कुशेश्वरस्थान सिर्फ आस्था का केंद्र नही, बल्कि मिथिला की सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने कहा कि यहां के विकास और रेल, सड़क संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए वह निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर संतोष पौद्दार, सत्यानंद प्रसाद, शंकर चौपाल, गणेश पाठक, अजय राय रौशन राय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



### राष्ट्रीय वरीय नागरिक संघ ने मनाई तुलसीदास की जयंती

**दरभंगा।** राष्ट्रीय वरीय नागरिक संघ, दरभंगा शाखा के तत्वावधान में गुललोबारा मुहल्ला स्थित साहित्यकार शेखर कुमार श्रीवास्तव के आवास पर संत तुलसीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ हीरालाल सहनी ने की,मंच संचालन साहित्यकार शेखर कुमार श्रीवास्तव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सचिव कवि नंदकिशोर साहू ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिलेश कुमार चौधरी तथा उपाध्यक्ष प्रो मघुरंजन प्रसाद के साथ-साथ वरिष्ठ पत्रकार पुनीत कुमार सिन्हा, वरीय सदस्य विश्वनाथ ठाकुर, रमन कुमार झा, अशोक कुमार भगत, दीनानाथ लाल, बद्री प्रसाद शर्मा, प्रो विनोद विनीत,विनोद कुमार, हसौड़ा, जीवछ प्रसाद सहनी,डौली कुमारी, रामविलास मंडल आदि उपस्थित थे।इस मौके पर कई वक्ताओं ने जहां तुलसीदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये, वहीं कइ कवियों ने तुलसीदास के जीवन से संबंधित अपनी-अपनी कविताएं सुनाई। मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार चौधरी ने कहा कि तुलसीदास द्वारा लिखित रामचरितमानस एक बार सबों को पढ़ना चाहिए और उनसे सीख लेनी चाहिए। प्रो मनोरंजन प्रसाद ने कहा कि वर्तमान में लोग रिश्तों को भूलते जा रहे हैं, इसलिए आप अपने माता-पिता और बड़ों के साथ ऐसा सुंदर व्यवहार कीजिए कि ताकि आपके बच्चे भी उसका अनुकरण कर सकें।



# सितंबर में दरभंगा आयेंगे नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू: सांसद

**उड़ान कैफे का करेंगे उदघाटन,नए टर्मिनल भवन के निर्माण कार्यों की करेंगे समीक्षा- ,विमान कंपनियों से शिड्यूल मिलते ही नाइट लैंडिंग सेवा शुरू कर दी जाएगी।**

**दरभंगा(एनएसबी)।** दरभंगा एयरपोर्ट को देश स्तर पर नंबर -1 बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। यहां के उड़ान यात्रियों की सुविधा के लिए नाइट लैंडिंग सुविधा की सभी औपचारिकताओं तथा तैयारियों को पूरा कर लिया गया है तथा विमान कंपनियों से शिड्यूल मिलते ही नाइट लैंडिंग सेवा शुरू कर दी जाएगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा नवंबर में संभावित 942 करोड़ रुपए की लागत से निमार्णाधीन नए टर्मिनल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के आलोक में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू सितंबर माह में दरभंगा आयेंगे तथा नए टर्मिनल भवन के प्रगति कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही पहले से बनकर तैयार भवनो के साथ साथ दरभंगा एयरपोर्ट पर उड़ान कैफे आउटलेट का उद्घाटन भी करेंगे। 21 अगस्त शुक्रवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू की अध्यक्षता में कर्नाटक के मैसूर में आयोजित भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में भाग लेने के बाद परामर्शदात्री समिति के सदस्य सह स्थानीय सांसद एवं दरभंगा एयरपोर्ट सलाहकार समिति के चेयरमैन डॉ गोपाल जी ठाकुर ने उपरोक्त बातों की जानकारी दी है।सांसद डा ठाकुर ने बैठक के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया है कि बैठक में उन्होंने दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की दिशा में अभी से आवश्यक तैयारी शुरू करने की मांग प्रमुखता से रखी है तथा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, टर्मिनल विस्तार, रनवे एवं एप्रोच सुविधाओं, कस्टम्स-इमिग्रेशन सहित आवश्यक प्रक्रियाओं को चरणबद्ध रूप से शीघ्रता से पूरा करने का आग्रह किया है।



मंत्री राममोहन नायडू के साथ सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर

**सांसद डा ठाकुर के अनुसार परामर्शदात्री समिति की बैठक में**

मैथिली भाषा में बोर्ड एवं साइनेज, यात्री सुविधाओं का विस्तार, नई हवाई सेवाएं एवं रूट, नाइट ऑपरेशन, बेहतर लैंडिंग सुविधाएं, एयर कार्गो एवं लॉजिस्टिक्स हब तथा मिथिला के पर्यटन, व्यापार, उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने से जुड़े महत्वपूर्ण विषयो पर भी बैठक में प्रमुखता से चर्चा की गई है तथा मंत्री के. राम मोहन नायडू के द्वारा बैठक में उन्हें आश्वस्त किया गया है कि अगले माह सितंबर में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री अपने सहयोगियों तथा अधिकारयों के साथ दरभंगा आएंगे तथा एयरपोर्ट से जुड़े सभी विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करेंगे। परामर्शदात्री समिति की बैठक में उन्होंने हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार पर हवाई का नाम मिथिलाक्षर में अंकित करने, कवि कोकिल बाबा विद्यापति के नाम पर हवाई के नामकरण की शीघ्र घोषणा किए जाने केंद्रीय औद्योगिक बल के लिए 07 एकड़ जमीन की अधिग्रण की प्रक्रिया को पूरा करने, एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहित 90 एकड़ कि जमीन के रैयतों तथा किसानों को मुआवजे राशि का शीघ्र भुगतान करने एनएच -27 से एयरपोर्ट टर्मिनल भवन तक 4 सौ करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले ट्रम्पटेड फ्लाईओभर की औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करने जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की है जिसका साकारात्मक परिणाम शीघ्र साकार होगा।

## जीवन हॉस्पिटल मे 4 साल के बच्चे के पेट से निकाला गया सिक्का

**डॉक्टरों की टीम ने बचाई जान, ऑपरेशन के बाद सिद्धांत अब पूरी तरह स्वस्थ**

**बेनीपुर (एनएसबी)।** जीवन हॉस्पिटल ने एक बार फिर अपनी कुशलता का परिचय दिया है। यहां डॉक्टरों ने 4 वर्षीय बच्चे के पेट से सिक्का सफलतापूर्वक निकालकर परिजनों को बड़ी राहत दी है। जानकारी के अनुसार घोंघिया निवासी सिद्धांत सहनी उम्र 4 वर्ष गलती से सिक्का निगल गया था। परिजन तुरंत उसे लेकर बेनीपुर स्थित जीवन हॉस्पिटल पहुंचे। बच्चे को सांस लेने में दिक्कत और पेट दर्द की शिकायत थी। हॉस्पिटल के बाल रोग एवं सर्जरी विभाग की टीम ने तुरंत एक्स-रे और जांच की। रिपोर्ट में पेट में सिक्का फंसा होने की पुष्टि हुई। इसके बाद बिना देर किए डॉक्टरों ने एंडोस्कोपी के जरिए ऑपरेशन कर सिक्के को बाहर निकाला। ऑपरेशन के बाद सिद्धांत अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसे निगरानी में रखा गया है। जीवन अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर राकेश कुमार झा (आर के झा) ने बताया कि समय पर इलाज मिलने के कारण बड़ी परेशानी टल गई।

परिजनों ने जीवन हॉस्पिटल और डॉक्टरों की टीम का आभार जताया।



बच्चे का ईलाज करते डॉक्टरों की टीम

उन्होंने कहा कि "अगर समय पर इलाज नहीं मिलता तो पता नहीं क्या हो जाता।"डॉक्टरों की सलाहः छोटे बच्चों को सिक्का, बैटरी, पिन जैसी चीजें पहुंच से दूर रखें। अगर बच्चा कोई ऐसी चीज निगल ले तो तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाएं। घरेलू उपाय न करें।

# बिहार में सरकार का इकबाल खत्म हो गया है: तेजस्वी यादव

**कहा दरभंगा में राहुल साह एवं मो फैज की हत्या इसका एक उदाहरण**

**दरभंगा(एनएसबी)।** दरभंगा में दिनदहाड़े हुई दो बड़ी आपराधिक वारदातों में लहेरियासराय थाना क्षेत्र के बाकरगंज दारू भट्ठी निवासी स्वर्ण व्यवसायी राहुल साह एवं पुरानी मुंसिफी निवासी मोहम्मद फैज की निर्मम हत्या को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव गुरुवार को दरभंगा पहुंचे। उन्होंने दोनों मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।महानगर युवा राजद अध्यक्ष राकेश नायक की पहल पर पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान दरभंगा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष रजनीश कुमार उर्फ बब्लू एवं सचिव सुनील गराई ने नेता प्रतिपक्ष श्री यादव को व्यवसायियों एवं आम नागरिकों के साथ लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं और हत्याओं से अवगत कराया। वहीं, मोहम्मद फैज के पिता मो असद अहमद ने भी तेजस्वी यादव को घटना से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। पीड़ित परिवारों से मुलाकात के बाद मीडिया से मुखातिब नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बिहार में अपराध की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। दिनदहाड़े हत्या जैसी वारदातों से आम लोगों और व्यवसायियों में भय का माहौल है। यही वजह हैं कि ह्यबिहार में सरकार का इकबाल खत्म हो गया है।ह्ण अपराधियों के मन में कानून का भय और आम नागरिकों के मन में सुरक्षा का विश्वास कायम करना सरकार की जिम्मेदारी है। तेजस्वी यादव ने दोनों पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाया कि दुख की इस घड़ी में राष्ट्रीय जनता दल उनके साथ मजबूती से खड़ा है और न्याय की लड़ाई में हरसंभव सहयोग किया जाएगा।इस दौरान राजद सांसद संजय यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी, पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी, ललित यादव, पूर्व विधायक भोला यादव, डॉ. फराज फातमी, शाहीन, महानगर युवा राजद जिलाध्यक्ष राकेश नायक, अमानुल्लाह खान अल्लन, मुमताज आलम, महताब सिद्दीकी, जावेद अनवर, दीदार हुसैन चांद सहित बड़ी संख्या में राजद नेता, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।।



पीड़ित परिवार के परिजनों से मिलते तेजस्वी यादव

# अनुमंडलीय डिग्री कॉलेज, बेनीपुर में प्रधानाचार्य ने संभाला पदभार

**बेनीपुर(एनएसबी)।** अनुमंडलीय डिग्री महाविद्यालय, बेनीपुर, दरभंगा में शुक्रवार को एक भावपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण के बीच नेतृत्व परिवर्तन का अवसर देखने को मिला। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति के आदेशानुसार विश्वविद्यालय रसायन विज्ञान विभाग के प्रो संजय कुमार चौधरी ने महाविद्यालय के नए प्रभारी प्रधानाचार्य के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से निवर्तमान प्राचार्य प्रो संजीव कुमार मिश्र को अत्यंत आत्मीय एवं भावभीनी विदाई दी गई।विदाई समारोह के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने प्रो संजीव कुमार मिश्र के कार्यकाल को स्मरण करते हुए उनके योगदान के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। महाविद्यालय परिवार की ओर से मिले स्नेह और सम्मान से प्रो मिश्र अत्यंत भावुक एवं प्रसन्न दिखाई दिए। अपने विदाई संबोधन के दौरान उन्होंने कॉलेज से जुड़े अपने अनुभवों और स्मृतियों को साझा किया। महाविद्यालय परिवार के प्रति आत्मीयता व्यक्त करते हुए उनकी आंखें नम हो गईं, जिससे समारोह का वातावरण भावुक हो उठा। विदाई संबोधन के उपरांत प्रो संजीव कुमार मिश्र ने नवपदस्थापित प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो संजय कुमार चौधरी का स्वागत करते हुए उनसे महाविद्यालय परिवार को संबोधित करने का आग्रह किया।



प्रो संजय कुमार चौधरी एवं प्रो संजीव कुमार मिश्र

इस अवसर पर प्रो संजय कुमार चौधरी ने महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ करने का प्रयास करेंगे। नवपदस्थापित प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो संजय कुमार चौधरी का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मोनू कुमार आत्महत्या मामले में सीआईडी के डीआईजी पहुंचे दरभंगा

**पीड़ित परिवार से जाकर किया मुलाकात पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक**

**दरभंगा(एनएसबी)।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के खराजपुर गांव में मोनू कुमार आत्महत्या मामले को लेकर जांच की रफ्तार बढ़ती जा रही है। पुलिस मुख्यालयने गंभीरता से लिया है। शुक्रवार को सीआईडी के डीआईजी जयंत कांत दरभंगा पहुंचे थे। कुछ देर बैठक करने के बाद सीआईडी जयंतकांत के डीआईजी,मिथिला क्षेत्र के डीआईजी मनोज तिवारी,एसएसपी जगुनाथ रडी जलारडी सहित कई पुलिस पदाधिकारी खराजपुर गांव जाकर मोनू कुमार के परिजन से जानकारी ली। वहीं कुछ स्थानीय लोगों से भी उन्होंने जानकारी प्राप्त किया। लगभग 1 घंटे तक रहने के बाद खराजपुर गांव से वापस सर्किट हाउस आ गए। उन्होंने कई बिंदुओं पर जानकारी लेने के बाद और जानकारी इकट्ठा करने का निर्देश दिया है। मामले को लेकर बिहार सरकार के मध निषेध विभाग मंत्री सह बहादुरपुर के विधायक मदन सहनी ने पुलिस विभाग पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। बता दें कि बहादुरपुर थाना क्षेत्र के खराजपुर गांव के रहने वाले जागेश्वर सहनी के पुत्र मोनू कुमार के पास से चोरी के मोबाइल लोकेशन के आधार पर टेक्निकल सेल की टीम के सदस्य सहायक दरोगा इंद्रदेव कुमार और सिपाही मोनू के घर पहुंच कर मोबाइल बरामद किया था। वही जो मोबाइल बरामद करना था वह नहीं हो सका था। टेक्निकल सेल (ऑपरेशन मुस्कान) मोनू 48 घंटे का समय देकर चले गए। परिजनों के अनुसार मोनू डर से घर के अंदर जाकर लटक कर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी भाई रवि कुमार ने फोन कर टेक्निकल सेल के सहायक दरोगा इंद्रदेव कुमार को कॉल कर बताया कि मोबाइल मिल गया है आकर ले जाएं। तीन बिना नंबर के बाइक से सभी पहुंचे। पहुंचने के बाद घटना की जानकारी दी गई कि मोनू आत्महत्या कर लिया है उसके बाद परिजन और गांव के लोग आक्रोशित हो गए। आक्रोशित लोगों ने पुलिस वाले से मारपीट करने लगे जहां सहायक दरोगा इंद्रदेव कुमार घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए पुलिस ने डीएमसीएच में भर्ती कराया। परिजनों के अनुसार तीनों सादे लिबास में आए पुलिस पिस्टल से फायरिंग करते हुए पैदल ही भाग गए।

# आर्थिक एवं सामाजिक विकास में उद्यमियों की प्रभावी भूमिका : प्रो एच. के. सिंह

**विवि वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा 'विश्व उद्यमी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित**

**दरभंगा(एनएसबी)।** इतिहास इस बात की गवाही देता है कि उद्यमियों की सृजनात्मकता एवं नवाचार ने दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक-सामाजिक विकास के नए प्रतिमान गढ़े हैं।आत्मनिर्भर भारत" के लक्ष्य की प्राप्ति तथा वर्ष-2047 तक "विकसित भारत" के निर्माण हेतु उद्यमिता को बढ़ावा देने की जरूरत है और यह तभी संभव है, जब उद्यमी उपक्रम स्थापित करें, सफल संचालन करें एवं रोजगार प्रदाता बनें। हम संकल्प लें कि 'विश्व उद्यमी दिवस' के पावन अवसर पर एक उद्यम स्थापन की सोच रखेंगे, तभी सही अर्थ में इस अवसर को मनाया जाना सार्थक होगा। ये बातें बतौर मुख्य अतिथि वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो एच के सिंह ने कही। मालूम हो कि विश्व उद्यमी दिवस के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग में "आत्मनिर्भर भारत को गतिशीलता- उद्यमियों की भूमिका" विषयक बौद्धिक विमर्श का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। विभागीय शिक्षिका डॉ निर्मला कुशवाह द्वारा स्वागत संभाषण हुआ। वाणिज्य के सह प्राध्यापक एवं प्रबंध कार्यक्रम के उप-निदेशक डॉ दिवाकर झा ने इस बौद्धिक विमर्श की विषय-वस्तु को प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता दरभंगा पब्लिक स्कूल के निदेशक शैक्षिक उद्यमी डॉ विशाल गौरव ने बिहार-खासकर मिथिलांचल के संदर्भ में उद्यमियों के राह की बाधाओं एवं उनके निवारण के उपायों की विस्तृत विवेचना की। उन्होंने उद्यमियों को सामाजिक स्वीकार्यता की वकालत की एवं उद्यमिता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता जताई। अध्यक्षीय संबोधन में वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग के अध्यक्ष एवं निदेशक डॉ राजकुमार साह ने एक सफल उद्यमी के गुणों का उल्लेख करते हुए खासकर युवाओं से अपील की कि वे आगे आएं, तत्पर होकर कर्मनिष्ठा के साथ दूरदर्शी सोच लेकर उद्यमिता की राह चलें और समुदाय -राष्ट्र-विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित करें। संचालन विभाग के शोध अध्येता रजनीश कुमार चौधरी द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में प्रो एच. के. सिंह एवं अन्य

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का समस्तीपुर में भाजपा कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का शुक्रवार को खगड़िया जाने के क्रम में समस्तीपुर पहुंचने पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। मगरदही घाट के निकट आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को पाग, शाल एवं फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचते ही मौके पर मौजूद भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने पार्टी के समर्थन में नारे लगाते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान संजय सरावगी ने कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया और संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. तरुण कुमार चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, भाजपा नेता राकेश राज, उप प्रमुख राजेश सिंह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष अभय प्रकाश, नगर अध्यक्ष सुजय कुमार पासवान, मनोज जायसवाल एवं धर्मेंद्र पोद्दार सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकताओं ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में बिहार में संगठन को और मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता पूरी तरह सक्रिय हैं।



### वाहन फिटनेस सेंटर पर अवैध वसूली का आरोप, मोटर व्यवसायी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर पर वाहन मालिकों से फिटनेस के नाम पर निर्धारित सरकारी शुल्क से अतिरिक्त राशि वसूलने का आरोप लगाते हुए जिला मोटर व्यवसायी संघ ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को संघ के दर्जनों सदस्य समाहरणालय पहुंचे और जिला पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।



संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि फिटनेस सेंटर में वाहन फिटनेस कराने पहुंचे वाहन मालिकों से सरकारी शुल्क के अतिरिक्त कई गुना राशि की मांग की जाती है। उनका आरोप है कि अतिरिक्त राशि देने से इनकार करने वाले वाहन मालिकों के वाहनों को फिटनेस में फेल कर दिया जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि संघ की ओर से इस मामले को लेकर पूर्व में भी पत्रांक 30, दिनांक 8 अगस्त 2026 के माध्यम से जिला पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने का आरोप लगाते हुए संघ ने प्रशासन से तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है।संघ अध्यक्ष ने कहा कि फिटनेस सेंटर की व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा वाहन मालिकों से केवल निर्धारित सरकारी शुल्क ही लिया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कथित अवैध वसूली पर जल्द रोक नहीं लगी तो जिला मोटर व्यवसायी संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा।

### चुनावी ड्यूटी में लगे वाहनों के मुआवजे का भी मुद्दा

संघ के महासचिव संजीव कुमार सुमन ने वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में चुनावी कार्य में लगाए गए वाहनों के लंबित मुआवजे का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि चुनाव में वाहन उपलब्ध कराने वाले कई वाहन मालिकों को अब तक उनकी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है।उन्होंने कहा कि लंबे समय से भुगतान लंबित रहने के कारण वाहन मालिक आर्थिक परेशानियों से गुजर रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में भुगतान का आश्वासन दिए जाने के बावजूद बकाया राशि नहीं मिलने को उन्होंने चिंता का विषय बताया।संघ ने प्रशासन से दोनों मामलों में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। मौके पर उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, राजबाला राय, कुंदन चौधरी, उमेश राय, संतोष साह, मुन्ना सिंह, अमितेश कुमार, सुनील राय, विश्वजीत कुमार, रामकृष्ण, विपिन कुमार, मोहम्मद शकूर, मिथिलेश राय, लालू राय, बलराम महतो, रिंकू सिंह, विकास कुमार, सत्यम शिवम और राजेश राय सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### जर्जर पुल पर सब्जी बाजार, बड़े हादसे की संभावना

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के बाजिदपुर पुल चौक के निकट वाया नदी पर बना जर्जर लोहा के पुल पर लगती है सब्जी की दुकान। जो कभी भी बड़ी हादसा का कारण बन सकती है। बताया गया है कि सालों पूर्व नरहन की रानी ने उक्त लोहे पुल को वाया नदी पर बनवाई थी जो आज के समय में जर्जर बन चुकी है। जिसको लेकर सरकार ने उसी से कुछ दूरी पर नया पुल बना दिया है ताकि लोगो को आवागमन में परेशानी नहीं हो सके और उक्त पुल पर वाहनो के आवागमन पर रोक लगा दिया गया था लेकिन स्थिति यह है की उक्त जर्जर पुल पर मजे से सब्जी की दुकान लगी रहती है। और सब्जी लेने ग्राहको का आना जाना तो होता ही है खास बात है की उक्त पुल से दोपहिया वाहनो सहित ठेला, ई रिक्शा आदि का आवागमन होता है। जिसके कारण लोगो को पुल की जर्जर स्थिति से कभी भी गिरने का डर बना रहता है। बावजूद प्रशासन मौन बना है।



### ताजपुर में बीस सूत्री समिति की पहली बैठक, पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

**ताजपुर (एनएसबी)।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की नए सत्र की पहली बैठक बीस सूत्री अध्यक्ष डॉ. कुमार समर्पण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसका संचालन उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने किया। बैठक में सदस्यों ने राशन कार्ड, स्वास्थ्य, बाल विकास, आवास योजना, स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों को उठाया। इस क्रम में विवेक साहू ने इस सत्र के अद्यतन प्रतिवेदन की मांग की। लेकिन एक-दो पदाधिकारियों



को छोड़कर सभी के अनुपस्थित रहने के कारण प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं हो सकी। पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर सभी सदस्यों सहित अध्यक्ष ने असंतोष व्यक्त किया। अध्यक्ष ने बीडीओ सह सचिव को निर्देश दिया कि अगली बैठक में सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

बैठक में जनहित की समस्याओं के भौतिक सत्यापन के लिए माह में दो बार चार चक्का वाहन आवंटित करने की मांग भी की गई। इस अवसर पर सदस्य सुशील चौबे, विश्वनाथ सिंह राकेश, जयकांत चौधरी, धर्मशिला देवी, कौशल्या देवी, संतोष दास, अमरजीत कुमार, बीडीओ रवि भूषण, सीओ आरती कुमारी, कृषि पदाधिकारी, बीसीओ, स्वच्छता अधिकारी, मनरेगा प्रभारी एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी उपस्थित थे।1.

# उत्पादकता और हरित विकास पर आरपीसीएयू में सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव अयोजित

**विशेषज्ञों ने कहा- उत्पादकता के साथ पारिस्थितिकी का संतुलन जरूरी**



संबोधित करते कुलपति

**पूसा (एनएसबी)।।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा और इंडियन पोटाश लिमिटेड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विद्यापति सभागार में प्रोडक्टिविटी एंड ग्रीन ग्रोथ पर सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों, छात्रों, नीति निमार्ताओं और उद्योग प्रतिनिधियों ने पर्यावरण संरक्षण के साथ उत्पादकता बढ़ाने पर गंभीर मंथन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ब्रह्म स्वरूप द्विवेदी, सचिव, राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली और सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ. राजीव रंजन, क्अर (सेवानिवृत्त), पूर्व मुख्य सचिव, तमिलनाडु सरकार एवं वरिष्ठ सलाहकार, आईपीएल फाउंडेशन और आईपीएल सेंटर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. पी.एस. पाण्डेय ने की। कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन, राष्ट्रगान और कुलगीत के साथ हुई। निदेशक छात्र कल्याण डॉ. रमन कुमार त्रिवेदी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि डीन पीजीसीए डॉ. मयंक राय ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. सत्य प्रकाश, सह-प्राध्यापक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने कहा कि सस्टेनेबिलिटी अब विकल्प नहीं बल्कि कृषि के भविष्य के लिए अनिवार्यता है।

उन्होंने कहा कि यह समय की मांग है कि हम सबको कम संसाधन से अधिक उत्पादन करना होगा।यह एक चुनौती है कि प्राकृतिक संसाधनों को खराब किए बिना उत्पादकता कैसे बढ़ाई जाए। प्राकृतिक खेती, उर्वरकों का संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और हरित तकनीकों को एक साथ चलना होगा। उन्होंने कहा कि पूसा विश्वविद्यालय ऐसे मॉडल विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां लैब, लैंड और लाइवलीहुड जुड़े हों और किसान हरित विकास में उद्यमी बनें। उन्होंने कहा कि यह कॉन्क्लेव एक ऐसा रोडमैप बनाने का प्रयास है जहां उत्पादकता और स्थिरता एक-दूसरे के पूरक बनें। IPL सेंटर के संदर्भ में बोलते हुए डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि आरपीसीएयू और क्ढछ फाउंडेशन के बीच यह सहयोग उद्योग और शिक्षा जगत के बीच की दूरी को पाटने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि आरपीसीएयू में क्ढछ सेंटर को टिकाऊ कृषि इनपुट और ज्ञान साझा करने के लिए नवाचार के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। हम ऐसी प्रथाओं को बढ़ावा देना चाहते हैं जो रासायनिक भार को कम करें, मिट्टी में जैविक कार्बन को बढ़ाएं और पोटाश व अन्य पोषक तत्वों के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करें। हरित विकास उत्पादकता विरोधी नहीं है, यह स्मार्ट उत्पादकता है। इस सेंटर के माध्यम से हम शोध, क्षमता निर्माण और किसानों तक पहुंच को मजबूत करेंगे। मुख्य व्याख्यान देते हुए मुख्य अतिथि डॉ. ब्रह्म स्वरूप द्विवेदी ने विज्ञान आधारित टिकाऊ सघनीकरण की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होने कहा कि भारतीय कृषि एक चौराहे पर खड़ी है। जलवायु परिवर्तन, मृदा क्षरण और जल संकट वास्तविक खतरे हैं। इसका समाधान टिकाऊ कृषि उत्पादन प्रणाली में है— प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों, सटीक कृषि, जैव उर्वरकों और संसाधन संरक्षण तकनीकों को एकीकृत करके। हमें स्थान-विशिष्ट मॉडल चाहिए। पूसा विश्वविद्यालय प्राकृतिक खेती, डिजिटल कृषि और मृदा स्वास्थ्य अनुसंधान में जो कर रहा है, वह सराहनीय है। इसे सबको एक राष्ट्रीय मॉडल के रूप में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं तो उत्पादकता और पारिस्थितिक सुरक्षा को साथ-साथ चलना होगा। दोपहर में आयोजित तकनीकी सत्र में डॉ. शंकर झा, सह-प्राध्यापक एवं समन्वयक, स्कूल ऑफ नेचुरल फार्मिंग ने ह्यप्राकृतिक खेती-स्थिरता की ओर एक मार्गह्ण विषय पर और डॉ. मुकेश कुमार, प्रोफेसर, एग्रोनॉमी ने ह्यटिकाऊ कृषि उत्पादन प्रणालीह्ण पर व्याख्यान दिया। इसके बाद छात्रों के लिए प्लेनरी सत्र और क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।कॉन्क्लेव के लिए रिपोर्टर के रूप में डॉ. एस.पी. लाल, डॉ. शिल्पू, डॉ. अंकिता और डॉ. प्रियंका उपाध्याय नामित थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी डीन, निदेशक, वैज्ञानिक, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## आत्मा शासी परिषद की बैठक संपन्न



बैठक में डीएम व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** आत्मा के माध्यम से संचालित प्रशिक्षण एवं किसान हितकारी गतिविधियों का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जाए। किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों, आधुनिक कृषि यंत्रों, वैज्ञानिक खेती, जैविक एवं प्राकृतिक कृषि, बागवानी तथा कृषि से जुड़े अन्य लाभकारी क्षेत्रों के संबंध में नियमित रूप से जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जाए। शुक्रवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने समाहरणालय सभाकक्ष में आत्मा शासी परिषद के बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित पदाधिकारियों से उक्त बातें कही। इस क्रम में उन्होंने किसानों तक कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों की तकनीकी जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। बताते चलें कि, आत्मा शासी परिषद की इस बैठक में जिले में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के विकास, किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कृषि क्षेत्र में तकनीकी हस्तक्षेप, किसानों को प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण, नवीन कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार, फसल विविधीकरण तथा कृषि से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। साथ ही किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादकता बढ़ाने तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि, कृषि योजनाओं का वास्तविक लाभ खेत तक और किसान तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने तथा किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, आत्मा के परियोजना निदेशक सहित कृषि एवं संबद्ध विभागों के संबंधित पदाधिकारी एवं शासी परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

## आरपीसीएयू और आईपीएल फाउंडेशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर, 50 छात्रों के लिए अमृत इंटर्नशिप शुरू



समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर के दौरान कुलपति व अन्य।

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (आरपीसीएयू), पूसा और इंडियन पोटाश लिमिटेड की सीएसआर शाखा आईपीएल फाउंडेशन, नई दिल्ली के बीच बुधवार को टिकाऊ कृषि, क्षमता विकास, जलवायु परिवर्तन और अन्य क्षेत्रों में कार्य करने तथा छात्रों के लिए अमृत इंटर्नशिप शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

कार्यक्रम में डॉ. राजीव रंजन, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व मुख्य सचिव, तमिलनाडु और वरिष्ठ सलाहकार, आईपीएल फाउंडेशन मौजूद थे और इसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने की। समझौते के तहत, आईपीएल विश्वविद्यालय को टिकाऊ कृषि-इनपुट, जलवायु परिवर्तन, क्षमता विकास, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, प्राकृतिक खेती और पोटाश के कुशल उपयोग पर सहयोग देगा। इसके अलावा इस समझौते के तहत संयुक्त अनुसंधान, स्थान-विशिष्ट तकनीकों का विकास, किसानों का प्रशिक्षण और छात्रों का क्षमता निर्माण करेगा। एमओयू की मुख्य विशेषता अमृत इंटर्नशिप कार्यक्रम है। इसके तहत, रावे (ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव) कार्यक्रम के दौरान आरपीसीएयू के 50 छात्रों को अमृत इंटर्न के रूप में लिया जाएगा। प्रत्येक इंटर्न को 6,000 रुपये प्रतिमाह का स्टाइपेंड मिलेगा और आईपीएल के विशेषज्ञों द्वारा सीधे उनकी मेंटरिंग, निगरानी और मूल्यांकन किया जाएगा।इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने कहा कि यह साझेदारी विश्वविद्यालय के लिए एक नए अध्याय की शुरूआत है।उन्होंने कहा, ह्लयह एमओयू आरपीसीएयू के लिए एक मील का पत्थर है। यह साझेदारी सिर्फ बुनियादी ढांचे के बारे में नहीं है, यह हमारे छात्रों और किसानों में निवेश के बारे में है। हम संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य और प्राकृतिक खेती, क्षमता विकास, टिकाऊ कृषि और अन्य क्षेत्रों में सहयोग करेंगे। हमारा ध्यान संसाधनों को नुकसान पहुंचाए बिना कम से अधिक उत्पादन करने पर है। अमृत इंटर्नशिप के माध्यम से, हमारे 50 रावे छात्रों को वित्तीय सहायता और उद्योग मेंटरशिप के साथ फील्ड एक्सपोजर मिलेगा। वे गांवों में मृदा स्वास्थ्य और संतुलित उर्वरक पर काम करेंगे, टिकाऊ कृषि के राजदूत और कृषि-उद्यमी बनेंगे।ह्लआईपीएल फाउंडेशन के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि यह समझौता उद्योग और शिक्षा के बीच की खाई को पाटेगा।उन्होंने कहा, ह्लआईपीएल फाउंडेशन टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आरपीसीएयू में आईपीएल को नवाचार के लिए एक मंच के रूप में देखा जा रहा है, जो रासायनिक भार को कम करेगा और मृदा जैविक कार्बन में सुधार करेगा। हम अगली पीढ़ी के कृषि-नेताओं का पोषण करना चाहते हैं। अमृत इंटर्नशिप के तहत, 50 छात्रों को हमारे द्वारा मेंटर किया जाएगा, उन्हें वास्तविक उद्योग अनुभव दिया जाएगा और उनकी प्रगति को ट्रैक किया जाएगा। हमने आरपीसीएयू को इसलिए चुना क्योंकि यह एक देश भर में अग्रणी संस्थान के रूप में उभरा है जिसका काम सभी मंत्रालयों में पहचाना जाता है और यहां विकसित मॉडल को बड़े पैमाने पर देश भर में लागू करने की क्षमता है।ह्लएमओयू पर आरपीसीएयू के कुलसचिव डॉ. पी. के. प्रणव और तमिलनाडु के पूर्व मुख्य सचिव तथा आईपीएल फाउंडेशन के सलाहकार डॉ. राजीव रंजन ने हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने बताया कि सेंटर और इंटर्नशिप इसी शैक्षणिक सत्र से शुरू हो जाएंगे।

### 22 से 26 अगस्त तक हल्की बारिश के आसार,

**समस्तीपुर (एनएसबी) ।** बेगूसराय, समस्तीपुर, गोपालगंज, सीवान, वैशाली, पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण जिलों के कुछ स्थानों पर 25-26 अगस्त के आसपास गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से विश्व विद्यालय के जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार आगामी 26 अगस्त 2026 के दौरान उत्तर बिहार के विभिन्न इलाकों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है। पूवार्नुमान अवधि में कुल 45 से 65 मिलीमीटर तक वर्षा होने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 से 36 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 26 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना जताई गई है। सुबह के समय सापेक्ष आर्द्रता लगभग 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 55 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इस अवधि में 5 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चल सकती है।पिछले तीन दिनों के मौसम के आकलन के अनुसार इस अवधि में औसत अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

### नशे की हालत में हंगामा करते व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा,

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र में नशे की हालत में हंगामा कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया। घटना चारों गांव की बताई गई है। पुलिस की कार्रवाई के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चारों गांव निवासी प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। बताया गया कि वह नशे की हालत में गांव में हंगामा कर रहा था। इसकी सूचना मिलने के बाद वारिसनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए उक्त व्यक्ति को अपने कब्जे में ले लिया।इस संबंध में वारिसनगर थानाध्यक्ष सर्वेश झा ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इसके बाद उसका मेडिकल जांच कराया गया। मेडिकल जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की घटनाओं पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## पीएम आवास योजना के लाभुकों को मिली प्रतीकात्मक चाभी, नए लाभुकों को सौंपे गए स्वीकृति पत्र


लाभुकों को प्रतीकात्मक चाभी देते बीडीओ।

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में प्रखंड क्षेत्र में चल रहे कार्यों के बीच शुक्रवार को आवास निर्माण पूरा करने वाले लाभुकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आवास पूर्ण कर चुके लाभुकों को प्रतीकात्मक रूप से चाभी प्रदान की गई, जबकि नए स्वीकृत लाभुकों को स्वीकृति पत्र तथा किस्त प्राप्त करने वाले लाभुकों को बधाई पत्र दिया गया। कार्यक्रम में बीडीओ आमना वसी और आवास पर्यवेक्षक संजय दास ने लाभुकों को योजना से संबंधित दस्तावेज एवं प्रतीकात्मक चाभी प्रदान की। इस दौरान कुल पांच लाभुकों को स्वीकृति पत्र, पांच लाभुकों को बधाई पत्र और 11 लाभुकों को प्रतीकात्मक चाभी प्रदान की गई। प्रतीकात्मक चाभी मिलने के बाद आवास निर्माण पूरा करने वाले लाभुकों के चेहरे पर खुशी नजर आई। अधिकारियों ने लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर अपने आवास का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। बीडीओ आमना वसी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और पक्का आवास उपलब्ध कराना है। पात्र लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने के साथ ही आवास निर्माण को समय पर पूरा कराने पर भी प्रशासन का विशेष ध्यान है। उन्होंने संबंधित कर्मियों को लाभुकों के साथ लगातार समन्वय स्थापित करने तथा आवास निर्माण में आने वाली समस्याओं का नियमानुसार समाधान कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजना के तहत स्वीकृत आवासों का निर्माण समय पर पूरा हो, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है। आवास पर्यवेक्षक संजय दास ने लाभुकों से योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि का निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा किया जाना चाहिए और निर्माण पूरा होने के बाद योजना की प्रक्रिया के अनुसार लाभुकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम में गोही पंचायत की मुखिया पति अली इमाम, रायपुर पंचायत के मुखिया पति इरशाद अहमद, आवास सहायक राजकमल रौशन, मंजय कुमार, मिथुन कुमार, नवीन कुमार कर्ण सहित अन्य कर्मी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत स्वीकृत आवासों को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने के लिए लाभुकों से लगातार संपर्क किया जा रहा है और निर्माण कार्य की प्रगति की निगरानी भी की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी के 82 वा जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया

**जयनगर (एनएसबी)।**आधुनिक भारत के निमार्ता, डिजिटल क्रांति के जनक भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी के 82 वा जयंती समारोह जयनगर प्रखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष श्री गुडडू साह जी के अध्यक्षता में आयोजित की गई ' सभी उपस्थित साथियों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया, साथ ही उनके द्वारा देशहित में किए गए कार्यो को याद कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया 'इसके बाद वहां मौजूद सभी साथियों को मुँह मीठा कराया ' इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्री रामचन्द्र साह ( चन्दर जी ), वरिष्ठ कांग्रेसी मो चांद साहब , दुल्लीपट्टी पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस नेता अमित सिंह , मो किताबुद्दीन , मो अकबर अवधेश सिंह, अरुण सिंह, मो असलम, जमीर मास्टर , मो अनबारुल हक ,सतनारायण साह, रामाशीष कामत,कन्हैया साफी, दीपक कसेरा, रामबिलास साह , गणेश कसेरा, किसन साफी , मो शमशाद , मो इबरान सहित कई कांग्रेसियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया '



### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**बिस्फी(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के भैरवा गांव में पिकअप एवं मोटरसाइकिल के भीषण टक्कर में एक युवक की मौत मौके पर हो गई .मिली जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय भैरवा गांव आदिल बताया जा रहा है घटना की सूचना मिलती ही बिस्फी थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार अपने दलबल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया. एवं घटना की जांच प्रारंभ कर दी. यह घटना भैरवा से सकराढी जाने वाली मुख्य सड़क पर बताई जा रही है. सड़क पर पिकअप मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार का संतुलन बिगड़ गया जिसमें भैरवा गांव निवासी मो छुटे के पुत्र मोहम्मद आदिल 21 वर्षीय की मौत हो गई. बिस्फी पर थाना अध्यक्ष शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है .वहीं पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया. थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है.

### मंगती हटिया से पूरब लक्ष्य लाइब्रेरी का विधिवत रूप से शुरूआत

**खजौली (एनएसबी)।** शुक्रवार को प्रखंड के खजौली बाजार स्थित मंगती हटिया से पूरब लक्ष्य लाइब्रेरी का विधिवत रूप से शुरूआत हुआ। जिसका शुभारंभ रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार ने फिता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वीडियो चंदन कुमार ने कहा कि आज बदलते हुए परिवेश में प्रत्येक समाज में कम से कम एक डिजिटल स्वरूप से लाइब्रेरी होना आवश्यकता है। व्यावस्थित लाइब्रेरी रहने से बच्चों को एक समूह बनाकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के साथ-साथ बौद्ध विकास की क्षमता में वृद्धि होती है। वहीं उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी कल की बेहतर भविष्य की आज एक सुनियोजित संरचना है। इस मौके पर शिक्षक राम उदगार यादव , शिव शंकर सुमन, श्रवण ठाकुर, सुधांशु शेखर, रंजीत कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य मौजूद।



### तीन माह से वेतन नहीं. शिक्षकों में आक्रोश.

**बिस्फी(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत नियोजित शिक्षकों को 3 माह से वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है

शिक्षको ने लंबित वेतन का भुगतान जल्द करने की मांग की है. वेतन नहीं मिलने के कारण शिक्षकों के परिवार के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है. बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर कुंवर सहित दर्जनो शिक्षकों का कहना है कि लगातार तीन महीना से वेतन नहीं मिलने से परिवार का घर चलना मुश्किल हो गया है. बच्चों की पढ़ाई,मकान का किराया बैंक से लिए गए ऋण, रोजमर्रा की जरूरी खर्चो का भुगतान प्रभावित हो रहा है. कई शिक्षक आर्थिक तंगी के कारण उधार लेकर परिवार का खर्च चलाने को मजबूर है. शिक्षकों ने बताया कि वह नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं. लेकिन समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है. इसे शिक्षकों में काफी नाराजगी है. शिक्षकों का कहना है कि एक ओर महंगाई लगातार बढ़ रही है. तो वहीं दूसरी ओर वेतन के लिए महीनो इंतजार करना पड़ रहा है. शिक्षकों ने संबंधित विभाग एवं अधिकारियों से मांग किया की लंबित तीन माह के वेतन का भुगतान अभिरलंब कराया जाए. ताकि शिक्षकों का आर्थिक परेशानियों से राहत मिल सके. नियमित वेतन भुगतान नहीं होने से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है.

### महीने के चौथे मंगलवार को लगेगा विद्यार्थी सहयोग शिविर, डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**मधुबनी(एनएसबी)।**जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से ह्यविद्यार्थी सहयोग शिविरह्ण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को शिविर के सफल एवं प्रभावी आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विदित हो कि ह्यविद्यार्थी सहयोग शिविरह्ण का आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को जिले के विद्यालयों एवं छात्रावासों में किया जाना है। इस पहल की शुरूआत 17 अगस्त 2026 को माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा की गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं छात्रावास से संबंधित समस्याओं की पहचान कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम के तहत विद्यालयों एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना जाएगा तथा प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा। विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए 30 दिनों के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है।जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी सहयोग शिविर विद्यार्थियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनने और उनके समाधान की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर के दौरान प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।बैठक में अधिकारियों को विद्यालयों एवं छात्रावासों में शिविर के आयोजन, विद्यार्थियों की सहभागिता, शिकायतों के संधारण एवं उनके अनुश्रवण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### मजदूरी कर घर लौट रहे युवक को रास्ते में रोककर पीटा, लोहे की रॉड से हमला करने का आरोप

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के पहलाम गांव में मजदूरी कर घर लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पहलाम गांव निवासी मनोज साह ने बनमा ईटहरी थाना में लिखित आवेदन देकर कई लोगों पर जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाया है। थाना में दिए आवेदन के अनुसार, मनोज साह गुरुवार की रात करीब 8 बजे मजदूरी कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान इस्लामिया हाई स्कूल के समीप पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि इसके बाद परमेश्वर साह, शंभू साह, ललित साह, रुणा देवी, सहिला कुमारी, शिपा देवी, रोशन और अमित समेत दो-तीन अज्ञात लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मनोज साह ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने लोहे की रॉड से उनके साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क पर गिर गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

# रोशन हत्याकांड में तेजस्वी ने परिजनों से की मुलाकात, न्याय का भरोसा; सरकार पर जमकर बरसे



परिजन से मिलते तेजस्वी

**बेनीपट्टी(एनएसबी)।**अरैर भदुली के रोशन कुमार की जेल में हुई मौत का मामला अब राजनीतिक रूप लेता जा रहा है। गुरुवार देर शाम राजद के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव परकोली पंचायत के रणटोल पहुंचे और मृतक रोशन कुमार के परिजनों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने शोकाकुल परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि रोशन को न्याय दिलाने के लिए वे हर स्तर पर लड़ाई लड़ेंगे।

तेजस्वी यादव ने बताया कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की ओर से पीड़ित परिवार को डेढ़ लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। साथ ही उन्होंने रोशन की बहन को मधुबनी में अस्पताल में नौकरी दिलाने की बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि रोशन हत्याकांड में पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। दोषियों को सजा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी समेत कई राजद नेता मौजूद रहे। वहीं, इससे पहले बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों की कोई वैल्यू नहीं रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों से संवाद नहीं कर रहे हैं और आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई नहीं हो रही है। बिहार में अफसरशाही चरम पर है और हर जगह अराजकता की स्थिति बनी हुई है। तेजस्वी यादव ने कहा कि रोशन कुमार की जेल में हुई मौत के मामले में वे निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलने के लिए जाने के क्रम में भी इस मामले को प्रमुखता से उठाया और कहा कि राजद पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करता रहेगा। रोशन हत्याकांड को लेकर तेजस्वी यादव के सीधे पीड़ित परिवार के बीच पहुंचने और आर्थिक सहायता व नौकरी का आश्वासन दिए जाने से मामला और अधिक गंभीर राजनीतिक मुद्दा बन गया है। अब परिजनों की मांग है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।तेजस्वी यादव के साथ राजद के प्रदेश अध्यक्ष मांगीलाल मंडल, बिस्फी विधायक आसिफ अहमद, राजनगर के पूर्व विधायक, पूर्व सांसद सुरेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष रामाशीष यादव, राजकुमार यादव, बेनीपट्टी प्रखंड अध्यक्ष रामबरन राम, छात्र नेता संतोष यादव, सहीत दजार्नू नेता उपस्थित थे! तेजस्वी यादव पटना से चलकर मधुबनी परिषद पहुंचे जहां पत्रकारों से विस्तार पूर्वक चर्चा की! तेजस्वी यादव का रहीका इंसाफ चौक पर भव्य स्वागत किया गया! तेजस्वी यादव को देखने के लिए हजारों लोगों की भी देर शाम तक आगमन स्थल पर डटे रहे!

# विकसित भारत-जी राम जी योजना के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश, डीडीसी ने की समीक्षा

**मधुबनी(एनएसबी)।** डीआरडीए सभागार में विकसित भारतझजी राम जी योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त-सह-अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक सुमन प्रसाद साह ने की।



बैठक में अधिकारी

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में डीपीओ बीबी जी राम जी अशोक कुमार राय सहित सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, उपस्थित रहे। बैठक में योजना के तहत मानव दिवस सृजन, मजदूरी एवं सामग्री मद में भुगतान, प्राथमिकता वाली योजनाओं तथा विभिन्न लंबित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में विकसित भारतझजी राम जी योजना के अंतर्गत सृजित मानव दिवसों की प्रगति का जायजा लिया गया। साथ ही के माध्यम से मजदूरी भुगतान तथा के माध्यम से सामग्री मद की लंबित देयता के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई और भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।समीक्षा के क्रम में चयनित प्राथमिकता वाली योजनाओं, जिनमें ग्रामीण हाट, खेल मैदान तथा सिंचाई विभाग की 20 घनसेक या उससे कम जलस्राव वाली लघु एवं उप लघु नहरों तथा जलवाहों के पुनर्स्थापन/जीर्णोद्धार कार्य शामिल हैं, की प्रगति पर भी चर्चा की गई।इसके अतिरिक्त की प्रगति, वित्तीय वर्ष 2026-27 में पौधारोपण की तैयारी तथा एवं पर लंबित शिकायतों के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त सुमन प्रसाद साह ने कहा कि योजनाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा में पात्र लाभुकों तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के साथ-साथ के माध्यम से भुगतान में तेजी लाने, को शत-प्रतिशत पूर्ण करने तथा लंबित शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# एलसी संख्या-39सी पर आरओबी निर्माण में तेजी, 14.55 प्रतिशत काम पूरा

**मधुबनी(एनएसबी)।**जयनगर एवं खजौली रेलवे स्टेशन के बीच दरभंगा-जयनगर पथ पर एलसी संख्या-39सी के स्थान पर निमार्णाधीन सड़क ऊपरी पुल (आरओबी) के निर्माण कार्य में तेजी आई है। परियोजना की वर्तमान भौतिक प्रगति 14.55 प्रतिशत दर्ज की गई है। आरओबी का निर्माण पूरा होने के बाद रेल फाटक के कारण होने वाले यातायात व्यवधान से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।परियोजना की कुल लंबाई 1568.38 मीटर है। इसके लिए 178 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। निर्माण की जिम्मेदारी गुरुग्राम की गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड को दी गई है। कायार्देश 20 अगस्त 2025 को जारी किया गया था। कार्य पूरा करने की निर्धारित अवधि 30 माह है और परियोजना को 19 फरवरी 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



#### नींव के काम में अच्छी प्रगति

निर्माण कार्य के तहत मधुबनी की ओर ए-2 हिस्से में निर्धारित 68 पाइल में से 50 पाइल का निर्माण पूरा कर लिया गया है। वहीं 10 पाइल कैप में से छह का काम भी पूरा हो चुका है। रेलवे स्टेशन की ओर ए-3 हिस्से में निर्धारित 50 पाइल में से 19 पाइल का निर्माण पूरा किया गया है। पुल के निचले ढांचे के निर्माण में भी काम आगे बढ़ रहा है। मधुबनी की ओर निर्धारित 11 एबटमेंट/पियर शाफ्ट में से पांच का निर्माण पूरा हो चुका है। वहीं 10 पियर कैप में से दो का काम पूरा कर लिया गया है।

#### 14 प्री-कास्ट गर्डर तैयार

पुल के ऊपरी ढांचे के निर्माण में भी गतिविधियां तेज हैं। कुल 24 प्री-कास्ट गर्डर में से 14 का निर्माण पूरा हो चुका है। परियोजना की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार नींव निर्माण में 21 प्रतिशत, निचले ढांचे में तीन प्रतिशत तथा ऊपरी ढांचे में छह प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। जिला प्रशासन की ओर से संबंधित विभाग एवं निर्माण एजेंसी के साथ समन्वय बनाकर परियोजना की प्रगति की लगातार निगरानी की जा रही है। निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के साथ गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। आरओबी के निर्माण से जयनगर-खजौली मार्ग पर रेल क्रॉसिंग के कारण लगने वाले जाम और यातायात व्यवधान में कमी आने की उम्मीद है। इसके पूरा होने से जयनगर, खजौली सहित नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

# स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा, जनवितरण सहित विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा



बैठक में मंत्री

**खजौली (एनएसबी)।**प्रखंड बीस सूत्री (प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति) खजौली की बैठक शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष विनोद पांडेय की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय खजौली के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा, जनवितरण सहित विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस क्रम में मनरेगा के पीओ एवं बाल विकास परियोजना के सीडीपीओ के बैठक से अनुपस्थित रहने पर सदस्यों ने नाराजगी प्रकट की। सदस्यों ने उक्त दोनों पदाधिकारियों की अनुपस्थिति को इरादतन कृत्य बताते हुए कार्रवाई की मांग की। इसपर बीडीओ सह समिति के सदस्य सचिव ने इस मामले को लेकर उच्चाधिकारी को लिखे जाने की बात कही। बैठक के इस दौरान सदस्यों ने कई योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन एवं पदाधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित राज्य के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों का दायित्व है कि सरकार की लोकहितकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे। कहा कि प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को समिति की बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से अवगत होने का अवसर मिलता है। इससे पूर्व बीडीओ द्वारा बुके से एवं प्रमुख कुमारी उषा द्वारा पाग व दोपटा से मंत्री श्री प्रसाद का स्वागत किया गया। इस मौके पर बीडीओ चंदन कुमार, सीओ सिमरन आजाद, थानाध्यक्ष सपन कुमार, शंभूनाथ ठाकुर, मुखिया अर्जुन सिंह, जय प्रकाश मंडल, महेश्वर सिंह, एमओ प्रणव प्रकाश, एलईओ हितेश भार्गब, एमओआईसी डाक्टर ज्योतेंद्र नारायण, सुमित कुमार सिंह, मुरारी चौधरी, अमरेश जयसवाल सहित विभिन विभाग के कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# वरीय पुलिस अधीक्षक ने 70 व्यक्तियों की समस्याओं को सुना

**मधुबनी(एनएसबी)।**वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी योगेंद्र कुमार द्वारा कार्यालय कक्ष में जन सुनवाई का आयोजन किया गया । इस दौरान कुल 70 व्यक्तियों की समस्याओं को सुना गया एवं आवेदकों के समस्या का त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/अंचल पुलिस निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया ।

# अनुश्रवण प्रणाली के तहत अपर समाहर्ता ने आमजनों की समस्याएं सुनीं,त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



शिकायत सुनते अधिकारी

**मधुबनी,(एनएसबी)।**जिलाधिकारी, आनंद शर्मा द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसान ह्णह्ण कार्यक्रम के तहत अपर समाहर्ता,आपदा, संतोष कुमार ने आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसी क्रम में बबीता कुमारी अंचल घोघरडीहा निवासी के द्वारा भूमिहीन महादलित परिवार को बासगीत भूमि आवंटित करने हेतु आवेदन दिया। वही शोभाकांत मिसर अंचल खजौली निवासी के द्वारा जमीन पर जबरदस्ती किए गए अतिक्रमण को हटाने हेतु आवेदन दिया। रामनरेश मिश्रा अंचल फूलपरास गोडियारी निवासी के द्वारा सरकारी आम सड़क को अतिक्रमण मुक्त करवाने हेतु आवेदन दिया। प्रखंड पंडौल निवासी सुशील कुमार ने पुनः होमगार्ड ड्यूटी पर योगदान हेतु आवेदन दिया। परिवादी निर्मला झा अंचल रहिका सोनौर निवासी के द्वारा खतियानी घरारी जमीन से बेदखली के मामले में जमीन मुक्त कराने हेतु आवेदन दिया। प्रखंड रहिका निवासी विभा कुमारी ने पिता के निधन के बाद लंबित पारिवारिक पेंशन एवं ग्रेच्युटी के शीघ्र भुगतान हेतु आवेदन दिया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित होकर जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए। उल्लेखनीय है कि सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्णह्ण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है।अपर समाहर्ता ने इस अवसर पर कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवा प्राप्त हो सके।

### स्कूल में लगातार हो रही चोरी को लेकर बच्चों का फूटा आक्रोश, सड़क पर हंगामा और प्रदर्शन

# बेंच-डेस्क लगाकर डेढ़ घंटे जाम किया रोड

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर थाना क्षेत्र के बनारस बैंक चौक स्थित महिला शिल्प कला भवन स्कूल में दो बार लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से परेशान छात्र-छात्राओं का आखिरकार शुक्रवार को गुस्सा फूट पड़ा। बार-बार स्कूल का सामान चोरी होने से आक्रोशित सैंकड़ो विद्यार्थियों ने हंगामा करते हुए बेंच डेस्क लेकर सड़क पर उतर आए और बनारस बैंक चौक के पास मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के उतरने से इलाके में अफरा-तफरी की स्थित उत्पन्न हो गई और सड़क यातायात बाधित हो गया। सड़क जामकर हंगामा और प्रदर्शन कर रहे स्कुल के बच्चों ने बताया कि स्कूल में पिछले कुछ समय से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। कभी स्कूल के पंखे गायब हो जाते हैं तो कभी मोटर चोरी हो जाती है।

बच्चों ने बताया कि पंखे, मोटर और अन्य आवश्यक सामान की चोरी से विद्यालय की व्यवस्था प्रभावित हो रही है, लेकिन चोरी रोकने और लगातार चोरी की घटना को अंजाम दे रहे अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। बच्चो ने बताया कि बिना पंखा और बिजली के क्लास रूम में बैठना मुश्किल है। स्कुल का मोटर चोरी हो जाने के बाद पीने के पानी की समस्या और शौचालय जाने का संकट उत्पन्न हो गया है, इन सभी कारणों से परेशान होकर वे लोग सड़क पर हंगामा और जाम करने को मजबूर हुए है। सड़क पर उतरे स्कूली बच्चे लगभग डेढ़ घंटे तक सड़क जाम कर हंगामा और प्रदर्शन करते रहे। वही सड़क जाम और छात्रों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित छात्र-छात्राओं से बातचीत शुरू की और उन्हें समझाने-बुझाने का प्रयास किया। लेकिन बच्चे सकूल की चोरी गई सामान बरामद कर चोरों को गिरफ्तार करने, स्कुल में सुरक्षा का इंतजाम करने आदि मांगो को लेकर सड़क पर जमे रहे। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने शिक्षकों को इस मामले को गंभीरता से लेकर जल्दी ही अपराधियों को गिरफ्तार कर चोरी हुई विद्यालय के सामान को बरामद किए जाने तथा विद्यालय की सुरक्षा बढ़ाने का भरोसा दिलाया। वही पुलिस पदाधिकारी और विद्यालय के शिक्षकों द्वारा समझाने बुझाने पर लगभग दो घंटे तक सड़क पर जमे छात्र छात्राओं ने सड़क जाम हटाया तथा बेंच डेस्क लेकर विद्यालय लौटे। इस बीच सड़क जाम के कारण इस मार्ग में यातायात व्यवस्था चरमरा गई, जिसे सामान्य बनाने के लिए भी पुलिस को मशक्क्त करनी पड़ी।

**पुलिस को बच्चों को मनाने और डेढ़ घंटे से बाधित यातायात को सामान्य बनाने में करनी पड़ी मशक्कत**


सड़क जाम कर हंगामा करते स्कूल के बच्चे।


स्कूल की सुरक्षा बढ़ाने और चोरी हुए सामान की बरामदगी के लिए सड़क पर बेंच लगाकर बैठे बच्चे।

## मुजफ्फरपुर में दिनदहाड़े गन प्वाइंट पर व्यापारी से 3.18 लाख की लूट

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के चांदनी चौक के पास शुक्रवार को बाइक सवार अपराधियों ने गन प्वाइंट पर बाजार समिति के व्यापारी से 3.18 लाख रुपये लूट लिया। तीन बाइक पर सवार छह अपराधियों ने दिनदहाड़े घटना को अंजाम देते हुए भगवानपुर की ओर फरार हो गए। घटना के संबंध में मिली

जानकारी के अनुसार देवरिया थाना क्षेत्र के धरफरी गांव निवासी व्यापारी सूर्यकांत साह अहियापुर बाजार समिति से लौट रहे थे। इसी दौरान चांदनी चौक के पास अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और उन्हें गन पॉइंट पर लेते हुए व्यापारी सूर्यकांत साह से 3.18 लाख रुपये लूट लिया और सभी अपराधी बाइक से भगवानपुर की ओर भाग निकले। उधर, घटना को लेकर इलाके में अफरातफरी मच गई। मौके पर स्थानीय लोगों और दुकानदारों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही ब्रह्मपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस लुटेरों की पहचान के लि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटी है। ब्रह्मपुरा थानाध्यक्ष विपिन रंजन ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नाकेबंदी की गई है। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की पहचान कर जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े हुई लूट की घटना से स्थानीय व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने पुलिस की गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।


घटनास्थल पर जांच व लोगों से पूछताछ करती पुलिस।

## संक्षिप्त खबरें

### रूपौली विशनपुर में महिला का शव फंदे से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रामपुर हरि थाना क्षेत्र के रूपौली विशनपुर गांव में एक महिला का शव फंदे से लटका मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान अनरजीत पासवान की 36 वर्षीय पत्नी अमिता देवी के रूप में हुई है। वह तीन बच्चों की मां थी। बताया गया है कि महिला का शव फंदे से लटका मिलने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए।



घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रामपुर हरि थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और महिला की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की जांच कर रही है। महिला ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, इसकी जानकारी फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच के साथ घटना से जुड़े लोगों से भी पूछताछ कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही महिला की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस : वरिष्ठ नागरिकों का रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर ने किया सम्मान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर के तत्वांवधान में स्थानीय आमगोला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सभागार में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नागरिकों को उनके जीवनभर के अनुभव, ज्ञान, सामाजिक योगदान एवं सेवाओं के लिए आदरपूर्वक सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और उनके योगदान को रेखांकित करने के उद्देश्य से किया गया। मौके पर रानी दीदी की गरिमामयी उपस्थिति में रानी दीदी सहित रोटेरियन बी. एल. लोहड़ी, रोटेरियन बी.के राय, रोटेरियन एच एल गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्यों ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और जीवन मूल्यों से नई पीढ़ी को निरंतर प्रेरणा मिलती है। वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके प्रति समाज की कृतज्ञता और सम्मान की अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। मौके पर रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर की अध्यक्ष रोटेरियन रूपा सिन्हा, सचिव निशर्ग शंकर, पीपी रोटेरियन सुधीर कुमार सिन्हा, पीपी रोटेरियन राकेश चाचान, रंजीत श्रीवास्तव, रंजन श्रीवास्तव, यदुनंदन पंडित उपस्थित थे।



### आरबीबीएम कॉलेज की छात्राओं ने शतरंज टूनार्मेंट में जीती ट्रॉफी, प्राचार्या ने किया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** डॉ राम मनोहर लोहिया स्मारक महाविद्यालय में आयोजित बीआरए बिहार विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय शतरंज टूनार्मेंट के महिला वर्ग के टीम इवेंट में आरबीबीएम कॉलेज की टीम ने विजेता बनकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम में आद्या कुमारी, आयुषि कुमारी, तान्या केसरी और सानिया परवीन शामिल रहीं। 21 अगस्त 2026 को विजेता छात्राएं ट्रॉफी लेकर महाविद्यालय पहुंचीं। इस अवसर पर आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मधु सिंह ने छात्राओं का माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। उन्होंने छात्राओं को जीत की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



प्राचार्या डॉ मधु सिंह ने कहा कि छात्राओं ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने अन्य छात्राओं से भी विजेता खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और महाविद्यालय का गौरव बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर कॉलेज के स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ अभय कुमार के अलावा डॉ. चेतना वर्मा, डॉ. रेणुबाला, डॉ. हेमा कुमारी, डॉ. अंकिता सिंह, डॉ. धनंजय झा, डॉ. राजेश कुमार पंडित, डॉ. कंचन, डॉ. मीनू, डॉ. दिव्या, डॉ. शिप्रा आनंद सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

# ग्राहक बनकर ज्वेलरी दुकान से लूटे 6 लाख के गहने

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बोचहां थाना क्षेत्र स्थित सरफुद्दीनपुर (गोपालपुर) बाजार स्थित 'मंजू ज्वेलर्स' नामक जवेलरी दुकान में ग्राहक बनकर पहुंचे दो शातिर अपराधियों ने दुकानदार को बातों में उलझाकर बड़े ही शातिराना अंदाज में लाखों रुपये मूल्य के सोने के जेवरात उड़ा लिया और आराम से निकल गए। दोनों अपराधियों ने इतनी सफाई से घटना को अंजाम दिया कि मौके पर मौजूद दुकानदार को घटना का अहसास तक नहीं हुआ।

बताया गया है कि अपराधियों ने लगभग 6 लाख रुपए के गहने लेकर चल दिए और दुकानदार को इसकी भनक तक नहीं लगी। दुकान संचालक अजय साह ने बताया कि गुरुवार शाम करीब 5 बजे वे अपनी दुकान पर मौजूद थे। उसी समय दो अज्ञात युवक गहने खरीदने के बहाने दुकान में दाखिल हुए। उन्होंने अलग-अलग डिजाइन की सोने की अंगूठियां दिखाने की मांग की। दुकानदार का विश्वास जीतने और उसे बातों में उलझाए रखने के लिए बदमाशों ने बाकायदा एक हजार रुपये का एडवांस कैश भी दुकानदार को थमा दिया। इसी दौरान मौका मिलते ही दोनों ने आभूषण के डिब्बे से सोने की अंगूठियों पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार को झांसा देने के बाद दोनों आरोपी बिना कोई सामान खरीदे बड़ी सहजता से दुकान से बाहर निकल गए। वारदात का खुलासा तब हुआ, जब रात करीब 9 बजे संचालक का पुत्र दुकान बंद करने पहुंचा। नियमित जांच के तहत जब उसने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली, तो दोनों युवकों की संदिग्ध हरकतें सामने आईं। इसके बाद जब स्टॉक का मिलान किया गया, तो करीब 40 ग्राम वजन की 15 सोने की अंगूठियां गायब पाई गईं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख रुपये बताई जा रही है। दुकानदार द्वारा सुचना दिए जाने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दीं है।

पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगालने के बाद कैमरे के फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों ने अपराधियों की चालाकी की पोल खोलकर रख दी है। फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि कैसे एक अपराधी दुकानदार का ध्यान भटका रहा था, जबकि दूसरा बड़ी सफाई से अंगूठियों को गायब कर जेब के हवाले कर रहा था। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पीड़ित स्वर्ण व्यवसायी परिवार के होश उड़ गए।

पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों के हुलिया का पता लगाने के साथ अपराधियों के भागने के संभावित रास्तों और उनके ठिकानों पर छपेमारी कर रही है ताकि चोरी गए आभूषणों को जल्द बरामद किया जा सके। इस मामले में बोचहां थानाध्यक्ष यशवंत कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी मिली है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है। यद्यपि दुकान संचालक की ओर से अभी तक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, फिर भी पुलिस अपने स्तर से कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही दोनों शातिर अपराधियों को पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**बोचहां में दो शातिरों ने दिया वारदात को अंजाम, पूरी घटना सीसीटीवी में कैद**

**चार घंटे बाद दुकानदार को गहने गायब होने की हुईं जानकारी, उड़े होश**


सीसीटीवी में कैद तस्वीर में डब्बे से गहने निकलते दिख रहे दोनों शातिर अपराधी।

## मुजफ्फरपुर के लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर बनी 5000 करोड़ की परियोजना को मिली रफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर में बड़ी समस्या बनी जाम से लोगों को राहत दिलाने वाली बड़ी सड़क परियोजना अब आगे बढ़ने की राह पर है। मुजफ्फरपुर-बरौनी फोरलेन के साथ 17 किलोमीटर लंबे रिंग रोड के निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है। राज्य सरकार से मंजूरी मिलने के बाद प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास अंतिम स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। मुजफ्फरपुर-बरौनी फोरलेन और रिंग रोड को एक ही परियोजना के तौर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। दोनों योजनाओं पर लगभग 5000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें मुजफ्फरपुर-बरौनी फोरलेन के लिए लगभग 3200 करोड़ रुपये और 17 किलोमीटर रिंग रोड के लिए लगभग 1800 करोड़ रुपये खर्च होने की बात कही गई है. परियोजना का डीपीआर भी तैयार हो चुका है। परियोजना के तहत मधौल से बखरी तक लगभग 17 किमी लंबा रिंग रोड बनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य शहर के अंदर से गुजरने वाले भारी वाहनों को बाहर से ही आगे निकालना है। दीं गई जानकारी के अनुसार मोतिहारी की तरफ से आने वाले वाहन सादतपुर बाईपास होते हुए मधौल फोरलेन तक पहुंच सकेंगे। इसके बाद उन्हें मुजफ्फरपुर शहर के अंदर जाने की जरूरत नहीं होगी और वे हाजीपुर की ओर आगे निकल सकेंगे। इसी तरह दरभंगा और समस्तीपुर की ओर से आने वाले वाहनों को भी शहर के अंदर से गुजरने की जरूरत नहीं होगी. ये वाहन बखरी और दिघरा की तरफ से रिंग रोड पकड़कर हाजीपुर एनएच की ओर जा सकेंगे। रिंग रोड बनने के बाद रामदयालु चौक समेत शहर के कई प्रमुख रास्तों पर वाहनों का दबाव कम होने की उम्मीद है. अभी बाहर से आने वाले कई वाहन शहर के बीच से होकर गुजरते हैं, जिससे खासकर व्यस्त इलाकों में जाम की समस्या बढ़ जाती है. रिंग रोड तैयार होने के बाद ऐसे वाहनों को शहर के बाहर से ही आगे जाने का रास्ता मिल जाएगा. इससे शहर के अंदर रहने वाले लोगों को भी आने-जाने में सुविधा मिलने की उम्मीद है। मिली जानकारी के अनुसार

इस परियोजना में रामदयालु रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण भी अहम माना जा रहा है। केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद इसके निर्माण की जिम्मेदारी बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को दिए जाने की बात है। पहले पुल निर्माण निगम की ओर से इसके लिए टेंडर जारी किया गया था, लेकिन तकनीकी कारणों से प्रक्रिया रोक दी गई थी। अब परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद रामदयालु नगर में आरओबि निर्माण की प्रक्रिया दोबारा शुरू होने की उम्मीद है। फिलहाल एनएचएआई ने राज्य सरकार से एनओसी मांगा है। राज्य सरकार की मंजूरी के बाद प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा, जिसके बाद परियोजना के निर्माण से जुड़ी अगली प्रक्रिया शुरू होगी।


नगर की संभाबित यातायात व्यवस्था की प्रतिकात्मक

**एनएचएआई ने राज्य सरकार से माँगा एनओसी**

## प्रमंडलीय आयुक्त ने की बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक/शिक्षक निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक/शिक्षक निर्वाचन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में प्रमण्डलीय आयुक्त श्री सिंह ने निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की तथा अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। प्रमंडलीय आयुक्त गिरीवर दयाल सिंह ने माह सितम्बर 2026 में स्नातक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ होने की संभावना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व प्रकाशित निर्वाचक सूची के संबंध में सतत प्रक्रिया के तहत प्रावधानों एवं निर्वाचन विभाग से प्राप्त निदेश के आलोक में कार्रवाई किया जाना आवश्यक है। प्रमंडलीय आयुक्त-सह- निवार्ची पदाधिकारी ने मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर एवं वैशाली के जिला पदाधिकारियों, जो इस निर्वाचन के सहायक निवार्ची पदाधिकारी भी हैं, को निदेश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए निर्वाचन की समुचित तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निदेश दिया कि सतत प्रक्रिया के तहत स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक सूची के लिए विभिन्न प्रपत्रों में प्राप्त आवेदनों की मतदान केन्द्र वार समीक्षा करें तथा इससे संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध करायें। सतत प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों का ईआरएमएस पोर्टल पर डिजिटलीकरण एवं निष्पादन के लिए सभी प्रारंभिक तैयारी पूर्ण करना सुनिश्चित करें। प्रमंडलीय आयुक्त ने अधिकारियों को मतदाता सूची के संबंध में जो भी परिवाद प्राप्त हुआ है उसका विधिवत जॉच कर निष्पादन करने का निर्देश दिया।



डीएम एसएसपी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ स्नातक शिक्षक विधान परिषद चुनाव तैयारी की समीक्षा करते आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह।

### विश्व उद्यमिता दिवस पर मुजफ्फरपुर में जिला स्तरीय स्टार्टअप कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

# जॉब सीकर नहीं, जॉब प्रोवाइडर बनें बिहार के युवा : कुमार गौरव

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर एल.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एवं मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के स्टार्टअप सेल के संयुक्त तत्वावधान में ह्लस्केल अप एंड मार्केट एक्सेसह्व विषय पर जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को भगवानपुर चौक के समीप स्थित एल.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कुमार गौरव ने सात स्टार्टअप का दीप प्रज्ववलित कर शुभारंभ किया।

उन्होंने उपस्थित छात्रों, युवा उद्यमियों एवं स्टार्टअप संस्थापकों को संबोधित करते हुए बिहार सरकार द्वारा स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी। इस दौरान जिलाधिकारी ने विशेष कर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जॉब सीकर नहीं, जॉब प्रोवाइडर बनने एवं उद्यमिता विकसित करने के लिए बिहार में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए युवाओं को नए विचारों के साथ आगे आना चाहिए। उन्होंने स्टार्टअप संस्थापकों को आश्वस्त किया कि प्रशासन की ओर से उन्हें हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। प्रशासनिक अथवा मार्केटिंग से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे उनसे संपर्क कर सकते हैं और उनकी ओर से यथासंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में महाप्रबंधक विजय शंकर प्रसाद ने भी छात्रों एवं उद्यमियों को संबोधित किया। उन्होंने बिहार स्टार्टअप पॉलिसी के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए उद्योग विभाग, बिहार सरकार से सीड फंड प्राप्त करने की प्रक्रिया और आवश्यक चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दीं। उन्होंने युवाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने स्टार्टअप को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। एल.एन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के निदेशक डॉ मनीष कुमार ने छात्रों को अपने-अपने क्षेत्र में नवाचार एवं नए प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि युवा अपनी प्रतिभा और नए विचारों के माध्यम से समाज एवं राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में एल एन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट स्टार्टअप सेल के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. किशोर पार्थ तथा एमआईटी स्टार्टअप सेल के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. संजय कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्टार्टअप के संस्थापकों ने अपनी सफलता की कहानी, संघर्ष, अनुभव और उद्यमिता के सफर को छात्रों के साथ साझा किया। इससे छात्रों को स्टार्टअप शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने की व्यावहारिक जानकारी मिली। कार्यक्रम के अंत में प्रोजेक्ट मैनेजर आशुतोष कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन एवं समन्वय में जिला स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर कुणाल सिंह एवं राकेश कुमार साह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम ने मुजफ्फरपुर के छात्रों, युवा उद्यमियों और स्टार्टअप संस्थापकों को सरकारी योजनाओं, फंडिंग, मार्केट एक्सेस तथा स्टार्टअप को स्केल करने के अवसरों की जानकारी देने के साथ-साथ बिहार में मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल का संदेश दिया।


जिलास्तरीय स्टार्टअप कार्यक्रम का उद्घाटन कर प्रतिभागी युवाओं को संबोधित करते जिलाधिकारी।

सीतामढ़ी के नव पदस्थापित जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने किया पदभार ग्रहण, गिनाई प्राथमिकताएं

# जिले के समग्र विकास को मिलेगी गति

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीतामढ़ी के नवपदस्थापित जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने शुक्रवार को निवर्तमान जिलाधिकारी रिची पांडेय से जिलाधिकारी के पद का प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रभार हस्तांतरण एवं ग्रहण की आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी की गईं।

प्रभार ग्रहण करने के उपरांत जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने जिला प्रशासन से संबंधित महत्वपूर्ण अभिलेखों, विकासात्मक योजनाओं एवं प्रशासनिक प्राथमिकताओं की जानकारी प्राप्त की। निवर्तमान जिलाधिकारी रिची पांडेय ने जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रगति के संबंध में नवपदस्थापित जिलाधिकारी को आवश्यक जानकारी दी।

इस अवसर पर दोनों पदाधिकारियों ने जिले में प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन, विकासात्मक गतिविधियों में निरंतरता तथा जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि जिले के समग्र विकास को गति देना उनकी प्राथमिकता होगी। सरकार की योजनाओं एवं विकासात्मक परियोजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि योजनाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा में आम लोगों तक पहुंच सके।



निवर्तमान जिलाधिकारी रिची पांडेय से पदभार ग्रहण करते नवपदस्थापित जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।


मीडिया कर्मियों को सम्बोधित करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।

**सरकारी योजनाओं एवं परियोजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा : तनय**

जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील तरीके से निष्पादन प्रशासन की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी के विकास के लिए जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों के समन्वित प्रयास से सकारात्मक परिणाम हासिल करने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संवेदनशीलता को विशेष महत्व दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## नए जिलाधिकारी ने पुनौरा धाम पहुंचकर माता जानकी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीतामढ़ी के नवपदस्थापित जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने शुक्रवार को जिलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने जिले के प्रमुख धार्मिक एवं आस्था के केंद्र पुनौरा धाम पहुंचकर माता जानकी मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना की।


पुनौरा धाम में पूजा-अर्चना करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।

जिलाधिकारी ने पुनौरा धाम मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास से संबंधित कराए जा रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति एवं स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने परिसर के समग्र विकास से जुड़े कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर निवर्तमान जिलाधिकारी रिची पांडेय भी उपस्थित रहे। स्थानांतरण के बाद जिले से विदाई से पूर्व उन्होंने भी पुनौरा धाम पहुंचकर माता जानकी का दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आनंद कुमार, एसडीसी अमूल्य रत्न, एसडीसी मो. इस्लाम, डीपीआरओ कमल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नये जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने किया समाहरणालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नवपदस्थापित जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण करने के उपरांत समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में संचालित कार्यों, अभिलेखों के संधारण तथा विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने राजस्व शाखा, जिला स्थापना शाखा, पंचायत शाखा, आपदा प्रबंधन शाखा, निर्वाचन शाखा, जिला नजारत, जन संपर्क प्रशाखा सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से शाखाओं में संचालित कार्यों तथा लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कार्यालयीन कार्यों के समयबद्ध निष्पादन, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण तथा आम नागरिकों से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं तत्परता के साथ करें, ताकि आम लोगों को प्रशासनिक सेवाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। जिलाधिकारी ने विभिन्न शाखाओं के कार्यों में बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता को प्राथमिकता देते हुए जनहित से जुड़े मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।


समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

### सीतामढ़ी को शक्ति-क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए कार्य कर रही रामायण रिसर्च काउंसिल : विजय

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** रामायण रिसर्च काउंसिल सीतामढ़ी को मां जानकी की शक्ति और नारी-गरिमा के वैश्विक संदेश के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। काउंसिल को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से बीते वर्ष लगभग 12 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी। भूमि आवंटन के पश्चात काउंसिल ने सीतामढ़ी में विभिन्न चरणों में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को विस्तार देने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में प्रथम चरण के अंतर्गत बीते 25 अप्रैल को जानकी नवमी के अवसर पर सीतामढ़ी में राघोपुर बखरी स्थित अति प्राचीन श्रीरामजानकी मठ के जीर्णोद्धार कार्य का शिलापूजन बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हाथों संपन्न हुआ था। इस मठ के जीर्णोद्धार के लिए गठित श्रीरामजानकी मठ जीर्णोद्धार समिति (सीतामढ़ी) के प्रभारी विजय कुमार बताते हैं कि मठ के जीर्णोद्धार एवं निर्माण का कार्य अब प्रारंभ हो चुका है। विजय ने कहा कि रामायण रिसर्च काउंसिल का उद्देश्य केवल किसी एक मंदिर का निर्माण करना नहीं है। काउंसिल की व्यापक परिकल्पना पूरे सीतामढ़ी को एक विशिष्ट ह्यशक्ति-क्षेत्रह्ण के रूप में विकसित करने की है, जहां मां जानकी के जीवन और आदर्शों से जुड़े धार्मिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि काउंसिल की प्रमुख परिकल्पनाओं में विश्व नारी-शक्ति केंद्र की स्थापना, सीतामढ़ी के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर शोध एवं साहित्य-सृजन को प्रोत्साहन तथा मां जानकी के जीवन-दर्शन को देश-दुनिया तक पहुंचाना शामिल है। विजय ने कहा कि इस कथा को बिहार के विभिन्न जिलों तथा देश के अन्य राज्यों तक ले जाने की योजना है, ताकि मां जानकी के त्याग, तपस्या, आत्मबल, मयार्दा और नारी-शक्ति के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके।

**प्रारंभ हो चुका है राघोपुर बखरी स्थित अति प्राचीन श्रीरामजानकी मठ के जीर्णोद्धार एवं निर्माण का कार्य**

### बेगूसराय के नये जिलाधिकारी बने रिची पांडेय, पदभार ग्रहण कर विकास कार्यों की ली जानकारी

**सीतामढ़ी/बेगूसराय (एनएसबी)।** सीतामढ़ी के जिलाधिकारी का पदभार देने के बाद रिची पांडेय ने शुक्रवार को हीं बेगूसराय के नवपदस्थापित जिलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। दोपहर में समाहरणालय पहुंचने पर उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला पुलिस बल की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद जिलाधिकारी रिची पांडेय ने जिले के वरीय अधिकारियों एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त किया तथा बेगूसराय में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों के साथ जिले की प्रशासनिक व्यवस्था, विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा आम लोगों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा प्रशासनिक कार्यों में बेहतर समन्वय के साथ काम करने पर जोर दिया। श्री पांडेय के पदभार ग्रहण करने के दौरान समाहरणालय के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।


सीतामढ़ी से स्थानांतरण के बाद बेगूसराय के जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण करते रिची पांडेय।

## नये डीएम ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा, दिए निर्देश

### आम-आवाम की समस्याओं के निष्पादन के मद्देनजर पूरी संवेदनशीलता के साथ करें दायित्व का निर्वहन : जिलाधिकारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं, नीतियों एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी पदाधिकारियों को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता एवं तय मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही।

जिलाधिकारी ने सहयोग शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि ज्यादा संख्या में आवेदन प्राप्त हो सकें। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध तरीके से डिजिटलीकरण एवं निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित नोडल पदाधिकारी एवं संबंधित अन्य अधिकारियों को दिया।

बैठक के दौरान विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के बारे में चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने पोर्टल का सघन प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इसका लाभ उठा सकें और स्कूलों एवं छात्रावासों से संबंधित समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों एवं छात्रावासों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से 25 अगस्त से विद्यार्थी सहयोग अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है।



समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में समीक्षा बैठक करते डीएम।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं कुटीर ज्योति योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कुटीर ज्योति योजना के निर्धारित लक्ष्य को समय-सीमा के भीतर पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

राशन कार्ड निर्माण की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों के ई-केवाईसी, ऑनलाइन एंट्री एवं राशन कार्ड जनरेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं, फार्मर रजिस्ट्रेशन की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों का हर हाल में रविवार तक निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। राजस्व मामलों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने परिमार्जन से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिमार्जन में 15 दिनों से अधिक पुराने मामले लंबित नहीं रहने चाहिए। साथ ही ऑनलाइन म्यूटेशन, दाखिल-खारिज, परिमार्जन सहित राजस्व से जुड़े अन्य मामलों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं तत्परता के साथ कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन बृजकिशोर पांडे, एडीएम विभागीय जांच, वरीय उप समाहर्ता अमूल्य रत्न, वरीय उप समाहर्ता मो इस्लाम, डीपीआरओ कमल सिंह सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 12 वर्षीय बाल व्यास सुनाएंगे मां जानकी कथा

### डुमरा प्रखंड के सुहई (प्रेमनगर) स्थित राम जानकी मठ में आज से दो दिवसीय आयोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जगज्जननी मां जानकी की पावन प्राकट्यभूमि सीतामढ़ी में ह्यरामायण रिसर्च काउंसिलह्ण के तत्त्वावधान में दो दिवसीय श्री जानकी कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आयोजन 22 एवं 23 अगस्त 2026 को डुमरा प्रखंड अंतर्गत सुहई (प्रेमनगर) स्थित श्रीरामजानकी मठ में होगा। दोनों दिन कथा का शुभारंभ सायं छह बजे से होगा।

श्री जानकी कथा के माध्यम से मां सीताजी के जीवन-चरित्र को केवल धार्मिक आख्यान के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय उनके जीवन में निहित नारी-शक्ति, संस्कार, धैर्य, साहस, त्याग, मयार्दा, आत्मबल, कर्तव्यनिष्ठा एवं धर्मपरायणता जैसे शाश्वत मूल्यों को समाज के सामने प्रेरक जीवन-दृष्टि के रूप में रखने का प्रयास किया जाएगा। विशेष रूप से नई पीढ़ी को जनकनंदिनी मां जानकी के जीवन-मूल्यों, भारतीय परिवार-व्यवस्था तथा सनातन सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना इस कथा का प्रमुख उद्देश्य होगा। इस कथा के कथा-व्यास 12 वर्षीय वैदेहीनंदन पंडित वेदांतजी होंगे। बाल व्यास वेदांतजी अपने विशिष्ट कथन-शैली के माध्यम से श्रद्धालुओं को मां जानकी के जीवन, व्यक्तित्व, आदर्शों एवं लोकमंगलकारी स्वरूप से परिचित कराएंगे।


कथा-व्यास वैदेहीनंदन।

**नारी-शक्ति, संस्कार, साहस, त्याग, मयार्दा और आत्मबल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास**

**सीतामढ़ी के विभिन्न क्षेत्रों से प्रारंभ होकर बिहार के सभी जिलों और देश के अन्य राज्यों तक श्रीजानकी कथा पहुंचाने का लक्ष्य**

रामायण रिसर्च काउंसिल के सीतामढ़ी जिला संगठन प्रभारी नीरज गोयनका ने कहा कि सीतामढ़ी मां जानकी की पावन प्राकट्यभूमि है। ऐसे में इस धरती पर श्रीजानकी कथा का आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मां जानकी के जीवन-संदेश को समाज तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं सामाजिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि काउंसिल का प्रयास है कि मां सीताजी के जीवन-चरित्र को वर्तमान समाज के लिए एक प्रेरक जीवन-दृष्टि के रूप में प्रस्तुत किया जाए। उनके जीवन से मिलने वाले संस्कार, आत्मसम्मान, धैर्य, त्याग, साहस और कर्तव्यबोध परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए मार्गदर्शक बन सकते हैं। श्री गोयनका ने सीतामढ़ी एवं आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से दोनों दिन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जानकी कथा का श्रवण करने और मां जानकी के जीवन-आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया।

## गरीबनाथ धाम के कायाकल्प की तैयारी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** उत्तर बिहार के देवघर के रूप में प्रसिद्ध ऐतिहासिक बाबा गरीबनाथ धाम के कायाकल्प और भव्य कॉरिडोर निर्माण की दिशा में राज्य सरकार ने कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने जिलाधिकारी और एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ जिले के प्रवेश द्वार फकुली स्थित प्रस्तावित तोरण द्वार स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य बाबा गरीबनाथ धाम को राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। इसके तहत फकुली में भव्य स्वागत द्वार का निर्माण कराया जाएगा, जो मुजफ्फरपुर में प्रवेश करने वाले श्रद्धालुओं और कांवरियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा। इसके अलावा शहर के छाता बाजार और साहू पोखर चौक पर भी विशेष थीम आधारित भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। परियोजना के तहत ऐतिहासिक साहू पोखर का भी कायाकल्प किया जाएगा। यहां आकर्षक आरती डेक के साथ ग्लास ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। श्रद्धालुओं और कांवरियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कांवरिया पथ और प्रमुख पहुंच मार्गों के चौड़ीकरण की भी योजना है, ताकि सावन के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाया जा सके। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किए जा रहे इस प्रोजेक्ट के प्रथम चरण के लिए पर्यटन विभाग ने 6.19 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी है। इसकी पहली किस्त भी जारी हो चुकी है।


फकुली में बनने वाले प्रवेश द्वार के लिए जिलाधिकारी के साथ स्थल निरीक्षण करते पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता।

व्यापारियों ने उठाई जाम और पार्किंग की समस्या, नगर आयुक्त व सिटी एसपी ने जल्द समाधान का दिया भरोसा

## शहर में मल्टी स्टोरी पार्किंग व नो-एंट्री का समय बदलने पर हुई चर्चा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** शहर की यातायात व्यवस्था, जाम, पार्किंग एवं अतिक्रमण सहित व्यवसायियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद की समन्वय समिति की बैठक शुक्रवार को परिषद सभाकक्ष में हुई। बैठक में नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक मो. मोहिबुल्लाह अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

बैठक की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष श्याम सुन्दर भीमसेरिया ने की, जबकि सभापति अरुण कुमार सहित विभिन्न व्यवसायिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शहर की प्रमुख समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। परिषद अध्यक्ष ने कहा कि शहर में व्यवसाय करने वाले विभिन्न संगठनों को एक मंच पर लाकर समन्वय समिति का गठन किया गया है, ताकि व्यवसायियों की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जा सके और उनके समाधान के लिए समन्वित प्रयास हो।

उन्होंने गोला रोड की बदहाल स्थिति में सुधार, नो-एंट्री का समय सुबह छह बजे के बजाय आठ बजे करने, वन-वे व्यवस्था का सख्ती से अनुपालन कराने, मोतीझील एवं सरैयागंज मुख्य बाजार में बहुमंजिला पार्किंग बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने निमार्णाधीन सभागार के बेसमेंट तथा जुब्बा सहनी पार्क के पीछे पार्किंग की व्यवस्था कराने, चौक-चौराहों पर ऑटो एवं ई-रिक्शा के कारण हो रहे अतिक्रमण को हटाने तथा यातायात संकेत वाले स्थानों पर नियमानुसार गति अवरोधक बनाने की मांग रखी। इसके अलावा सरैयागंज में सुबह लगने वाली सब्जी मंडी को व्यवस्थित अथवा समाप्त कराने का सुझाव भी दिया गया।



उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद की समन्वय समिति की बैठक में नगर आयुक्त, नगर पुलिस अधीक्षक व अन्य।

विभिन्न व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने घिरनी पोखर सब्जी मंडी में शेड एवं प्लेटफॉर्म का निर्माण, अखाड़ाघाट पुल से जीरोमाइल तक डिवाइडर बनाने, शहर में जाम की समस्या दूर करने, सड़कों के बीच स्थित बिजली एवं टेलीफोन के खंभों को हटाने तथा ठेला-खोमचा के कारण उत्पन्न होने वाले जाम का स्थायी समाधान कराने की मांग की। डीआरबी मॉल में मोतीझील क्षेत्र के लिए पार्किंग की व्यवस्था, नो-एंट्री का समय सुबह आठ बजे करने तथा ह्यहमारा शहर, हमारी जिम्मेदारीह्ण अभियान के माध्यम से लोगों को यातायात एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का भी सुझाव दिया गया।

नगर पुलिस अधीक्षक मो. मोहिबुल्लाह अंसारी ने व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने व्यवसायिक साथियों को प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बैठक में उठाई गई अन्य समस्याओं को भी संबंधित स्तर पर देखा जाएगा।

नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने कहा कि निमार्णाधीन सभागार में पार्किंग की व्यवस्था करने पर निगम स्तर से भी विचार किया जा रहा है और वहां पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा शहर, हमारी जिम्मेदारी के तहत जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यातायात व्यवस्था में सुधार, डीआरबी मॉल में पार्किंग तथा बहुमंजिला पार्किंग की संभावनाओं पर भी जल्द कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बैठक में सभापति अरुण कुमार, परिषद अध्यक्ष श्याम सुन्दर भीमसेरिया, रवि मोटानी, अशोक कुमार नेमानी, मनोज प्रसाद गुप्ता (बेला), भैरव प्रसाद गुप्ता (सिकन्दरपुर), बाबूलाल गुप्ता, वार्ड पार्षद केपी पप्पू, राज कुमार राजू, संजय झा (बंका बाजार), बिहार राज्य खाद्यान्न व्यवसायी संघ के अध्यक्ष दिलीप कुमार, राजीव केजड़ीवाल, मो. नसरूल हसन, रामनारायण चौधरी, मणिमोहन कृष्ण, उमाशंकर चाचान, राजेश कुमार, रंजीत कुमार, रवि कुमार सर्राफ, जयप्रकाश सलामपुरिया, पवन कुमार, मनीष सलामपुरिया, दिलीप कुमार साहू, शिवशंकर प्रसाद साहू, संजीव कुमार, मुकेश अग्रवाल, अभिषेक चाचान, निशान्त केजड़ीवाल, श्याम कुमार, महेन्द्र तुलस्यान, विकास कुमार, प्रकाश कुमार, रवि यादव, प्रशान्त कुमार चौधरी, श्याम सुन्दर भरतिया, राज कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

## लोकप्रिय चीनी पर महंगाई का खतरा

देश में त्योहारों का मौसम नजदीक आते ही चीनी की कीमतों को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। चीनी ऐसी आवश्यक वस्तु है, जिसकी मांग केवल घरेलू उपयोग तक सीमित नहीं रहती, बल्कि मिठाई, बेकरी, पेय पदार्थ, होटल-रेस्तरां और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तक फैली हुई है। ऐसे में चीनी की कीमतों में होने वाला कोई भी बड़ा उतार-चढ़ाव सीधे आम उपभोक्ता की रसोई और अप्रत्यक्ष रूप से कई अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों को प्रभावित कर सकता है। यही कारण है कि चीनी बाजार में संभावित महंगाई को केवल एक कृषि जिंस की कीमत बढ़ने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे उपभोक्ता हित, किसान की आय और बाजार प्रबंधनतीनों के संतुलन से जोड़कर समझना होगा।

चीनी की कीमतों में तेजी के पीछे कई आर्थिक और मौसमी कारण हो सकते हैं। गन्ने का उत्पादन, चीनी मिलों की पेराई, चीनी का भंडार, घरेलू खपत, निर्यात-आयात की नीति, वैश्विक बाजार की स्थिति, मौसम और परिवहन लागत जैसे अनेक कारक मिलकर बाजार की दिशा तय करते हैं। इसलिए कीमतों में बदलाव को किसी एक कारण से जोड़ना उचित नहीं होगा। सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह किसानों को गन्ने का उचित मूल्य दिलाने के साथ उपभोक्ताओं को भी अनावश्यक महंगाई से बचाए।

भारत में चीनी उद्योग का स्वरूप अन्य कई कृषि क्षेत्रों से अलग है। लाखों किसान गन्ने की खेती से जुड़े हैं और बड़ी संख्या में श्रमिक तथा छोटे-बड़े कारोबारी चीनी उद्योग पर निर्भर हैं। यदि चीनी के दाम लंबे समय तक बहुत नीचे रहते हैं तो मिलों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो सकती है और किसानों के गन्ना भुगतान में परेशानी पैदा हो सकती है। दूसरी ओर, यदि बाजार में कीमतें अचानक बहुत बढ़ जाती हैं तो इसका बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ता है। इसलिए चीनी की कीमत का सवाल मूल रूप से किसान और उपभोक्ता के बीच संतुलन का सवाल है।

त्योहारों के समय मांग में सामान्य रूप से वृद्धि होती है। मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों के निर्माण में चीनी की खपत बढ़ने से बाजार पर अतिरिक्त दबाव बन सकता है। ऐसे समय में जमाखोरी और कृत्रिम कमी की आशंका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि हर मूल्य वृद्धि को जमाखोरी से जोड़ना भी उचित नहीं है। बाजार में वास्तविक आपूर्ति और मांग की स्थिति का आकलन किए बिना किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। इसलिए प्रशासन और संबंधित एजेंसियों को नियमित निगरानी के साथ वास्तविक आंकड़ों के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए।

सबसे जरूरी है कि चीनी की उपलब्धता और कीमतों से संबंधित सूचनाएं पारदर्शी हों। बाजार में अफवाहों का असर भी कीमतों पर पड़ता है। यदि उपभोक्ताओं को यह स्पष्ट जानकारी मिले कि देश में चीनी का पर्याप्त भंडार है, उत्पादन कितना हुआ है और आने वाले महीनों में आपूर्ति की क्या स्थिति रहने वाली है, तो अनावश्यक घबराहट कम हो सकती है। इसी तरह व्यापारियों और उद्योग को भी नीति संबंधी स्पष्टता मिले तो बाजार में अस्थिरता घट सकती है।

चीनी उद्योग में सरकारी नीतियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकार को उत्पादन, भंडारण, घरेलू आपूर्ति और निर्यात के बीच संतुलित नीति बनानी पड़ती है। यदि घरेलू बाजार में पर्याप्त उपलब्धता हो तो निर्यात से किसानों और उद्योग को बेहतर अवसर मिल सकते हैं। लेकिन यदि घरेलू आपूर्ति पर दबाव हो, तो नीति निर्माताओं को उपभोक्ताओं के हित को भी ध्यान में रखना पड़ता है। इसके विपरीत, जरूरत से ज्यादा प्रतिबंध उद्योग और किसानों की आय पर प्रतिकूल असर डाल सकते हैं। इसलिए नीतियां परिस्थितियों के अनुरूप और आंकड़ों पर आधारित होनी चाहिए।

एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष गन्ना किसानों का है। चीनी की कीमतों पर चर्चा करते समय किसानों की लागत और आय को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। खाद, सिंचाई, मजदूरी, डीजल और खेती से जुड़ी अन्य लागत लगातार बढ़ने पर किसान के लिए गन्ने की खेती तभी टिकाऊहोगी जब उसे उचित प्रतिफल मिले। यदि चीनी उद्योग को स्थिर रखना है तो गन्ना किसानों को समय पर भुगतान और उचित मूल्य सुनिश्चित करना जरूरी है। किसानों की आर्थिक मजबूती अंततः षि उत्पादन और चीनी की भविष्य की उपलब्धता से जुड़ी है। साथ ही उपभोक्ता हित की रक्षा भी उतनी ही जरूरी है। चीनी की कीमत में वृद्धि अकेले बड़ी समस्या न लगे, लेकिन जब उसके साथ दूध, खाद्य तेल, दाल, आटा और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ती हैं तो घरेलू बजट पर दबाव बढ़ जाता है।

# रेल अब आम की नहीं, खास की सवारी बन गई

भारतीय रेल कभी इस देश की रीढ़ थी। 1977 से 2014 तक रेल का मतलब था गरीब की सवारी। प्लेटफार्म पर कुली से लेकर मंत्री तक एक ही लाइन में टिकट लेते थे। जनरल का डिब्बा खचाखच भरा होता था, पर किराया इतना कम कि मजदूर भी घर जा सकता था। रेल का बजट अलग पेश होता था। उस बजट पर पूरे देश की नजर होती थी, क्योंकि रेल का फैसला सीधे 23 लाख परिवारों और रोज करोड़ों यात्रियों की जिंदगी तय करता था।

आज वही रेल एक सरकारी कॉमर्शियल विभाग बनकर रह गई है। नाम अब भी भारतीय रेल है, पर चरित्र बदल गया है। इंजन से लेकर स्टेशन तक, ट्रेन से लेकर खान-पान तक, हर जगह निजी हाथ दिख रहा है। सबसे बड़ा सौदा अदानी समूह के साथ हुआ है। लंबे-चौड़े दावे किए गए कि रेल विश्वस्तरीय होगी। पर हकीकत यह है कि किराया आसमान छू रहा है और सुविधा वहीं की वहीं है। ट्रेनों से जनरल और स्लीपर बोगियां घट रही हैं। साथ ही रेलवे की जमीन और कॉलोनियों का सौदा भी शुरू हो गया है। नतीजा यह है कि रेल अब आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही है और एक खास वर्ग की प्रीमियम सवारी बन गई है।

**जब रेल गरीब की थी :** समाजवादी सोच वाले रेल मंत्रियों ने रेल को जनसेवा माना। मधु दंडवते, जॉर्ज फर्नांडिस, रामविलास पासवान, नीतीश कुमार और लालू प्रसाद जैसे रेल मंत्रियों ने हमेशा जनता की सुविधा और उसकी जेब दोनों का ख्याल रखा। जनता एक्सप्रेस से लेकर जन शताब्दी तक, हर नई ट्रेन का नाम और मकसद एक था - कम पैसे में ज्यादा दूरी।

2003 में लालू प्रसाद ने गरीब रथ शुरू की। किराया वातानुकूलित चेयरकार का, पर सुविधा स्लीपर की। 2004 में मनमोहन सिंह सरकार ने जन शताब्दी चलाई। स्टेशनों पर जनता खाना की व्यवस्था हुई ताकि गरीब यात्री सस्ते में खा सके।

उस दौर में किराया महंगाई के अनुपात में बढ़ता था। 2000 से 2014 के बीच यात्री किराये में औसत वृद्धि 3 प्रतिशत सालाना रही। माल भाड़े की कमाई से यात्री किराये को सब्सिडी दी जाती थी। 2013-14 में रेलवे ने यात्री सेवाओं पर 24,600 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी। यानी एक यात्री पर औसत 46 रुपये की छूट।

रोजगार के लिहाज से भी रेल दुनिया का चौथा सबसे बड़ा नियोक्ता थी। 2014 में रेलवे में 13.26 लाख स्थायी कर्मचारी थे। भर्ती नियमित होती थी। स्टेशन मास्टर से लेकर लोको पायलट तक, सब सरकारी। रेलवे कॉलोनियां कर्मचारियों के लिए घर थीं। क्वार्टर, स्कूल, अस्पताल, बाजार - सब रेलवे के अंदर। वह एक छोटा भारत था।

**बदलाव की शुरुआत और निजीकरण का जाल :** 2014 के बाद तस्वीर धीरे-धीरे बदली। पहले रेल बजट को आम बजट में मिला दिया गया। 2017 में आखिरी बार अलग रेल बजट पेश हुआ। उसके बाद रेल की विशिष्टता खत्म हो गई। अब रेल भी डाक या दूरसंचार की तरह एक विभाग भर है।

इसके साथ निजीकरण तेज हुआ। 2020 में 109 मार्गो पर 151 निजी ट्रेन चलाने का प्रस्ताव आया। 2021 में 23 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का ठेका निजी कंपनियों को मिला। 2022 में 200 निजी कंपनियों को मालगाड़ी चलाने की अनुमति दी गई। 2023 में सबसे बड़ा सौदा सामने आया - अदानी समूह को मुंद्रा पोर्ट से हरियाणा तक माल ढुलाई के लिए विशेष कॉरिडोर और इंजन लीज पर देना। 2023-24 में 1,200 इंजन निजी पट्टे पर देने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी अदानी रेल को मिली।

यात्री सेवाओं में भी यही मॉडल आया। वंदे भारत एक्सप्रेस को मेक इन इंडिया की उपलब्धि बताया गया। पर इसके संचालन, रखरखाव और खान-पान में निजी कंपनियों की भूमिका बढ़ती गई। 2024 तक 102 वंदे भारत ट्रेनें चल रही थीं। इनमें से 40 प्रतिशत ट्रेनों का खान-पान और साफ-सफाई निजी एजेंसियों के पास है।

**किराया बढ़ा, सुविधा घटी, बोगियां घटीं :** सरकार ने दावे बड़े किए, पर जमीन पर हालत दूसरी है। पिछले 10 साल में किराया बेतहाशा बढ़ा। 2014 में दिल्ली से पटना स्लीपर का किराया 405 रुपये था। 2024 में 685 रुपये। 69 प्रतिशत की वृद्धि। प्लेटफार्म टिकट 10 से 50 रुपये। तत्काल शुल्क 100 से 300 रुपये। प्रीमियम तत्काल में किराया सामान्य से दोगुना। वंदे भारत का एक्जीक्यूटिव चेयर राजधानी से 50 प्रतिशत महंगा। दिल्ली-वाराणसी में राजधानी 1,545 रुपये, वंदे भारत 2,315 रुपये। समय का फर्क सिर्फ 30 मिनट।



प्रभात कुमार

पर इस बढ़े किराए के मुकाबले सुविधा कहां है।

खान-पान की हालत सबसे खराब है। 2023 में रेलवे ने 139 शिकायतें प्रति 10 लाख यात्री दर्ज कीं। इसमें 42 प्रतिशत शिकायतें खाने की गुणवत्ता और दाम को लेकर थीं। वंदे भारत में 350 रुपये की थाली में वही खाना मिलता है जो राजधानी में 140 रुपये में मिलता था। ठंडा, बेस्वाद और आधा। निजी कंपनियों को ठेका मिला है, इसलिए लागत घटाने के चक्कर में गुणवत्ता गई।

रखरखाव और सफाई भी संतोषजनक नहीं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 2023 की रिपोर्ट कहती है कि 62 प्रतिशत ट्रेनों में बोगी की साफ-सफाई मानक से नीचे थी। टयलेट में पानी नहीं, सीट फटी हुई, पंखा खराब। स्टेशन पुनर्विकास के नाम पर फुटओवर ब्रिज तो बन गए, पर प्लेटफर्म पर पीने का पानी और शौचालय की हालत जस की तस।

सबसे बड़ा झटका यह है कि ट्रेनों से गरीब की बोगियां ही गायब की जा रही हैं। रेलवे के आंकड़े बताते हैं कि 2014 में एक मेल-एक्सप्रेस ट्रेन में औसतन 3 जनरल और 6 स्लीपर बोगियां होती थीं। 2024 में यह घटकर 2 जनरल और 4 स्लीपर रह गई हैं। उसकी जगह 2 से 3 एसी बोगियां बढ़ा दी गई हैं। 2019 से 2024 के बीच 1200 से अधिक ट्रेनों से जनरल बोगी हटाई गई। कारण बताया गया कम राजस्व।

नतीजा सामने है। 2023-24 में जनरल और स्लीपर में भीड़ 2019 के मुकाबले 18 प्रतिशत बढ़ी। पटना-दिल्ली, हावड़ा-मुंबई जैसी ट्रेनों में जनरल में 200 लोग एक बोगी में सफर कर रहे हैं। टिकट है पर जगह नहीं। और जब जगह नहीं तो लोग मजबूरी में 3 गुना किराया देकर एसी में जाते हैं। यह कमाई का नया तरीका है - गरीब को ट्रेन से बाहर करो, फिर उसे महंगी श्रेणी में धकेलो।

रेलवे खुद मानता है कि 2023-24 में यात्री सेगमेंट में 62,000 करोड़ का घाटा है। इस घाटे को पाटने के लिए किराया बढ़ाया जा रहा है और सस्ती बोगियां घटाई जा रही हैं। पर पैसा जा कहां रहा है सुरक्षा पर नहीं, सफाई पर नहीं, रखरखाव पर नहीं। पैसा प्रचार और प्रीमियम ट्रेनों पर जा रहा है।

**वंदे भारत बनाम राजधानी : महंगी पर बेहतर नहीं :** सरकार कहती है वंदे भारत नए भारत की पहचान है। पर तुलना में वह फेल है।

राजधानी में बिस्तर, कंबल, तकिया, भोजन सब किराये में शामिल है। वंदे भारत में चेयरकार है। 8 घंटे बैठकर जाना है। भोजन के पैसे अलग। भीड़ के समय वेटिंग लिस्ट की वंदे भारत की टिकट 3 गुना तक ब्लैक होती है।

कांग्रेस के समय की राजधानी और शताब्दी का मकसद था कम समय में आरामदायक यात्रा। वंदे भारत का मकसद प्रीमियम ब्रांड बनाना है। पर ब्रांड के नाम पर किराया बढ़ा, गुणवत्ता नहीं बढ़ी। 2023-24 में वंदे भारत की औसत अधिभोग दर 98 प्रतिशत थी। पर यह पसंद नहीं, मजबूरी थी। क्योंकि उसी रूट पर सस्ती ट्रेन या तो रद्द कर दी गई या उसका समय बदल दिया गया।

**अमृत भारत : मजदूरों की ट्रेन या लेबर शटल :** गरीबों के लिए सरकार ने अमृत भारत ट्रेन शुरू की। नाम अच्छा है, पर मकसद साफ है।

इन ट्रेनों का रूट देखिए - बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा से महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली। यानी मजदूर भेजने वाले राज्य से मजदूर लेने वाले राज्य। किराया कम रखा गया है। स्लीपर 400 से 600 रुपये। पर सुविधा के नाम पर कुछ नहीं। पंखा, टॉयलेट, पानी की शिकायतें हर ट्रेन में। इन ट्रेनों में भी जनरल बोगी सिर्फ 2। भीड़ इतनी कि पैर रखने की जगह नहीं। 2024 में 50 अमृत भारत ट्रेन चलाने की घोषणा हुई। गरीब रथ और जन शताब्दी जैसी ट्रेनों की संख्या घटाकर उसकी जगह अमृत भारत को प्रचारित किया गया। फर्क सिर्फ नाम का है। सुविधा घटी है।

**रेलवे कॉलोनी और जमीन का सौदा :** सबसे खतरनाक खेल अब जमीन को लेकर शुरू हुआ है।

रेलवे के पास देश भर में 4.78 लाख हेक्टेयर जमीन है। यह रक्षा के बाद सबसे बड़ी सरकारी जमीन है। इसके साथ 3.2 लाख रेलवे क्वार्टर हैं। 2014 तक इन कॉलोनियों में 11 लाख परिवार रहते थे।

पिछले 5 साल में 1.2 लाख क्वार्टर खाली हो गए। कारण भर्ती बंद। रिटायरमेंट के बाद नए लोग नहीं आए। अब इन खाली क्वार्टरों और जमीन को अंडरयूटिलाइज्ड एसेट कहकर बेचने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

2022 में रेल भूमि विकास प्राधिकरण ने दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में 84 एकड़ जमीन निजी डेवलपर्स को लीज पर दी। 2023 में 14 रेलवे कलोनियों को तोड़कर वहां कॉमर्शियल टावर बनाने का टेंडर निकला। मुजफ्फरपुर, पटना और लखनऊ की पुरानी रेलवे कॉलोनियों की जमीन पर भी बिल्डरों की नजर है।

तर्क दिया जा रहा है कि इससे रेलवे को राजस्व मिलेगा। पर हकीकत यह है कि रेलवे अपनी विरासत बेच रहा है। वह जमीन जो कर्मचारियों के घर के लिए थी, अब मॉल और फ्लैट बनेगी। और रेलवे का कर्मचारी किराए के घर में जाएगा।

**रोजगार गया, ठेका आया :** रेलवे कभी 14 लाख लोगों को सीधी नौकरी देता था। 2024 में यह संख्या घटकर 11.8 लाख रह गई। पिछले 10 साल में 2.5 लाख पद खत्म। भर्ती के नाम पर अग्निवीर जैसी योजना की चर्चा। उसकी जगह ठेकेदारी बढ़ी। स्टेशन की सफाई, खान-पान, टिकट जांच, पार्सल बुकिंग - सब निजी। एक स्थायी कर्मचारी पर रेलवे 8 लाख सालाना खर्च करता है। एक ठेका कर्मचारी पर 2.4 लाख। बचत के नाम पर नौकरी खत्म। और ठेकेदार की सफाई में न गुणवत्ता है, न जवाबदेही।

**सुरक्षा और विश्वसनीयता पर सवाल :** निजीकरण के साथ दुर्घटनाएं भी बढ़ीं। 2023 में ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों की टक्कर में 288 लोग मरे। जांच में सिंगल सिस्टम में गड़बड़ी निकली। उसी साल 48 बड़ी दुर्घटनाएं हुईं। 2014 में यह संख्या 28 थी।

कवच जैसी सुरक्षा प्रणाली 2024 तक सिर्फ 1,500 किलोमीटर पर लगी। जबकि रेल नेटवर्क 68,000 किलोमीटर है। पैसा वंदे भारत की प्रचार फिल्मों पर खर्च हो रहा है, सुरक्षा पर नहीं।

**निष्कर्ष : रेल अब सेवा नहीं, सौदा है :** 1977 से 2014 तक रेल नीति का केंद्र बिंदु था - आम आदमी को सस्ती और सुरक्षित यात्रा। 2014 के बाद केंद्र बिंदु बदल गया - रेल को आत्मनिर्भर और कारपोरेट फ्रेंडली बनाना। इसमें रेलवे की आत्मा मर गई। वह जुड़ाव खत्म हो गया जो एक कुली और एक रेल मंत्री के बीच था। आज स्टेशन कारपोरेट ब्रांड के विज्ञापन से भरे हैं। ट्रेनों के नाम ब्रांड के नाम पर हैं। इंजन लीज पर हैं। ट्रेनों से जनरल और स्लीपर बोगियां गायब हैं। और अब रेलवे की जमीन भी बिकने लगी है। लंबे-चौड़े दावे हुए कि रेल बदल जाएगी। बदली जरूर। किराया बदल गया। पर खान-पान नहीं बदला। सफाई नहीं बदली। रखरखाव नहीं बदला। गरीब के लिए बोगी नहीं बची। जो बदला वह यह कि रेल अब जनता की नहीं रही।

अदानी समूह के साथ हुए सौदे, खाली कॉलोनियों की नीलामी, बढ़ता किराया, घटती सुविधा और घटती बोगियां - यह सब एक ही दिशा में इशारा कर रहे हैं। भारतीय रेल निजी हाथों की कठपुतली बन चुकी है।

रेल को बचाना है तो उसे फिर से जनसेवा बनाना होगा। किराया तर्कसंगत करना होगा। हर ट्रेन में कम से कम 4 जनरल और 6 स्लीपर बोगी अनिवार्य करनी होंगी। गरीब रथ जैसी ट्रेनें वापस लानी होंगी। भर्ती बहाल करनी होगी। रेलवे की जमीन बेचने के बजाय उस पर कर्मचारियों के लिए घर बनाने होंगे। सुरक्षा पर खर्च बढ़ाना होगा। वंदे भारत की 10 ट्रेन की जगह 100 जनसाधारण ट्रेन चाहिए।

वरना वह दिन दूर नहीं जब भारतीय रेल का बोर्ड उतर जाएगा और उसकी जगह किसी कारपोरेट का लोगो लग जाएगा। और तब प्लेटफार्म पर लिखा होगा - यह रेल अब आम की नहीं, खास की है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# रितेश पांडेय और आस्था सिंह की जोड़ी ने मचाया धमाल



भोजपुरी सुपर स्टार रितेश पांडेय और आस्था सिंह की जोड़ी ने अपने नए गाने 'साड़ी के पलट राजा' से धमाल मचा दिया है। यह गाना जी म्यूजिक भोजपुरी से रिलीज हुआ है और तेजी से वायरल हो रहा है।

इस गाने में दोनों की खूबसूरत केमिस्ट्री दर्शकों को खूब भा रही है, और यही वजह है कि गाना तेजी से वायरल भी होने लगा है। आपको बता दें कि गाने को भोजपुरी के लोकप्रिय गायक रितेश पांडेय और शिवानी सिंह ने अपनी सुरीली आवाज दी है।

गाने को लेकर रितेश पांडेय ने कहा कि 'साड़ी के पलेट राजा' मेरे लिए खास गीत है। इस गाने में आस्था सिंह के साथ काम करने का अनुभव बेहद अच्छा रहा और पूरी टीम ने इसे बेहतर बनाने के लिए काफी मेहनत की है।

शिवानी सिंह के साथ गायन, श्याम सुंदर का संगीत और सोनू संगम के शानदार बोल ने गीत को खूबसूरत बनाया है। मुझे उम्मीद है कि भोजपुरी संगीत प्रेमी और मेरे प्रशंसक इस गाने को अपना भरपूर प्यार और आशीर्वाद देंगे।

'साड़ी के पलट राजा' का वीडियो ष्णा अमृत फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड ने तैयार किया है। इसका संगीत श्याम सुंदर ने तैयार किया है, जबकि गीत के खूबसूरत बोल सोनू संगम ने लिखे हैं। गाने में रितेश पांडेय और आस्था सिंह की अनस्क्रीन जोड़ी को आकर्षक अंदाज में पेश किया गया है। वीडियो का निर्देशन और कोरियोग्राफी लक्की विश्वकर्मा ने की है, जबकि राजन वर्मा ने डीओपी के रूप में इसकी सिनेमैटोग्राफी संभाली है।

प्रोडक्शन की जिम्मेदारी आकाश विश्वकर्मा, असिस्टेंट शिवा, मेकअप राहुल, एडिटिंग रविश और डीआई रोहित सिंह ने संभाला है।

गाने की खासियत इसकी मधुर आवाज, आकर्षक संगीत, शानदार विजुअल्स और रितेश पांडेय-आस्था सिंह की खूबसूरत केमिस्ट्री है। जी म्यूजिक भोजपुरी के माध्यम से रिलीज हुए इस गाने से भोजपुरी संगीत प्रेमियों को एक बार फिर मनोरंजन का नया डोज मिलने वाला है। गाने के पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं।

# पटना की धरती पर गूंजा फिल्मी क्लैप, सत्यकेतु सिंह की 4 ओटीटी फिल्मों की शूटिंग शुरू !

### बिहार में भी अब वर्टिकल फिल्मों का दौर, डैफोडिल्स और भारत श्री फिल्म्स की बड़ी पहल

### मुंबई से बिहार लौटे निर्माता, कहा - बिहार बनेगा देश का बेस्ट शूटिंग हब

बिहार के पटना और सोनपुर से बॉलीवुड ओटीटी इंडस्ट्री के लिए बड़ी खबर सामने आई है। डैफोडिल्स एंटरटेनमेंट और भारत श्री फिल्म्स के बैनर तले बन रही 4 नई वर्टिकल हिंदी ओटीटी फिल्मों की ऑन-लोकेशन शूटिंग से पटना और दीघा-सोनपुर में शुरू हो गई है।

जिन 4 फिल्मों की शूटिंग एक साथ शुरू हुई है, उनके नाम हैं - रिपोर्टर साब, बवाल हो गया, दुल्हन फरार और झोलाछाप डक्टर।

इन फिल्मों के निर्माता सत्यकेतु सिंह और भरत अग्रवाल हैं, निर्देशन अश्वनी कुमार अश्व' कर रहे हैं और प्रचारक 'संजय भूषण पटियाला हैं। मुहूर्त के मौके पर पूरी टीम मौजूद रही।

बिहार पृष्ठभूमि पर निर्माता सत्यकेतु सिंह ने कहा - मैं मुजफ्फरपुर, बिहार का रहने वाला हूँ और पिछले कई सालों से मुंबई में कई फिल्में प्रोड्यूस कर रहा हूँ। मैंने बाहर रहकर एक बात महसूस की कि हमारे बिहार में टैलेंट की कमी नहीं है, लेकिन मौके की कमी है।

मैं चाहता हूँ कि बिहार में भी अच्छी, साफ-सुथरी और रोजगार देने वाली फिल्में बनें। इसीलिए मैंने जान-बूझकर अपनी इन चारों फिल्मों की शूटिंग मुंबई में नहीं, बल्कि अपने घर - पटना और सोनपुर में शुरू की है।



मेरा मकसद सिर्फ फिल्म बनाना नहीं, बल्कि मुंबई के दूसरे बड़े प्रोड्यूसर्स को भी इंस्पायर करना है कि वो बिहार आएं और यहाँ शूट करें।

उन्होंने आगे कहा, बिहार में इंडस्ट्री तो है, कलाकार भी हैं, कहानियां भी हैं, लेकिन शूटिंग की बेसिक सुविधा आज भी नहीं है। कैमरा, लाइट, प्रॉपर टीम आज भी हमें मुंबई से मंगानी पड़ती है, जबकि इंडस्ट्री में काम करने वाले 70 प्रतिशत टेक्नीशियन खुद बिहार के ही हैं।

अगर सरकार के सहयोग से पटना में एक प्रॉपर लाइन प्रोडक्शन और टेक्निकल हब बन जाए, तो मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि बिहार पूरे देश का बेस्ट शूटिंग डेस्टिनेशन बन सकता है।

इन फिल्मों में आदर्श आनंद, नितीश कुणाल राय, प्रेम कुमार, त्रिशाकर मधु, सोनू बोल्ट जैसे चर्चित कलाकार अहम भूमिका में नजर आएंगे।

ये चारों फिल्में जल्द ही रॉकेट रील ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होंगी।

## प्रवचन

# धर्म के प्रति श्रद्धा से परिवार हो जाता है पवित्र : जीयर स्वामी

मानव कहलाने के अधिकारी नहीं सदाचार एवं नैतिकता

भगवान एवं शास्त्र के वचनों पर संतों का मौलिक अधिकार

मर्यादाविहीन जीवन से पीढ़िया भी होती कुप्रभावित

सदाचार एवं नैतिकता विहीन मनुष्य मानव कहलाने का अधिकारी नहीं है। व्यक्ति को जीवन में अनैतिकता एवं दुराचार से बचना चाहिए। अनैतिकता से जीवन और मरण दोनों अमंगलमय हो जाते हैं। भावी पीढ़ी भी कलंक ग्रसित हो जाती है। अनैतिकता से जीवन यापन करने वाले को कभी यश प्राप्त नहीं होता। इसलिए स्वयं तथा अपनी पीढ़ियों के निमि मानव को मर्यादानुकूल जीवनयापन करना चाहिए। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि भगवान ने मनुष्य के अलावे दैत्य पुत्र प्रह्लाद एवं पशु गजेन्द्र पर भी कृपा की हैं, जो शास्त्र में उल्लेखित है। भगवान कभी पक्षपात नहीं करते। भगवान का शाब्दिक अर्थ भा से प्रकाश, ग-ज्ञान, वा से वैभव और न से नेक है। भगवान से ही ये गुण पैदा होते है। भगवान सब को प्रकाशित करते हैं, जिससे वे अपना प्रकाश हटा लेते हैं, उस जीव का तेज समाप्त हो जाता है। तेजोहीन जीव-अजीव का अस्मिता समाप्त हो जाती है।

स्वामी जी ने कहा कि जिस परिवार में धर्म के प्रति श्रद्धा होती है। वह परिवार पवित्र और धन्य हो जाता है। जिस कुल में वैष्णव उत्पन्न होते हैं वह कुल पवित्र हो जाता है। माता कृतार्थ हो जाती है। देश लोक पृथ्वी और पिता धन्य हो जाता है। अर्थात् वह कुल पवित्र हो जाता है। पृथ्वी पवित्र एवं धन्य हो जाती है। वह देश धन्य हो जाता है तथा उसके पितर लोग धन्य हो जाते हैं। भगवान का भक्त होना कल्याण कारक है। व्यास जी ने कहा है कि छेय, ज्ञेय, प्रेय और त्रेय नारायण ही एक माह भगवान एवं शास्त्र के वचनों पर संतों का सहज एवं मौलिक अधिकार होता है। भगवान ने एक बार नारद जी से कहा कि आप तय करें कि सबसे बड़ा कौन है नारद जी ने कहा कि जो सबसे बड़ा कार्य करे वही बड़ा है। यानी पृथ्वी है।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

भगवान ने कहा कि पृथ्वी का भार शेष जी उठाते हैं तो शेष जी बड़े है उनसे भी बड़े शंकर जी हैं, जो उन्हें अपने शरीर में लपेटे रहते हैं। शंकर जी से बड़े रावण हैं जो अंगूठे पर शंकर जी को उठा लिया। उससे बड़े बालि हैं जो रावण को छह माह तक कांख में दबाये रखा, उनसे बड़े राम हैं, जो बालि का वध किए। लेकिन राम से भी बड़े भगवान के भक्त हैं, जो अपने हृदय में उन्हें सूक्ष्म रुप में सदा धारण किए रहते हैं। भगवान के भक्तों से बड़ा दुनिया में कोई नहीं है। भगवान के भक्तों के साथ कभी अपचार नहीं करना चाहिए।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

# 15 वर्षो के जिम्मेदार विकास से अच्छे कल की नींव तक, यारा इंडिया ने बिहार के स्कूलों में पहुँचाई स्थिरता की पहल

**दुनिया की अग्रणी** उर्वरक कंपनी और पर्यावरण समाधान प्रदाता, यारा इंडिया, अपनी अच्छे कल की नींव फलदार वृक्षारोपण और जागरूकता पहल को अपने संचालन क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में ले जा रही है। यह पहल देश में यारा इंडिया के 15 साल के सफर पर आधारित है, जो समुदायों के लिए सार्थक और दीर्घकालिक प्रभाव पैदा करने के लिए पर्यावरण संरक्षण, पोषण जागरूकता और सामुदायिक जुड़ाव को एक साथ लाती है।

14-15 अगस्त को आयोजित इस दो दिवसीय पहल के तहत, यारा इंडिया ने बिहार में अपने संचालन क्षेत्रों के ग्रामीण इलाकों में स्थित 10 से अधिक सरकारी स्कूलों में 15 से अधिक पौधे लगाए। इन पौधों में आम, अनार, अमरूद, चीकू, शरीफा, ब्लैक प्लम, रामफल, संतरा, जुजुबे, जावा प्लम, बेर, कटहल और लीची शामिल थे। यारा इंडिया के व्यापक सामुदायिक जुड़ाव और जिम्मेदार विकास के प्रयासों के हिस्से के रूप में, अच्छे कल की नींव का उद्देश्य स्थिरता और पोषण से जुड़ी बातचीत को युवाओं के करीब लाना है। यह उन्हें हरित और स्वस्थ समुदाय बनाने में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित करता है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण की स्थायी समझ और भावी पीढ़ियों में निवेश के महत्व को बढ़ावा देता है।

इस देशव्यापी पहल के हिस्से के रूप में, यारा इंडिया ने स्थानीय सरकारी नर्सरियों की साझेदारी में 15 राज्यों के 100 सरकारी स्कूलों में 1100 से अधिक



देसी फलदार पौधे लगाए। इस कार्यक्रम ने वृक्षारोपण गतिविधियों और पोषण, पर्यावरणीय स्थिरता, खाद्य सुरक्षा तथा खाद्य बचाव पर केंद्रित ज्ञान-साझाकरण सत्रों के माध्यम से स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों, छात्रों और किसानों व खुदरा विक्रेताओं सहित स्थानीय समुदायों को जोड़ा।

इस पहल पर बोलते हुए, यारा साउथ एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, संजीव कंवर ने कहा, भारत में पिछले 15 वर्षो के हमारे जुड़ाव ने हमारे इस विश्वास को मजबूत किया है कि सार्थक प्रगति निरंतर कार्रवाई और मजबूत सामुदायिक भागीदारी से बनती है।

अच्छे कल की नींव पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी, पोषण जागरूकता और युवा दिमागों की भागीदारी को एक साथ लाकर इसी दर्शन को दर्शाती है। स्कूलों में हरित वातावरण बनाकर और छात्रों को इन विषयों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर, हमें उम्मीद है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक स्वस्थ और टिकाऊ समुदायों की नींव रखेंगे।

अच्छे कल की नींव के माध्यम से, यारा इंडिया ने स्थिरता और पोषण से जुड़ी बातचीत को समुदायों के करीब लाया और युवाओं को हरित तथा अधिक स्वस्थ परिवेश बनाने में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस पहल ने अपने संचालन क्षेत्रों में जिम्मेदार विकास और दीर्घकालिक सामुदायिक जुड़ाव के प्रति यारा इंडिया की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# कड़ाही कांड में रसोइए को राहत, जांच पर उठे सवाल तीन छात्राओं के झुलसने के बाद प्रशासनिक टीम ने की जांच

## घटना स्थल तक नहीं पहुंची टीम, बॉयाज मेस में मिली गंदगी और घटिया भोजन, पांच मेस के टेंडर पर भी उठे सवाल


झुलसी छात्राएं।


जांच करते डीडीसी एवं सदर एसडीओ।


छात्रों को सुनते राजद जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक।

मोतिहारी(एनएसबी)। इंजीनियरिंग कालेज के गर्ल्स हस्टल स्थित मेस में गर्म तेल की कड़ाही गिरने से तीन छात्राओं के झुलसने के मामले में शुक्रवार को जिला प्रशासन की जांच टीम कलेज पहुंची। जांच के दौरान घटना को जानबूझकर किया गया त्य नहीं माना गया, जिससे रसोइए को राहत मिल गई। हालांकि, जांच की प्रक्रिया को लेकर छात्रों में सवाल उठ रहे हैं। छात्रों का कहना है कि जिस गर्ल्स हस्टल मेस में घटना हुई, जांच टीम वहां प्रत्यक्ष निरीक्षण के लिए नहीं पहुंची। टीम ने बयज हस्टल के मेस का निरीक्षण किया, जहां छात्रों ने भोजन और साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर कई शिकायतें दर्ज कराईं।

बयज मेस में गी, जली सब्जी और पानी जैसी दाल

जांच टीम के समक्ष छात्रों ने मेस की व्यवस्था पर नाराजगी जताई। मेस परिसर में गी, खाने की टेबल की नियमित सफाई नहीं होने, जली हुई सोयाबीन की सब्जी, पानी जैसी दाल और मोटा चावल परोसे जाने की शिकायत की गई। छात्रों ने कहा कि कई बार भोजन की गुणवत्ता इससे भी खराब रहती है। मेस की स्थिति देखकर डीडीसी ने मेस इंचार्ज को कड़ी फटकार लगाई और व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। सदर एसडीओ अरुण कुमार ने बताया कि कमियों को दूर करने के लिए प्राचार्य को पत्र जारी किया गया है। मेस संचालक से जुर्माना वसूलने का निर्देश भी दिया गया है। अधिकारियों ने प्राचार्य से घटना की जानकारी लेने के साथ सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की।

घरेलू सिलेंडर के इस्तेमाल की होगी जांच

एसडीओ अरुण कुमार ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर की जगह घरेलू सिलेंडर के इस्तेमाल के आरोप की जांच के लिए एडीएसओ को निर्देश दिया गया है। मेस में सुरक्षा मानकों के अनुपालन की भी जांच कर आवश्यक सुधार कराने को कहा गया है।

छात्रों को मेस ले जाने पर सामने आया विवाद

जांच के दौरान कल्याणपुर के पूर्व विधायक सह राजद जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव और पूर्व विधायक राजेंद्र राम भी कलेज पहुंचे। प्राचार्य से घटना की जानकारी लेने के बाद जब दोनों बाहर निकले तो कुछ छात्र कलेज प्रबंधन की शिकायत करते हुए उन्हें मेस दिखाने ले जाने लगे। इसी दौरान प्राचार्य ड़ नवनीत कुमार ने छात्र हेमंत कुमार का जिक्र करते हुए बताया कि उसे हस्टल से निकाल दिया गया है।

इस पर एसडीओ ने पूछा कि हस्टल से निकाला गया छात्र कलेज परिसर में कैसे मौजूद है। प्राचार्य ने बताया कि छात्र को रैगिंग के आरोप में हस्टल से निकाला गया है, लेकिन वह कलेज का छात्र है। डीडीसी ने राजद जिलाध्यक्ष से भी छात्र के संबंध में जानकारी ली। इस घटनाक्रम ने कलेज की आंतरिक व्यवस्था और छात्रों की शिकायतों को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए।

पांच मेस और कैंटिन के टेंडर पर भी सवाल

छात्रों ने कलेज में संचालित पांच मेस और कैंटिन के टेंडर को लेकर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि लंबे समय से मेस और कैंटिन संचालित हो रहे हैं, लेकिन टेंडर प्रक्रिया स्पष्ट नहीं है। छात्रों ने कलेज प्रबंधन के करीबी लोगों से मेस संचालन कराए जाने का भी आरोप लगाया।

छात्रों के अनुसार लाडली डेयरी फार्म एंड प्रोडक्ट नामक फर्म द्वारा गर्ल्स हस्टल में दो और बयज हस्टल में एक मेस तथा मुख्य गेट पर कैंटिन संचालित की जा रही है। इसी फर्म के गर्ल्स हस्टल मेस में गुरुवार को कड़ाही की घटना हुई थी। वहीं शिवम इंटरप्राइजेज द्वारा दो मेस संचालित किए जाने की बात सामने आई।एसडीओ अरुण कुमार ने कहा कि नियम के तहत नया टेंडर होने तक पुराने टेंडर के आधार पर मेस संचालित किया जा सकता है। हालांकि, टेंडर की स्थिति की जांच कराने की बात भी कही गई है। प्राचार्य ने एक माह के भीतर नया टेंडर कराने, भोजन एवं पानी की गुणवत्ता सुधारने तथा लिफ्ट की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। एक माह बाद दोबारा जांच कराने की बात भी कही गई।

नाश्ते की लाइन में खड़ी थीं छात्राएं, गर्म तेल से झुलसीं

घटना गुरुवार सुबह गर्ल्स हस्टल के मेस में हुई थी। नाश्ता लेने के लिए छात्राएं लाइन में खड़ी थीं। कुछ छात्राएं पूड़ी के बजाय रोटी मांग रही थीं। इसी दौरान रसोइया चूल्हे से गर्म तेल की कड़ाही उतार रहा था। कड़ाही नीचे गिरने से गर्म तेल लाइन में खड़ी छात्राओं पर जा गिरा।

घटना में सीएसई एआई ब्रांच की मुजफ्फरपुर निवासी मोनाली प्रिया, सिविल सीए ब्रांच की जहानाबाद निवासी मधु प्रिया और सिविल एआई ब्रांच की शेखपुरा निवासी मुस्कान झुलस गईं। छात्राओं की चीख-पुकार से अफरातफरी मच गई। छात्रों का आरोप है कि एंबुलेंस उपलब्ध होने के बावजूद तत्काल मदद नहीं मिली। बाद में फैकल्टी सदस्यों ने निजी वाहन से तीनों को निजी अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद परिजनों को सूचना दी गई और शाम को परिजन छात्राओं को अपने साथ घर ले गए।

प्राथमिकी की जगह सनहा दर्ज

घटना के बाद छात्रों ने रसोइए को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। कलेज प्रबंधन की ओर से मुफस्सिल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के बजाय सनहा दर्ज कराया गया और रसोइए को छोड़ दिया गया। मेस संचालक का कहना है कि घटना जानबूझकर नहीं हुई। उनके अनुसार रसोइया जल्दबाजी में कड़ाही का हैंडल पकड़कर उसे नीचे उतार रहा था, इसी दौरान गर्म तेल छलक गया।

घटना स्थल के निरीक्षण पर सबसे बड़ा सवाल

प्रशासनिक जांच के बाद अब सबसे बड़ा सवाल घटना स्थल के प्रत्यक्ष निरीक्षण को लेकर है। तीन छात्राओं के झुलसने वाली जगह का निरीक्षण किए बिना घटना की परिस्थितियों और कारणों पर निष्कर्ष कैसे निकाला गया, इसको लेकर छात्र सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि मेस में भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, मेस संचालन की प्रक्रिया और घटना के बाद छात्राओं को उपलब्ध कराई गई चिकित्सा सहायतासभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।प्रशासन ने मेस की कमियां दूर करने, जुर्माना वसूलने और घरेलू सिलेंडर के इस्तेमाल की जांच के निर्देश तो दिए हैं, लेकिन घटना स्थल के प्रत्यक्ष निरीक्षण और छात्राओं के झुलसने की परिस्थितियों को लेकर उठे सवालों का स्पष्ट जवाब अभी सामने नहीं आया है। वही मौके प्रशिक्षु डीएसपी कुमारी सहित अनेक पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## सामाजिक समरसता का संदेश लेकर निकली संकल्प कलश यात्रा

**अलीनगर(एनएसबी)।** संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को अलीनगर में समरसता संकल्प कलश यात्रा निकाली गई। प्रखंड मुख्यालय से निकली यात्रा मुख्य एसएच-88 होते हुए पिरहौली गांव पहुंची, जहां विजय पासवान के दरवाजे पर सभा में परिवर्तित हो गई। सभा को संबोधित करते हुए यात्रा का नेतृत्व कर रहे बीडीओ ललित कुमार मिश्रा ने कहा कि संत रविदास की जन्मभूमि बनारस से लाई गई मिट्टी कलश में रखी गई है। इस कलश को प्रत्येक गुरुवार को प्रतिनिधियों के माध्यम से दलित एवं महादलित टोलों में ले जाया जाएगा। वहां लोगों को सामाजिक समानता और समरसता के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में कोई छोटा-बड़ा नहीं है। सभी को समान सम्मान और अवसर मिलना चाहिए। लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का भी प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में महादलित संगठन के नेता रोहित सदा, भाजपा मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो़ मुस्लिम आजाद, प्रमुख प्रतिनिधि राजीव कुमार यादव, ललित मोहन मिश्रा, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष मनेसुर रहमान, श्रवण झा, रौशन सदा, पंसस नौशाद आलम, अशर्फी कुमार, प्रकाश सहनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पत्नी के गायब होने के मामले में पति ने दर्ज कराया एफआईआर

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र के एक गांव से घर मे किसी को बताये बिना कहीं चले जाने का मामला प्रकाश मे आया है। इस मामले मे गायब गायब महिला के पति ने सिमरी थाना मे एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमे मधुबनी जिला, रहिका थानाक्षेत्र के ग्राम सुगौना गांव निवासी मो़ असगर को आरोपी बनाया है। दिये आवेदन में पति ने बताया कि पत्नी के उक्त युवक से बातचीत होने की जानकारी मिली थी। बाद में पत्नी घर से चली गई। काफी खोजबीन के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। पति ने आशंका जताई है कि आरोपी उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया की एफआईआर दर्ज कर मामले कि अनुसंधान शुरू कर दी है।

## बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में शिक्षा ऋण कम होने की खबर तथ्य से परे

**मोतिहारी(एन एस बी)।** बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को मिलने वाले शिक्षा ऋण में कमी किए जाने की खबर तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। राज्य सरकार ने विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के दायरे को और बढ़ाया है।सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार अब 2 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं 2 लाख से 4 लाख तक की वित्तीय सहायता अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पहले बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से ही 4 लाख तक की राशि उपलब्ध कराई जाती थी।बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना, पीएम विद्यालक्ष्मी पोर्टल और बैंकों से जोड़ने का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए संस्थागत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।इसके साथ ही विद्यार्थियों को पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के माध्यम से 10 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रकार उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को पहले की तुलना में वित्तीय सहायता के अब अधिक विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 886 करोड़ के व्यय की स्वीति दी गई थी। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में 950 करोड़ के व्यय की स्वीति प्रदान की गई है। इस प्रकार पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष में योजना के लिए 64 करोड़ अधिक व्यय की स्वीति दी गई है। आंकड़े स्पष्ट रूप से बताते हैं कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत वित्तीय सहायता का प्रावधान घटा नहीं, बल्कि बढ़ा है।सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आसान, व्यापक और संस्थागत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ पहुंचाना है।

# कृषि, पशुपालन व मत्स्यिकी उद्यमिता का बनेगा बड़ा मंच, प्रेक्षा गृह में लगेगा तीन दिवसीय मेला

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** किसानों, ग्रामीण युवाओं और महिला उद्यमियों को आधुनिक षि तकनीक और व्यवसाय के नए अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से 1 से 3 सितंबर तक महात्मा गांधी सभागार, राजा बाजार, मोतिहारी में षि, पशुपालन एवं मात्स्यिकी उद्यमी उन्नति मेला2026 का आयोजन होगा। आयोजन ड़ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय षि विश्वविद्यालय, पूसा के अंतर्गत षि विज्ञान केन्द्र, पीपराकोठी की ओर से किया जा रहा है। षि विज्ञान केंद्र के हेड ड अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय मेले में षि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्यिकी, षि यंत्रीकरण और षि आधारित उद्यमिता को एक मंच पर लाया जाएगा। किसानों को उन्नत बीज, पौध सामग्री, षि आदान और आधुनिक षि यंत्रों की जानकारी के साथ उनके प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। ड्रोन, जलवायु-अनुकूल षि तकनीक, प्रातिक खेती और श्रीअन्न आधारित षि प्रणाली भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। मेले में षि उत्पादों के मूल्य संवर्धन और स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देने के साथ किसानों एवं महिला उद्यमियों द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था भी रहेगी। प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों और मत्स्य पालकों को सम्मानित किया जाएगा। किसान गोष्ठी, प्रश्नोत्तरी, तकनीकी परामर्श और विशेषज्ञ परिचर्चा के माध्यम से खेती से जुड़े समसामयिक विषयों पर जानकारी दी जाएगी। आईसीएआर संस्थानों, षि विश्वविद्यालयों, षि विज्ञान केन्द्रों, किसान उत्पादक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, षि स्टार्टअप और षि उद्योगों की सहभागिता रहेगी। वैज्ञानिक जलवायु-अनुकूल खेती, फसल प्रबंधन, प्रातिक संसाधन संरक्षण, समेकित षि प्रणाली, डेयरी, मत्स्यिकी, मूल्य संवर्धन और आधुनिक षि यंत्रीकरण पर किसानों को तकनीकी जानकारी देंगे। मेले का उद्देश्य उत्पादन से उद्यम तक किसानों को उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन की पूरी श्रृंखला से जोड़ना है। आयोजकों के अनुसार इससे पूर्वी चंपारण सहित आसपास के जिलों के किसानों को आय बढ़ाने, षि विविधीकरण और ग्रामीण रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा लाभकारी एवं आत्मनिर्भर षि उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।



कार्यक्रम मेंउपस्थित लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल तस्करी से पहले 855 किलो यूरिया व 50 किलो खैनी जब्त, दो गिरफ्तार

**मोतिहारी(एन एस बी)** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), मोतिहारी के जवानों ने अगरवा गांव के समीप 19 बोरा यूरिया खाद, 50 किलोग्राम खैनी और चार साइकिल जब्त की। कार्रवाई के दौरान दो नेपाली नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया। जब्त यूरिया की कुल मात्रा 855 किलोग्राम है। एसएसबी की आसूचना शाखा को शुक्रवार सुबह करीब 7रू50 बजे सूचना मिली कि अगरवा गांव के रास्ते यूरिया खाद और अन्य प्रतिबंधित सामान नेपाल ले जाया जा रहा है। सूचना पर समवाय प्रभारी ने बाह्य सीमा चौकी रेगानिया को अलर्ट करते हुए विशेष गश्ती दल का गठन किया। सहायक उप निरीक्षक दिलीप रबि दास के नेतृत्व में चार जवानों की टीम को संदिग्ध क्षेत्र में भेजा गया। गश्ती दल ने संदिग्ध स्थान पर निगरानी शुरू की। इसी दौरान कुछ लोगों को साइकिल पर और कुछ को सिर पर यूरिया के बोरे लादकर भारत से नेपाल की ओर जाते देखा गया। जवानों को देखते ही तस्करों ने भागने का प्रयास किया। पीछा करने पर कुछ लोग साइकिल और सामान छोड़कर नेपाल की ओर भाग निकले, जबकि दो लोगों को जवानों ने मौके पर पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान प्रभु मुखिया के पुत्र, उम्र 18 वर्ष तथा अमीरखा मुखिया, पुत्र जयराम मुखिया, उम्र 19 वर्ष, दोनों निवासी ननसागरा घाट, डाकघर व थाना सिमरौनगढ़, जिला बारा, मधेश प्रदेश, नेपाल के रूप में हुई। एसएसबी ने दोनों से सामान से संबंधित वैध दस्तावेज और बिल मांगे, लेकिन वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद 19 बोरा भारत निर्मित यूरिया खाद, प्रत्येक बोरे में 45 किलोग्राम, कुल 855 किलोग्राम यूरिया, 50 किलोग्राम खैनी और चार साइकिल जब्त की गई।एसएसबी के अनुसार जब्त सामान को सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क कार्यालय, मोतिहारी में जमा कराया जा रहा है। कार्रवाई के बाद सीमा क्षेत्र में तस्करी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

### पीपराकोठी के बीरछपरा से लाखों की चोरी

**पीपराकोठी(एनएसबी)** बीरछपरा गांव में एक घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और लाखों रुपये नकद की चोरी हुई है। अज्ञात चोरों ने गुरुवार रात इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया है। पीड़ित गंगाधर ठाकुर ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। उनके अनुसार, गुरुवार की रात परिवार के सभी सदस्य भोजन के बाद सो गए थे। देर रात अज्ञात चोर घर के पीछे स्थित रोशनदान के रास्ते अंदर घुसे। चोरों ने मुख्य दरवाजा खोलकर अलमीरा का ताला तोड़ा और उसमें रखे नकद राशि तथा सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। सुबह करीब 4रू30 बजे परिजनों की नींद खुलने पर घर का दरवाजा खुला और अलमीरा टूटी मिली। खोजबीन के दौरान, घर से ले जाए गए खाली बक्से और पेटियां गांव के समीप रेलवे लाइन के किनारे बरामद हुईं, लेकिन उनमें रखे नकद और आभूषण गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। टीम वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटा रही है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस ने जांच के आधार पर दोषियों की पहचान कर शीघ्र कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### जयसिंहपुर बेलघटी में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत ससुराल वाले घर छोड़कर फरार

**तुरकौलिया।** थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर बेलघटी गांव में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान सरवर आलम की पत्नी 25 वर्षीय आएशा खातून के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही विवाहिता के मायके वाले बेलघटी पहुंचे तबतक सभी लोग घर छोड़कर फरार हो चुके थे। मृतका के चाचा मोतिहारी नकछेद टोला के नेजाम आलम ने बताया कि उनके भाई प्रवेज आलम उर्फ टुनटुन की पुत्री आएशा खातून की शादी करीब तीन महीने पहले मुमताज आलम के पुत्र सरवर आलम के साथ हुई थी। दोपहर में सूचना मिली कि आएशा की ससुराल में संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। जब जयसिंहपुर बैलघटी पहुंचे तो घर में शव पड़ा था और ससुराल पक्ष के लोग घर से फरार थे। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर आएशा की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगा रहे है। जबकि ग्रामीणों का कहना था कि परिवारिक कलह के कारण विवाहिता ने आत्महत्या कर ली है।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्सौल एयरपोर्ट के विकास की कवायद तेज, यात्री क्षमता व कार्गो संभावनाओं का होगा आकलन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** रक्सौल हवाई अड्डे के संचालन एवं विकास को लेकर यात्री क्षमता, सुविधाओं और माल ढुलाई (कार्गो) की संभावनाओं का आकलन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) नई दिल्ली एवं कोलकाता एयरपोर्ट के सहायक महाप्रबंधक समेत विभिन्न विभागों और संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सहायक महाप्रबंधक कुमार आशीष ने बताया कि रक्सौल एयरपोर्ट के विकास के संबंध में ट्रैफिक पोटेंशियल का विस्तृत अध्ययन कराया जा रहा है। प्रथम चरण का सर्वे पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे चरण का सर्वे चल रहा है। इसके तहत एयरपोर्ट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और प्रमुख राजमार्गों समेत विभिन्न स्थानों का सर्वे किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि अध्ययन के दौरान रक्सौल एयरपोर्ट के कैचमेंट क्षेत्र में उद्योग, पर्यटन, रेलवे, आईसीपी, सड़क परिवहन, शिक्षा, वाणिज्यिक संस्थानों, बस अपरेटरों तथा वाल्मीकि टाइगर रिजर्व सहित अन्य पर्यटन स्थलों से संबंधित जानकारी और आंकड़े जुटाए जा रहे हैं। बैठक में रक्सौल एयरपोर्ट के लिए संभावित यात्री संख्या, यात्री सुविधाओं, भविष्य की आवश्यकताओं तथा कार्गो परिवहन की संभावनाओं पर व्यापक विमर्श हुआ। विभिन्न हितधारकों ने अपने सुझाव और उपलब्ध आंकड़े साझा किए। प्रतिनिधियों ने कहा कि


बैठक में उपस्थित लोग।

रक्सौल में बेहतर हवाई संपर्क स्थापित होने से पर्यटन, उद्योग, व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने के साथ रोजगार एवं विकास के नए अवसर भी पैदा होंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त, एनएचएआई के परियोजना निदेशक, एसएसबी की 47वीं वाहिनी रक्सौल एवं 71वीं वाहिनी पिपराकोठी के समादेष्टा, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, जिला पर्यटन शाखा के प्रभारी पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, राज्य कर संयुक्त आयुक्त मोतिहारी एवं रक्सौल, नगर परिषद रक्सौल के कार्यपालक पदाधिकारी, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि, बापूधाम रेलवे स्टेशन मोतिहारी के स्टेशन अधीक्षक, आईसीपी रक्सौल के प्रबंधक, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रतिनिधि, चौंबर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा बस अनर संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने कहा कि रक्सौल एयरपोर्ट के विकास के लिए जिला प्रशासन से जिस प्रकार के सहयोग की अपेक्षा होगी, उसे तत्परता से उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक के अंत में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### स्टार्टअप को बाजार से जोड़ने पर मोतिहारी कॉलेज में कार्यक्रम

#### पांच स्टार्टअप उत्पादों का हुआ शुभारंभ एवं प्रदर्शन युवाओं को उद्यमिता के लिए किया गया प्रोत्साहित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मोतिहारी कलेज अफ इंजीनियरिंग में शुक्रवार को स्टार्टअप के लिए बाजार तक पहुंच एवं व्यवसाय के विस्तार विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मोतिहारी कलेज अफ इंजीनियरिंग के स्टार्टअप सेल एवं जिला उद्योग केंद्र (क्ष्ब), पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार रहे। वहीं महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के नवोदित एवं उभरते स्टार्टअप को बाजार उपलब्ध कराने, ग्राहकों तक पहुंच बनाने, उत्पादों के व्यावसायीकरण, ब्रांडिंग, निवेश के अवसर तथा कारोबार के विस्तार को लेकर उद्यमियों और विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देना था।इस दौरान स्टार्टअप संस्थापकों एवं विद्यार्थियों के साथ बाजार की जरूरतों, उत्पाद विकास, व्यावसायिक मडल और विस्तार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में पांच स्टार्टअप उत्पादों का शुभारंभ एवं प्रदर्शन किया गया। इनमें ड्रोनसारथी प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक शिवम कुमार, शिवखेलतंत्र प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक शिवम कुमार ईश्वर, कूक्सी के संस्थापक आयुष तथा पढ़ाक के संस्थापक अंकुर द्वारा विकसित उत्पाद शामिल रहे। एक अन्य नवाचार आधारित स्टार्टअप उत्पाद का भी प्रदर्शन किया गया। स्टार्टअप संस्थापकों ने अतिथियों के समक्ष अपने उत्पादों, नवाचारों, व्यावसायिक मडल एवं बाजार की संभावनाओं की जानकारी साझा की। अधिकारियों ने युवा उद्यमियों एवं विद्यार्थियों को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सरकार की ओर से स्टार्टअप एवं उद्योगों को उपलब्ध कराई जा रही सहायता और सुविधाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के परियोजना प्रबंधक अशोक एवं राजन, मोतिहारी कलेज अफ इंजीनियरिंग के फैकल्टी प्रभारी, स्टार्टअप सेल के सदस्य तथा विद्यार्थी समन्वयक मौजूद रहे।कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय नवाचारों को बाजार से जोड़ने, जिले में स्टार्टअप संसति को मजबूत करने तथा युवाओं को रोजगार तलाशने के बजाय रोजगार सृजन करने वाले उद्यमी के रूप में विकसित करने की दिशा में पहल की गई।


उद्घाटन करते डीडीसी व अन्य।

### टेम्पो से 342 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**दरभंग(एनएसबी)।** जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार के निदेर्शानुसार जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मद्यनिषेध टीम, दरभंगा द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध, दरभंगा श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि मोरो थाना क्षेत्र अंतर्गत बसुआरा विशनपुर-अतरबेल रोड के समीप गुप्त सूचना के आधार पर एक टेम्पू की जांच की गई। जांच के दौरान टेम्पू से परिवहन कर ले जाई जा रही 342 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा शराब के परिवहन में प्रयुक्त टेम्पू को जप्त कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध मद्यनिषेध अधिनियम के तहत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### सांसद ने माँ चामुंडेश्वरी का किया दर्शन क्षेत्र की समृद्धि के लिए मांगा आशीर्वाद

**दरभंगा(एनएसबी)।** धार्मिक एकरूपता भारतीय संसति की सबसे बड़ी पहचान है। भौगोलिक रूप से देश के हर कोने में रहने वाले लोग जब दूसरे क्षेत्र में जाते हैं तो देवी देवताओं का पूजन उन्हें इस बात का एहसास कराता है कि सनातन धर्म में आस्था हर व्यक्ति को एक दूसरे से जोड़ने का काम करता है।नागर विमानन मंत्रालय के बैठक में कर्नाटक दौरे पर गए दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने शुक्रवार को मैसूर स्थित पवित्र चामुंडी हिल्स पर माँ चामुंडेश्वरी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर माँ का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद उपरोक्तउार व्यक्त किए। सांसद डा ठाकुर ने महिषासुरमर्दिनी माँ चामुंडेश्वरी को कर्नाटक की आस्था, संसति एवं आध्यात्मिक परंपरा का गौरव बताते हुए कहा कि मैसूर राजपरिवार की आराध्य देवी के रूप में भी माँ का विशेष स्थान रहा है तथा देश स्तर पर सनातन धर्मावलंबियों के लिए यह स्थान आस्था का प्रमुख केंद्र है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीआईजी ने साइबर थाना का निरीक्षण कर जनहित कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र कुमार आशीष द्वारा जिलान्तर्गत साईबर थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग,भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में थाना में संधारित पंजियों एवं संचिकाओं का समुचित तरीके से संधारित करते हुये अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया है। थाना में लंबित कांडों की समीक्षा कर अगले माह निष्पादन हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया। साईबर थाना में पदस्थापित सभी अनुसंधानकर्ता को प्रत्येक माह कम-से-कम 10 कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिये।साथ ही साथ लंबित पुरानी शिकायतों का भी निपटारा करने का निर्देश दिये। साथ हीं आधुनिक तरीके से पूरे देश भर में साईबर पोर्टल के माध्यम से जो कार्य हो रहा है।उसकी भी समीक्षा की गयी तथा उसमें भी तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिससे आम जनता को बेहतर सुविधाएँ साईबर थाना, सहरसा के माध्यम से दिया जा सके।इस दौरान डीआईजी ने पुलिस भवनों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। साईबर थाना में कार्यरत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मियों के द्वारा किये जाने वाले कार्यों का भी मूल्यांकन कर आवश्यक निर्देश दिये।

### विद्यालय परिसर में तीन युवकों के पहुंचने से शिक्षकों में चिंता

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय सरबेला में 20 अगस्त को शिक्षण कार्य के दौरान तीन युवकों के विद्यालय परिसर में पहुंचने का मामला सामने आया है। प्रधानाध्यापक के अनुसार, युवकों द्वारा शिक्षकों को धमकी दिए जाने की बात भी सामने आई है। घटना के बाद विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं में चिंता का माहौल है। मामले को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार गौरव ने बनमा ईटहरी थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन के साथ विद्यालय परिसर में युवकों के मौजूद होने की तस्वीरें भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई हैं।प्रधानाध्यापक ने आवेदन में बताया है कि शिक्षण कार्य के दौरान तीन युवक विद्यालय परिसर में पहुंच गए थे। शिक्षकों ने उन्हें विद्यालय परिसर से बाहर जाने के लिए कहा। आरोप है कि परिसर से बाहर जाते समय युवकों ने शिक्षकों को धमकी दी। इसके बाद विद्यालय प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। विद्यालय में वर्तमान में 24 शिक्षक-शिक्षिकाएं कार्यरत हैं और करीब 500 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। प्रधानाध्यापक ने पुलिस से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के साथ विद्यालय में सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने की मांग की है। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित न हो और शिक्षक-शिक्षिकाएं भी निर्भय होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें, इसके लिए विद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।



### 17 माह से मानदेय का इंतजार, सफाईकर्मियों ने जिला प्रशासन से लगाई गुहार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।**बारा पंचायत, प्रखंड सत्तर कटैया के सफाईकर्मी पिछले 17 महीनों से अपने मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। सफाईकर्मियों का कहना है कि वे जनवरी 2023 से लगातार पंचायत में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन लंबे समय से मेहनताना नहीं मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।सफाई कर्मियों के अनुसार उनका निर्धारित मानदेय मात्र ₹3 हजार प्रतिमाह है। वही 17 माह का भुगतान लंबित रहने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि सफाई का काम लगातार लिया जा रहा है, लेकिन मेहनत के बदले मिलने वाला मानदेय समय पर नहीं दिया जा रहा।इस मामले को लेकर टुनटुन कामत, परमेश्वर सादा, महादेव राम, किरण देवी, बबलू साल, अजय दास, छ्ठु मुखिया और प्रकाश कामत ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।सफाईकर्मियों ने कहा कि ह्लहम पंचायत की सफाई के लिए लगातार अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन 17 महीने से मानदेय नहीं मिलने से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।ह्व उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कराने, लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराने तथा भुगतान में देरी के लिए जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। सफाईकर्मियों का कहना है कि उनकी मांग किसी विशेष सुविधा की नहीं, बल्कि उनकी मेहनत की उचित मजदूरी के भुगतान की है। अब उनकी नजर जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है।इस अवसर पर टुनटुन कामत, परमेश्वर सादा, महादेव राम, किरण देवी, बबलू साल, अजय दास, छ्ठु मुखिया एवं प्रकाश कामत सहित अन्य शामिल रहें।



### डूबने से मृत युवक के परिजन को मंत्री ने सौंपा चार लाख का चेक

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** देहद पंचायत के पूर्व मुखिया तुम सिंह के आवास पर शुक्रवार को बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने सुरसर नदी में डूबने से करीब एक माह पूर्व हुई लालटुन सादा की मौत के बाद उनके परिजन को आपदा सहायता राशि का चेक सौंपा। मंत्री ने मृतक की माता पामा देवी को मुख्यमंत्री राहत एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सहायता राशि का सदुपयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और उनके भविष्य को संवारने में करें। मंत्री ने कहा कि आपदा की घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। इसके बाद मंत्री सादा कोपा स्थित पंचायत सरकार भवन पहुंचे, जहां उन्होंने 56 भूमिहीन परिवारों को बासगीत का पर्चा सौंपा। उन्होंने कहा कि सरकार भूमिहीन परिवारों को आवास के लिए जमीन उपलब्ध कराने को लेकर लगातार कार्य कर रही है, ताकि गरीब परिवारों को अपना आशियाना बनाने में परेशानी न हो। मौके पर सीओ ललन चैधरी, आरओ सैयद बादशाह, जदयू जिला उपाध्यक्ष मुकेश झा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जय कुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह, रंजेश कुमार सिंह, हीरा झा, बौआ खां, बालकृष्ण झा उर्फ पप्पू, नंदकिशोर झा उर्फ पप्पू, रौशन कुमार सिंह, पूर्व उपमुखिया सदानंद ठाकुर, सोनू सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।



### अतिथि सहायक प्राध्यापकों द्वारा 25 को पटना में शांतिपूर्ण पैदल मार्च करेंगे

**सहरसा शहर (एनएसबी)।**राजेंद्र मिश्र महाविद्यालय सहरसा के अतिथि सहायक प्राध्यापकों द्वारा बिहार राज्य अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ के आह्वान पर 25 को पटना में अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण के मुद्दे को लेकर शांतिपूर्ण पैदल मार्च में भाग लेने के लिए महाविद्यालय प्रधानाचार्य से मिले। विदित हो कि राज्य के परंपरागत विश्वविद्यालयों के स्नाकोत्तर विभागों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षक पिछले सात-आठ वर्षों से अपनी सेवा दे रहें हैं। लेकिन आजतक केवल अतिथि शिक्षकों को आश्वासन ही मिलता रहा है। महाविद्यालय के सभी कार्यरत अतिथि सहायक प्राध्यापकों में डॉ.अखिलेश मिश्र, डॉ कमला कांत झा, डॉ कृष्ण कुमार यादव, डॉ.आलोक कुमार झा, डॉ.सुदीप कुमार झा, डॉ सुमंत कुमार, डॉ.पंकज यादव, डॉ.संजय परमार, डॉ.रूपक कुमारी, डॉ आलोक कुमार, डॉ किरण कुमारी, डॉ अक्षय कुमार चैधरी, डॉ डेजी कुमारी, डॉ पिंकी कुमारी, डॉ बिल्लो राम, प्रियदर्शनी, डॉ मनोज कुमार, डॉ आलोक कुमार मिश्रा, डॉ निशित रंजन, डॉ सुमंत राव, डॉ, डॉ प्रशांत कुमार मनोज, डॉ नबीबुल इस्लाम, डॉ सुप्रिया कश्यप, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ सुरेश प्रियदर्शी, डॉ रूद्राकिंकर वर्मा, डॉ हनी कुमारी, डॉ धनंजय कुमार सिंह, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ विकास कुमार, डॉ मनीष रंजन सैनी, डॉ सुरुचि चंद्रा, डॉ गौतम कुमार, डॉ लक्ष्मण कुमार, डॉ अब्दुल सत्तार, डॉ सोनी कुमारी, डॉ असरारुल हक, डॉ कोमल गुप्ता, डॉ बिट्टू कुमार मिश्रा, डॉ आनंद कुमार मिश्रा, डॉ रोशन कुमार यादव, डॉ अनिल कुमार, सौरभ कुमार पांडेय शामिल हैं।



# पटना से आई टीम व जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम अंतर्गत संचालित विभिन्न योजना की जांच पड़ताल

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन की शिकायत पर नगर विकास एवं आवास विभाग ने लगाए गए आरोपों की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम ने नगर निगम की विभिन्न योजनाओं की जांच की। विभाग द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष संयुक्त सचिव संजय कुमार, अवर सचिव परमानंद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता हरेंद्र उपाध्याय एवं सहायक अभियंता अखिलेश कुमार को समिति सदस्य शामिल है। चार सदस्यीय जांच टीम शुक्रवार को संयुक्त सचिव संजय कुमार के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय पहुंची एवं कई घंटे तक संबंधित योजनाओं एवं अभिलेखों की गहन जांच की। नगर निगम कार्यालय पहुंचने के बाद जांच टीम ने संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली एवं कार्यालय कक्ष में योजनाओं से जुड़ी फाइलों, स्वीकृति, लागत निर्धारण एवं कार्यान्वयन से संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल की। जांच टीम ने विशेष रूप से इस बात की जानकारी लेने का प्रयास किया कि योजनाओं को किस प्रकार स्वीकृत किया गया। कहीं कार्यों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर उनकी लागत 15 लाख रुपये से कम तो नहीं दर्शाई गई। अभिलेखों की जांच के बाद टीम ने कागजी दावों एवं धरातल पर हुए कार्यों का मिलान करने के लिए विभिन्न स्थलों का भी निरीक्षण किया। जांच टीम सबसे पहले गंगजला स्थित बंफर चैक पहुंची। जहां बुडको द्वारा संचालित योजनाओं की जांच की गई। इसके बाद टीम हवाई अड्डा परिसर पहुंची एवं नगर निगम की योजनाओं से निर्मित पार्क का गहन निरीक्षण किया। टीम ने पार्क की लंबाई-चैड़ाई, निर्माण कार्य की स्थिति और लगाए गए फेवर ब्लॉक सहित अन्य कार्यों की भौतिक स्थिति का जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार, योजनाओं को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर कार्य कराने के मामले को लेकर जांच टीम ने मौके पर नाराजगी भी जताई। टीम ने यह समझने का प्रयास किया कि संबंधित कार्यों को अलग-अलग योजनाओं के रूप में क्यों और किस आधार पर क्रियान्वित किया गया।



विभिन्न योजनाओं की जांच करते पटना की टीम

इसके बाद जांच टीम समाहरणालय एवं न्यू बस स्टैंड तथा न्यू कॉलोनी स्थित पोखर भी पहुंची एवं वहां नगर निगम द्वारा कराए गये कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। टीम ने योजनाओं की वास्तविक स्थिति, कार्य की गुणवत्ता एवं उपलब्ध अभिलेखों के बीच सामंजस्य की भी पड़ताल की।शिकायत में शहर के विभिन्न चैक-चैराहों पर टोल और पार्किंग वसूली से संबंधित आरोप भी लगाए गये हैं। ऐसे में जांच समिति द्वारा इससे जुड़े दस्तावेजों, प्रक्रिया, वसूली की व्यवस्था तथा नगर निगम को होने वाली आय की भी जांच किये जाने की संभावना है। विभागीय जांच पूरी होने के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि वसूली की प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुरूप हुई या नहीं। नगर निगम में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर लगातार सामने आ रही अनियमितता की शिकायतों के बीच शुक्रवार को एक और जांच टीम नगर निगम कार्यालय पहुंची। स्थानीय आरटीआई कार्यकर्ता चंदन कुमार सिंह की ओर से मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय सहयोग पोर्टल पर दर्ज करायी गयी शिकायत के आलोक में अपर समाहर्ता निशांत के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय जांच टीम ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर संबंधित योजनाओं की संचिकाओं की गहन जांच की। टीम में डीएसपी मुख्यालय केपी सिंह एवं ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता शामिल हैं। शिकायत कर्ता ने नगर निगम क्षेत्र में संचालित चार अलग-अलग योजनाओं में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता एवं सरकारी राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाते उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि करीब तीन से चार करोड़ रुपये के कार्यों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर कई खंड में कराया गया। जिससे निविदा प्रक्रिया से बचने की कोशिश की गई। इसके अलावा विभागीय स्तर पर कराये जा रहे कार्यों में अभिकताओं के माध्यम से कथित कमीशनखोरी का भी आरोप लगाया गया है। जांच टीम नगर निगम कार्यालय पहुंची एवं नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा से संबंधित शिकायतों से जुड़े दस्तावेज एवं संचिकाओं की जानकारी ली। टीम ने योजनाओं से संबंधित अभिलेखों की पड़ताल की। अपर समाहर्ता निशांत ने बताया कि मामले में विस्तृत जानकारी ली गयी है। जांच के बाद रिपोर्ट तैयार कर संबंधित स्तर पर भेज दी जायेगी। इधर, नगर निगम की विभिन्न योजनाओं को लेकर लगातार शिकायतें सामने आने एवं अलग-अलग कमिटियों द्वारा जांच किये जाने से निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। शिकायत में लगाये गये आरोपों की पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। जांच रिपोर्ट से यह स्पष्ट होने की उम्मीद है कि योजनाओं में निविदा प्रक्रिया, कार्य विभाजन, सामग्री की गुणवत्ता, भुगतान और प्राक्कलन के नियमों का पालन हुआ है या नहीं। नगर निगम में संचालित विभिन्न योजनाओं को खंड-खंड कर 15 लाख रुपये से कम लागत दशार्ने, सरकारी राशि के दुरुपयोग एवं वित्तीय अनियमितता के साथ-साथ शहर के विभिन्न चैक-चैराहों पर टोल व पार्किंग वसूली कराए जाने के आरोपों की विभागीय जांच शुरू हो गयी है।

## खाद्य सामग्रियों के दामों में बेतहाशा मूल्य वृद्धि के खिलाफ सीपीएम ने फुका पीएम का पुतला

**सहरसा शहर (एनएसबी)।**चीनी, सरसों तेल सहित अन्य खाद्य सामग्रियों के दामों में बेतहाशा मूल्य वृद्धि के खिलाफ सीपीएम ने शारदा नगर स्थित अपने पार्टी कार्यालय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन के लिए आक्रोश मार्च निकाल विरोध प्रदर्शन करते हुए चांदनी चैक पर पीएम का पुतला दहन किया। पुतला दहन उपरांत कामरेड अनिता देवी की अध्यक्षता में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य सह सहरसा पार्टी जिला सचिव कामरेड रणधीर यादव ने कहा केन्द्र में जब से मोदी की सरकार आयी है तब से मंहगाई आसमान को छू रही है। आमजन मंहगाई की मार से त्रस्त है। खाद्य सामग्रियों खासकर चीनी, सरसों तेल, चावल,आटा,दाल, मसाला का दाम एकाएक इतना बढ़ गया है कि आर्थिक संकट झेल रहे मेहनतकश, मजदूर, किसान को भोजन की समस्या उत्पन्न हो गयी है। आमजनों के घर का बजट बिगर गया है। चीनी के दामों में महज कुछ ही दिनों में प्रति किलो 20 रूपए से अधिक की बढ़ोतरी लोगों के पास एक कप चाय पीने की समस्या उत्पन्न कर रखा है। सरसों तेल की कीमत में भी 30 से 40 रूपए प्रति लीटर बढ़ा कर आमजन को जीना दुभर कर दिया है। इथनोल मिलावटी पेट्रोल जहां आमजनों की गाड़ियों को बर्बाद कर रहा वहीं गड़कड़ी जी के बेटे को मालामाल कर रहा है। प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदी जी यूपीए के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर तंज कसते बोलते थे मनमोहन जी मंहगाई का म बोलने को तैयार नहीं है पर आज खुद मंहगाई से देश की जनता त्राहि-त्राहि कर रहा है मोदी जी एक शब्द नहीं बोल रहे है। आज जनता के उपभोग की सारी चीजों का दाम कई गुणा बढ़ गया है और बिहार सरकार के एक मंत्री कह रहे है चीनी के दाम बढ़ने से जनता को कोई दिक्कत नहीं है चीनी लोग कम उपयोग करते हैं चीनी से डायबिटीज होता है ऐसे बेशर्मी को क्या कहा जाए। लगता है एनडीए के नेताओं के आंख का पानी मर गया है। पार्टी जिला सचिव कामरेड रणधीर ने केन्द्र और राज्य सरकारों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर महंगाई पर काबू नहीं हुआ तो पार्टी इस मुद्दे को लेकर बड़ी लड़ाई लड़ेगी। पुतला दहन कार्यक्रम में पार्टी नेता कुलानन्द कुमार नसीम उद्दीन, रमेश यादव, मनोज शर्मा, दुखी शर्मा,नसीम मिस्त्री, मुर्शीद आलम, चन्द्रकला देवी, बबिता देवी,कैलाश स्वर्णकार, बलराम यादव,मो मक्सुद,विजो मंडल, दिलीप शर्मा,मो सोनू, मो जुवेर,केशव कुमार,अलसम,मो सलीम सहित अन्य मौजूद थे।



पुतला फुकते सीपीएम कार्यकत्ता

## महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिली, छुआछुत खत्म हुआ: शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** वनगांव थाना क्षेत्र के डीहवार बाबा लस्करी स्थान बलहा पट्टी में शुक्रवार को शिव शिष्यता के 3 सुत्र, मानव जीवन के लिए प्रेरणादायी विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित शिव के शिष्य भाई परमेश्वर ने कहा कि साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी द्वारा प्रदत्त 3 सुत्र के करते रहने से मानव मन संसारिक झंझावात से मुक्त हो जाता है। शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते उन्होंने कहा कि 80 के दशक से साहब श्री ने जनमानस के बीच शिव शिष्यता के 3 सुत्र देते कहा कि भगवान शिव को शिष्य भाव देते रहने से लौकिक पारलौकिक मनोरथ पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण भारत बर्ष में साहब श्री के बताए मार्ग पर जबसे लोगों ने चलना प्रारंभ किया तबसे उनके जीवन में पहले से बेहतर परिणाम मिले, आध्यात्मिक यात्रा सुलभ हुआ, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिली, छुआछुत खत्म हुआ। उन्होंने कहा कि आध्यात्म के दुनिया में आस्था रखें, अंधविश्वास नही। जिसने भगवान शिव के गुरु स्वरुप से जुड़ा और उन्हें 3 सुत्र के माध्यम से शिष्य भाव अर्पित करने लगे आज उन्हें देखकर लोगों ने भगवान शिव को गुरु मानने लगा। उन्होंने समाज के बच्चे, युवा, प्रोढ, बुद्धिजीवी एवं ज्ञानीजन से आग्रह करते कहा कि आप अपने अड़ोसी पड़ोसी के लोगों को शिव शिष्यता का सहारा लेने के लिए प्रेरित करेंगे तो बच्चे नशा जैसी लत से धीरे धीरे मुंह मोड़ने लगेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान कालखंड में जितनी तेजी से नशा सेवन का शिकार किशोरावस्था के बच्चे हो रहें हैं उसमें भगवान शिव की शिष्यता और 3 सुत्र कमाल के औषधीय हैं जिसे करने से मस्तिष्क काम करना प्रारंभ कर देगा, शरीर में फैले विभिन्न प्रकार के बीमारियाँ खत्म होने लगेगा, और खतरा का बादल छट जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरुओं की परंपरा में शिव को आदि गुरु, जगत गुरु, विश्व गुरु कहा गया है। इस कालखंड के प्रथम शिव के शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने कहा कि वह शिव जो जगत के गुरु हैं, उनका शिष्य बनने के लिए हर एक व्यक्ति स्वतंत्र है और शिव का शिष्य बनने के लिए कोई शर्त,कोई प्रतिबंध एवं किसी प्रकार की वर्जना नहीं है।



संगोष्ठी को संबोधित करते शिव शिष्य

## उच्च न्यायालय का बड़ा आदेश प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर 5 सितंबर को होगी विशेष बैठक

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड प्रमुख रंजू देवी के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के मामले में पटना उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। न्यायालय ने 21 मई 2026 को जारी अंतरिम आदेश को समाप्त करते हुए अविश्वास प्रस्ताव पर विशेष बैठक के लिए 5 सितंबर 2026 की तिथि निर्धारित की है। न्यायालय ने सभी पंचायत समिति सदस्यों को बैठक की सूचना समय पर देने तथा निर्धारित तिथि को विशेष बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया है। इससे पहले 21 मई के अंतरिम आदेश के बाद अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगा दी गई थी। इसके बाद प्रखंड कार्यालय की ओर से 30 मई को सभी पंचायत समिति सदस्यों को पत्र जारी कर विशेष बैठक की प्रक्रिया स्थगित रहने की सूचना दी गई थी। अब हाईकोर्ट के नए आदेश के बाद अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया दोबारा शुरू होगी। बैठक की तिथि निर्धारित होने के बाद प्रखंड क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। वहीं सभी की नजर अब 5 सितंबर को होने वाली विशेष बैठक पर टिकी है।





### सोलर रथ को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आम उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज षुक्रवार को सोलर रथ को जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ विधुत अधीक्षण अभियंता, वरिष्ठ प्रबंधक, विद्युत कार्यपालक अभियंता एवं सिमरी बख्तियारपुर, प्रबंधक सहित सभी सहायक एवं कनीय विद्युत अभियंता तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## विश्व उद्यमिता दिवस पर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, सहरसा के स्टार्टअप सेल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** षुक्रवार को विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, सहरसा स्थित स्टार्टअप सेल द्वारा ह्लैबंसंइपसपजल - डंतामज ।बबमेह्व विषय पर उद्यमिता एवं स्टार्टअप जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन संबोधन में महाविद्यालय के उप प्राचार्य श्री मनीष कुमार ने विद्यार्थियों से अकादमिक गतिविधियों के साथ-साथ स्टार्टअप एवं उद्यमिता को भी प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम में ।तलं ळव ब्ड़े च्अज. स्जक. के सह-संस्थापक श्री धीरज सिंह एवं मनोज ठाकुर ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि छोटे शहरों एवं कस्बों में परिवहन की समस्याओं के समाधान की दिशा में उनका स्टार्टअप कार्य कर रहा है। उन्होंने स्टार्टअप शुरू करने, मार्केट एक्सेस, ग्राहक आधार विकसित करने, व्यवसाय को स्केल करने तथा आने वाली चुनौतियों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी।ै जंतजनच ठपींत के माध्यम से सहरसा अभियंत्रण महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा विकसित ह्लळवसकमद ळपतसह्व की संस्थापक अदिति कुमारी, सृष्टि स्वरूप एवं काजल रानी ने भी अपने उद्यमिता अनुभव साझा किए। उन्होंने महिला उद्यमी के रूप में आने वाली चुनौतियों और अपने उत्पाद को बाजार तक पहुंचाने के सफर के बारे में बताया। इस अवसर पर ळवसकमद ळपतस के उत्पाद का औपचारिक लॉन्च जिला उद्योग केंद्र, सहरसा के महाप्रबंधक श्री मुकेश कुमार द्वारा किया गया। ळवसकमद ळपतस द्वारा राइस हस्क एवं अन्य कृषि अपशिष्ट पदार्थों से प्लेट, कप, वाटर बॉटल, प्लांटेशन पॉट आदि पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। यह पहल महिला उद्यमिता के साथ-साथ सस्टेनेबल एवं पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिले के अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक श्री राजकुमार करमकर ने स्टार्टअप एवं व्यवसाय के लिए बैंकों की वित्तीय भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उद्यमियों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मंडन भारती कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक मो. रहमान ने कृषि आधारित स्टार्टअप की संभावनाओं एवं कृषि तथा उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। स्टार्टअप सेल की फैकल्टी इंचार्ज पूनम कुमारी ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं के प्रति जागरूक किया, जबकि जिला उद्योग केंद्र के परियोजना प्रबंधक श्री शिवकांत राहुल ने उद्योग विभाग की योजनाओं एवं स्टार्टअप से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। समापन अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मुकेश कुमार ने सभी अतिथियों, उद्यमियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए बिहार सरकार द्वारा स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। सहित विभिन्न स्टार्टअप एवं उद्योगों के प्रतिनिधि तथा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मंडन भारती कृषि महाविद्यालय एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को ह्लश्रवइ ैममामत से श्रवइ ब्तमंजवतह्व बनने तथा नवाचार, उद्यमिता एवं स्थानीय संसाधनों पर आधारित व्यवसाय को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।




विश्व उद्यमिता दिवस पर अतिथि

# भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के कारण संगठन लगातार मजबूत हो रहा है : संजय

**खगड़िया (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी खगड़िया के नवनिर्मित जिला पार्टी कार्यालय का शुक्रवार को बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जिले के विभिन्न बूथों, शक्ति केंद्रों एवं मंडलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचे। पूरा परिसर पार्टी के झंडों, बैनर और कार्यकर्ताओं की मौजूी से उत्सव के माहौल में नजर आया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ भगत ने की। बताते चले कि लंबे समय से जिला स्तर पर एक स्थायी एवं आधुनिक कार्यालय की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। कार्यकर्ताओं के इस सपने के साकार होने के अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी।

वही प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के खगड़िया आगमन पर खगड़िया सीमावर्ती क्षेत्र स्थित सैनिक लाइन होटल के समीप प्रदेश परिषद सदस्य ष्ण कुमार उर्फ मुन्ना यादव के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें लड्डू से तौलकर भी स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने गौ सेवा की और गायों को चना खिलाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने गौ सेवा को सेवा एवं सामाजिक समरसता की भावना से जोड़ते हुए प्रदेश अध्यक्ष के साथ इस सेवा कार्य में सहभागिता की। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष पार्टी के नवनिर्मित जिला कार्यालय में आयोजित उद्घाटन एवं सम्मान समारोह के लिए रवाना हुए। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मोर्चा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। भाजपा के नवनिर्मित जिला कार्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचने के बाद प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने फीता


उद्घाटन करते भाजपा प्रदेष अध्यक्ष।

काटकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान शिलान्यास बोर्ड का अनावरण किया गया तथा नारियल फोड़कर शुभारंभ की औपचारिकता पूरी की गई। इसके बाद जिला कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया एवं भाजपा का झंडा फहराया गया। झंडोत्तोलन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के उद्घोष किए। उद्घाटन के बाद जिला कार्यालय के सभागार में भव्य उद्घाटन, सम्मान एवं कार्यकर्ता सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि जिला कार्यालय सिर्फ एक भवन नहीं है, बल्कि यह संगठन की गतिविधियों, कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, बैठकों, जनसंपर्क, सेवा कार्यो और राष्ट्रहित से जुड़े कार्यक्रमों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के कारण संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा एवं केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन की आगामी गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत कार्यकर्ता हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने संत रविदास जी के कलश को विभिन्न मंडलों को समर्पित किया। उन्होंने सामाजिक समरसता और समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने कहा कि भाजपा सेवा, संगठन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। कार्यकर्ताओं को समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच जाकर सेवा और संपर्क की भावना को मजबूत करना चाहिए। भाजपा के प्रदेश महामंत्री ड़ प्रीति शेखर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, महिला भागीदारी और बूथ स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही मजबूत राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। कार्यकर्ताओं की सक्रियता, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क के माध्यम से संगठन को और अधिक व्यापक बनाया जा सकता है। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी कुमार राघवेंद्र ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और पार्टी को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने को लेकर विस्तार से अपनी बातें रखीं। जिला संगठन प्रभारी राज किशोर सिंह ने संगठन के कार्यो और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं के निरंतर परिश्रम पर निर्भर करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ भगत ने प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खगड़िया भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए नवनिर्मित जिला कार्यालय लंबे समय से देखा जा रहा सपना था, जो आज साकार हुआ है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिला कार्यालय के माध्यम से पार्टी संगठन को और अधिक गति मिलेगी तथा बूथ से लेकर जिला स्तर तक कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिलेभर से पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री नीतीश कुमार ने किया। इस अवसर पर मंच पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज चौधरी, सुनील कुमार सिंह, अभय सिंह, कंचन पटेल, परबत्ता विधानसभा संयोजक वेद प्रकाश यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ड़ सलील यादव, अश्वनी चौधरी, अश्वनी सिंह, प्रदेश परिषद सदस्य सुमिता देवी राय, नगर पंचायत अध्यक्ष ममता कुमारी, गोगरी नगर उपसभापति राजेश पंडित, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, राजेश सिंह, जिला महामंत्री ड़ इंदु भूषण कुशवाहा, नंदू शाह, भाजपा नेता गौरव कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितम्बर को

**खगड़िया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया द्वारा दिनांक 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट खगड़िया एवं अनुमंडलीय सिविल कोर्ट गोगरी में किया जायेगा। उक्त बात की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया के सचिव श्री चंदन कुमार द्वारा बताया गया कि दिनांक 12 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों का जायजा लेने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया राजेश कुमार बच्चन के निर्देश पर सभी विभागों के पदाधिकारीगण, बैंक के शाखा प्रबंधकगण एवं न्यायिक पदाधिकारीगण की लगातार बैठकें आयोजित अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु निर्देशित किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत अधिक से अधिक बातों की निष्पादन हेतु न्यायालय एवं सभी संबंधित विभाग द्वारा वादों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस निर्गत किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से शमनीय अपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना दावा वाद, एन आई एक्ट की धारा 138 के वाद, बैंक ऋण वसूली वाद, ट्रैफिक चालान से संबंधित वाद, बिजली से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, श्रम विवाद आदि का निष्पादन आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया जा सकता है। लोक अदालत के माध्यम से वाद निष्पादन कराने पर वकील का खर्च नहीं होता है, कोर्ट फीस नहीं लगता है, किसी पक्ष को सजा नहीं होती है, मामले को बातचीत एवं सुलह समझौते से हल कर लिया जाता है, मुआवजा और हर्जाना तुरंत मिल जाता है, फैसला अंतिम होता है एवं फैसले के विरुद्ध अपील नहीं होता है। प्राधिकार के सचिव द्वारा जिले की समस्त जनता से अपील किया गया है कि वे आपसी मतभेद और वैमनस्य भुला कर अपने विवादों का प्रेम और सौहार्द से आगामी लोक अदालत में सुलह के आधार पर त्वरित निपटारा कराएं तथा अपने कीमती समय और पैसे बचाएं।

### जन समाधान कार्यक्रम में 16 मामलों की सुनवाई, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

**खगड़िया।** जिलाधिकारी विक्रम विरकर के निर्देशानुसार आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में "जन समाधान कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया। वरीय पदाधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का "समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन" सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आज आयोजित जन समाधान कार्यक्रम में "कुल 16 मामलों की सुनवाई" की गई। इनमें "अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, आपदा प्रभारी, निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला खनन पदाधिकारी, भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, खगड़िया, भूमि सुधार उप समाहर्ता, गोगरी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला अवर निबंधक पदाधिकारी, गोगरी, अनुमंडल पदाधिकारी, खगड़िया सदर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समेकित बाल विकास सेवाएं, अंचलाधिकारी, खगड़िया तथा अंचलाधिकारी, अलौली" से संबंधित मामले शामिल थे। सभी मामलों पर विस्तृत सुनवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए "निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन" सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिन मामलों में स्थलीय जांच आवश्यक है, उनमें शीघ्र जांच कराकर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया। संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि प्रत्येक आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। जन शिकायतों के समाधान में "पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संवेदनशीलता" बनाए रखना सभी संबंधित पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से आयोजित "जन समाधान कार्यक्रम" का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रशासन एवं आमजन के बीच संवाद एवं विश्वास को और अधिक सुढ़ करना है।

## खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने

**खगड़िया।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान एमज़ी रोड स्थित गंगाराम, वार्ड नंबर-22 तथा न्यू मुंगेरिया स्वीट एंड चार्टस की दुकान सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की स्थिति, खाद्य पदार्थो के रख-रखाव, भंडारण व्यवस्था एवं खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। टीम द्वारा विभिन्न खाद्य पदार्थो के नमूने भी संग्रहित किए गए, जिन्हें गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थो को सुरक्षित एवं स्वच्छ तरीके से रखने, परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही, प्रतिष्ठानों से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों एवं खाद्य पंजीकरण की स्थिति की भी जांच की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य मिलावटी एवं मानकों के विपरीत खाद्य पदार्थो की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाना तथा आम लोगों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थो के नमूना संग्रहण की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।


जांच करते अधिकारी।

### यात्री शेड के अवैध कब्जे से लोगों को हो रही है परेशानी

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के सार्वजनिक चौराहों पर लाखों रुपये की लागत से बनाए गए यात्री शेड अब ग्रामीणों और दबंगों के अवैध कब्जे में चले गये हैं। बताते चले कि प्रखंड क्षेत्र के बीपी मंडल सेतु पुल से सटे उसराहा चौक स्थित यात्री शेड इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार निर्माण के बाद से आज तक एक भी यात्री को इस शेड में आराम करने की जगह नहीं मिल सकी। शेड पर ग्रामीणों ने पूरी तरह से अतिक्रमण कर रखा है। जब भी कोई इसे खाली कराने या हटाने की बात कहता है तो दबंग प्रवृत्ति के लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

## पकरैल में 16 लोगों को मिला कबीर अंत्येष्ठि का लाभ

**महेशखूंट।** गोगरी प्रखंड क्षेत्र के पकरैल पंचायत में 16 लोगों को कबीर अन्तेश्टि योजना का लाभ शुक्रवार को मिला। प्रत्येक लाभार्थी को तीन हजार रूपए मिला। मुखिया अरूण कुमार ने बताया की निधन होने के बाद सरकार ने दाह संस्कार के लिए निःसहाय व गरीब परिवार को कबीर अंत्येश्टि की लाभ दिया जाता है। उन्होने कहा कि सरकार के द्वारा उठाया गया यह कदम गरीब परिवार के लिए मदार साबित हो रहा है। पंचायत के हर परिवार की सुविधा तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने हमारा पहला लक्ष्य है। पंचायत सचिव अभिषेक कुमार ने बताया की कबीर अंत्येश्टि की लाभ के मृतक के परिजन बीपीएल सूची, आवेदक का आधार कार्ड लगाकर पंचायत भवन में कार्यपालक सहायक के पास जाकर आन लाईन आवेदन कराते हैं। विभागीय स्वीति मिलने के बाद आवेदक को कबीर अत्येश्ठि की लाभ तीन हजार रूपया दिया जाता है। वहीं लाभार्थी लालमणि देवी, कंचन देवी,रेखा देवी, द्रौपदी देवी,रूणा देवी,रानी देवी, सरोजनी देवी आदि ने कबीर अंत्येश्ठि की तीन हजार मिलने पर काफी उत्साहित नजर आयी। मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक रवि शंकर कुमार, राजस्वकर्मी अनिष अंकित, षि समन्वयक रामपाल सिंह, विकास मित्र निशा भारती,योगेन्द्र सदा, रामबिलास साह आदि मौजूद थे।


चेक देते मुखिया।

### अलग-अलग मामले में तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेलदौर।** बेलदौर थाना की पुलिस ने अलग-अलग मामलों में आर्म्स एक्ट के अभियुक्त और दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। सभी शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने बेलदौर थाना क्षेत्र के बड़ी तरौना गांव में छापेमारी कर लछत्तर यादव के पुत्र सैमी यादव को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। वहीं सहरसा जिले के बनमा इटहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बहुरवा गांव निवासी शिवनंदन प्रसाद यादव के पुत्र ष्ण कुमार सुदामा को वारंटी होने के कारण गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पुलिस ने बीते गुरुवार की रात माली गांव में दबिश देकर एनबीडब्ल्यू वारंटी रंजीत कुमार पिता अमीर यादव को भी धर दबोचा।

## उस्ताद बिस्मिल्ला खां की 21वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**परबत्ता(एनएसब)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पाटलिपुत्र सेंट्रल स्कूल में षुक्रवार को को संगीत के सुर-सम्राट भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्ला खघँ की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बिस्मिल्ला खघँ के जीवन से जुड़े कई पहलुओं की जानकारी साझा की गयी। दसवीं कक्षा के छात्र विनायक ने कहा कि 'भारत की मिट्टी में कई रत्न हुए हैं, पर कुछ रत्न ऐसे होते हैं जो अपने सुर से पूरे देश को एकता के धागे में बाँध देते हैं। उस्ताद बिस्मिल्ला खघँ भी उन्हीं में से एक थे। उन्होंने शहनाई जैसे लोक वाद्य यंत्र को मंदिर, शादी और राजमहल की चौखट से निकालकर उसे विश्व के सबसे बड़े संगीत सभागार तक पहुँचाया।' दसवीं कक्षा की छात्रा अक्षता ने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बिस्मिल्ला खघँ का जन्म 21 मार्च 1916 को बिहार के डुमराँव में एक संगीत-प्रेमी परिवार में हुआ। उनके दादा और पिता दोनों शहनाई-वादक थे। 6 साल की उम्र में वे अपने मामा अली बख्श के साथ काशी आ गए। काशी विश्वनाथ मंदिर और बालाजी मंदिर में सुबह-शाम रियाज करना उनकी आदत बन गई। गंगा नदी के किनारे बैठकर घंटों साधना करते। वे कहते थे -संगीत की असली गुरुकुल काशी है। उन्होने कहा कि पहले शहनाई को सिर्फ मांगलिक अवसर का वाद्य यंत्र माना जाता था। बिस्मिल्ला खघँ ने राग, ताल और लय का प्रयोग करके इसे शास्त्रीय संगीत का मुख्य वाद्य यंत्र बना दिया। उन्होंने श्गायकी अंगश् को शहनाई पर उतारा - मतलब ऐसे बजाना जैसे कोई गा रहा हो। उनकी उंगलियों से निकलने वाला हर सुर सीधा दिल तक पहुँचता था। विद्यालय की प्रधानाचार्या जूली सिंह ने कहा कि '15 अगस्त 1947 की सुबह लाल किले पर जब भारत आजाद हुआ, तो सबसे पहले बिस्मिल्ला खघँ की शहनाई ही गूँजी थी। उन्होंने राग काफी और राग भैरव बजाया था। उस दिन से वे हर स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से शहनाई बजाते रहे। उनके लिए ये सिर्फ प्रदर्शन नहीं, देशभक्ति थी। विद्यालय के निदेशक ड. जे पी सिंह ने कहा कि इतने बड़े कलाकार होने के बाद भी बिस्मिल्ला खघँ बहुत सरल थे। पैसे, प्रसिद्धि से उन्हें कोई मतलब नहीं था। उनका जीवन रियाज, गंगा और काशी के आस-पास ही घूमता था। वे कहते थे - 'सुर की इबादत करो, नाम अपने आप आ जाएगा।' उन्होंने धर्म को कभी संगीत के बीच नहीं आने दिया। मंदिर में बजाते, पर अल्लाह का नाम भी लेते। विद्यालय के छात्र प्रत्युष गौतम ने कहा किउन्हें भारत का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान भारत रत्न (2001) मिला। इसके अलावा पद्म विभूषण, पद्म भूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जैसे कई सम्मान मिले।

दुनिया के 80 से अधिक देशों में उन्होंने भारत का नाम रोशन किया। उन्होने कहा कि 21 अगस्त 2006 को ये सुर-सम्राट दुनिया से चले गए, पर उनकी शहनाई आज भी जिंदा है। जब भी शादी में शहनाई बजती है, जब भी 15 अगस्त को लाल किले से सुर उठता है, हमें बिस्मिल्ला खघँ याद आ जाते हैं। वे केवल शहनाई-वादक नहीं थे, वे भारत की एकता, साधना और संस्ति के प्रतीक थे। कार्यक्रम का मंच संचालन दीक्षा राज और अनुराग कश्यप ने संयुक्त रूप से किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अपहृत बालक को पुलिस ने 5 घंटे के अन्दर किया बरामद

**खगड़िया।** जिले के गंगौर थाना क्षेत्र से फिरौती के लिये किये गये अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है और अपहृत बालक को पांच घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ की एक बच्चा को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा अपहरण कर लिया गया तथा परिवार वालो से पांच लाख रुपया का मांग किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप सिंह के निर्देशानुसार टीम का गठन कर अपहृत बालक को 05 घंटे में कपसिया नगर थाना बेगुसराय क्षेत्र से सकुशल बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि अपहरणकर्ता हिटलर कुमार एवं बलराज कुमार दोनों पे स्वरामाशीष पोद्दार सा-सिंघौल डीह थाना सिंघौल जिला बेगूसराय को गिरफ्तार कर अग्रिम करवाई की जा रही है। उन्होने कहा कि इस संबंध में गंगौर थाना काण्ड में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। छापामारी दल में गंगौर थानाध्यक्ष श्यामसुंदर पासवान समेत पुलिस टीम षामिल थी।

### दरगाह चौक-मस्जिद मार्ग में मिट्टी का कटाव,हादसे की आशंका

**गोगरी।** प्रखंड क्षेत्र के बोरना पंचायत अंतर्गत दरगाह चौक से मस्जिद की ओर जाने वाली ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निर्मित सड़क इन दिनों जर्जरता और कटाव की समस्या से जूझ रही है। सड़क के नीचे से आधे से अधिक मिट्टी बाहर निकल जाने के कारण सड़क के धंसने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बताते चले कि इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है। ट्रैक्टर, टोटो, चारपहिया वाहन समेत अन्य वाहन इसी सड़क से होकर गुजरते हैं। सड़क के नीचे से मिट्टी निकल जाने के कारण आवागमन करने वाले लोगों में हादसे को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में जब बाढ़ का पानी प्रवेश करता है, तब यह मार्ग लोगों के आवागमन का मुख्य साधन बन जाता है। ऐसे में सड़क का क्षतिग्रस्त होना ग्रामीणों के लिए और भी बड़ी समस्या बन सकता है। लोगों ने संबंधित विभाग से तत्काल स्थल का निरीक्षण कर सड़क के नीचे हो रहे कटाव को रोकने और आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की है। जदयू नेता सह बोरना मुखिया प्रतिनिधि मो0 नासिर इकबाल के अलावा मारूफ, खुर्शीद, मंजूर, हाकिम, तौसीफ समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि सड़क की स्थिति को देखते हुए विभाग को गंभीरता से संज्ञान लेकर जल्द कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि किसी अनहोनी को टाला जा सके।


-कटाव को दिखाते ग्रामीण।

### बीडीओ ने स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण मांगा

**गोगरी।** प्रखंड के गोगरी पंचायत के स्वच्छताकर्मियों को करीब आठ महीने से मानदेय नहीं मिलने का मामला गरमाया है। मुखिया से लेकर पंचायत सचिव तक चक्कर लगाने के बाद असंतुष्ट होकर शुक्रवार को स्वच्छताकर्मियों द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनन्दन आनंद के कार्यालय में उपस्थित होकर मानदेय भुगतान नहीं होने की शिकायत किया। शिकायत किये जाने के बाद बीडीओ ने सम्बंधित स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण मांगा है।प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोगरी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि 21 अगस्त को ग्राम पंचायत के स्वच्छता कर्मियों ने कार्यालय में उपस्थित होकर आठ महीने से मानदेय प्राप्त नहीं होने की बात कही।पंचायत सचिव द्वारा पंचायत की ओर से मई 2026 तक का यूसी प्रखंड कार्यालय में जमा किया गया है।इस पत्र के अनुसार अभी तक मे भुगतान हो जाना चाहिए। बीडीओ ने पत्र में मानदेय का भुगतान नहीं होने को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि इससे सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रभावित हो रही है। पत्र में इसे कार्य के प्रति उदासीनता तथा पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना से जुड़ा मामला बताते हुए संबंधित पक्ष से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बीडीओ ने निर्देश दिया है कि पत्र प्राप्ति के साथ ही अपना स्पष्टीकरण देना सुनिश्चित करें। मामले की प्रतिलिपि संबंधित पदाधिकारियों को भी सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।गौरतलब है कि स्वच्छताकर्मी गांवों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में लंबे समय से मानदेय नहीं मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न होने की बात कही जा रही है। अब सभी की नजर बीडीओ द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण और आगे होने वाली कार्रवाई पर है।बताते चलें की गोगरी पंचायत मे स्वच्छताकर्मी का मानदेय आठ माह से बकाया है जबकी स्वच्छताकर्मी का कहना है की उनकी चप्पल कभी पंचायत के मुखिया तो कभी कार्यालय के चककर काटते काटते घिस गयी। संबंधित मुखिया भी इस पर कोई ध्यान नहीं दें रहे हैं।


शिकायत करते स्वच्छताकर्मी।

### पत्नी ने शराब के लिये रूपये नहीं दिया तो पति ने किया पिटाई

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के तिलाठी गांव में शराबी पति की प्रताड़ना का एक मामला सामने आया है। शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर पति ने अपनी पत्नी के साथ जमकर मारपीट की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने इस संबंध में बेलदौर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़िता तिलाठी गांव निवासी अजय कुमार की 30 वर्षीय पत्नी पूनम देवी है। थाने में दिए आवेदन में पूनम देवी ने बताया कि बीते गुरुवार की देर शाम उसका पति अजय कुमार अत्यधिक शराब के नशे में घर पहुंचा। घर आते ही वह शराब पीने के लिए 5 सौ रुपये की मांग करने लगा। जब पीड़िता ने रुपये देने से इनकार कर दिया तो आरोपी आपा खो बैठा और उसके साथ बेदर्दी से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद आरोपी ने उसे जबरन घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता पूनम देवी का आरोप है कि उसका पति रोजाना शराब पीने के लिए पैसों की मांग करता है और विरोध करने या पैसे न देने पर हर दिन इसी तरह मारपीट और शारीरिक उत्पीड़न करता है। बेलदौर पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर आवेदन प्राप्त कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपी पति के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मामूली विवाद को लेकर मां-बेटी के साथ मारपीट

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के कंजरी पंचायत के वार्ड नंबर 18 स्थित बिंद टोली गाँव में शुक्रवार सुबह महज 6 सौ रुपये के मामूली विवाद को लेकर मां-बेटी के साथ घर में घुसकर मारपीट की गई। पीड़िता ने आरोपियों पर गले से 6 भर चांदी का लकेट छीनने का भी गंभीर आरोप लगाया है।मामले को लेकर पुलिस सिंह की पत्नी शांति देवी ने बेलदौर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। शांति देवी ने बताया कि विवाद की जड़ आठ महीने पुरानी है। आठ माह पूर्व उनकी सास फोगनी देवी के मृत्यु भोज के दौरान गांव के ही महादेव सिंह के टेंट की दो कुर्सियां टूट गई थीं, जिसकी कीमत करीब 6 सौ रुपये थी। इसी राशि के बकाये को लेकर विवाद चल रहा था। पीड़िता का आरोप है कि शुक्रवार सुबह महादेव सिंह उनके भाई जागो सिंह, अदालत सिंह, भोलन सिंह और भुखनी देवी अन्य लोगों के साथ अनधित रूप से घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए शांति देवी और उनकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ बुरी तरह मारपीट की तथा गला दबाने का प्रयास किया। इस दौरान पीड़िता के गले से 6 भर चांदी का लकेट भी छीन लिया। बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मामले से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अचानक टिकट जांच को लेकर जमालपुर स्टेशन पर मचा हड़कंप

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** मालदा मंडल के वरिष्ठ रेल अधिकारियों की अचानक टिकट जांच को लेकर शुक्रवार को जमालपुर रेलवे स्टेशन पर कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। मालदा मंडल परिचालन प्रबंधक गुड्स सचिन कुमार, पीसीसीएम उदय शंकर झा, सीनियर डीसीएम कार्तिक सिंह सहित अधिकारियों की टीम अचानक जमालपुर स्टेशन पहुंची और प्लेटफार्म तथा ट्रेनों में टिकट जांच अभियान शुरू कर दिया।अधिकारियों के अचानक स्टेशन पहुंचने की सूचना मिलते ही स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार सहित अन्य रेल अधिकारियों में भी हलचल तेज हो गई। टीम ने सबसे पहले प्लेटफार्म संख्या दो पर यात्रियों के


ट्रेन में टिकट चेकिंग करते अधिकारी।

टिकट की जांच शुरू की। जांच के दौरान बिना वैध टिकट यात्रा कर रहे कई यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे रेलवे नियमों के तहत जुर्माना वसूला गया।इसके बाद अधिकारियों की टीम ने मालदा-किऊल इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित डीएमयू ट्रेनों में भी सघन टिकट जांच अभियान चलाया। ट्रेन में बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों की जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्रियों पर जुर्माना लगाया गया।रेल अधिकारियों की अचानक कार्रवाई से स्टेशन पर यात्रियों के बीच भी अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रेलवे में बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाया जाएगा। अचानक हुई इस कार्रवाई से बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों में हड़कंप मचा रहा।

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में फरियादियों का बढ़ रहा विश्वास

**मुंगेर।** जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा आयोजित जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की गई। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने 30 आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र एवं उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जमालपुर मूंगरौड़ा निवासी रविंद्र यादव ने अपने भाई पर जबरन उनके जमीन पर कब्जा कर दीवाल एवं छज्जा बनाने की शिकायत की। गनैली हरपुर निवासी सुलैना देवी ने अपने पुत्र की मृत्यु के पश्चात मिलने वाली आपदा सहायता राशि दिलाने की मांग की। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 32ध्33 के लोगों ने हर घर नल जल के योजना का लाभ दिलाने की मांग की। जमालपुर इंद्ररुख पूर्वी निवासी ज्योत देवी ने अपने बड़े बेटे और बहु पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाई। एएनएम रेणु कुमारी ने अपना स्थानांतरण नौलखा जमालपुर से पुनः धरहरा एचडब्लूसी कराने की मांग की। जनता दरबार में इसके अलावे भी अन्य विभागों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए, जिनमें जमीन संबंधी, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतें भी रहीं। जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध जांच कर समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्राप्त सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।


जनता दरबार में मामले की सुनवाई करते जिलाधिकारी।

## रेल कॉलोनी में कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों में बढ़ी बेचौनी

**जमालपुर(मुंगेर)।** रेल प्रशासन के निर्देश पर रामपुर रेल कलोनी में शुक्रवार को रेल ार्टरों में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। सीडब्ल्यूएम के निर्देश पर डिप्टी विद्युत बीपी के मिज की देखरेख में चले अभियान के दौरान रेल ार्टरों में बिजली कनेक्शन और विद्युत उपयोग की जांच की गई। जांच के दौरान अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करने वाले लोगों की सूची तैयार की गई।रेल अधिकारियों के अनुसार अभियान का उद्देश्य रेल आवासों में बिजली के अनधित उपयोग और चोरी पर रोक लगाना है। टीम ने ार्टरों में लगे विद्युत कनेक्शन, मीटर सहित अन्य व्यवस्था की जांच की। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों की जानकारी दर्ज की गई।इधर रामपुर रेल कलोनी में लगातार चल रहे जांच और कार्रवाई अभियान को लेकर रेल की जमीन पर अवैध रूप से झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रहने वालों के बीच भी कार्रवाई का भय देखा जा रहा है। कलोनी में विद्युत जांच के साथ रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जे और अनधित रूप से रहने वालों पर भी रेल प्रशासन की नजर है। इससे अवैध कब्जाधारियों में बेचौनी बढ़ गई है।अभियान के दौरान सीनियर सेक्शन इंजीनियर कुंदन कुमार, अशोक कुमार, आरपीएफ के हेड कांस्टेबल महादेव ढाली सहित रेलवे के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। रेल प्रशासन की ओर से आगे भी इस तरह की जांच जारी रहने की संभावना है।


विद्युत चेकिंग अभियान।

## डोमन के आकर्षण पांच गोल से 11 स्टार सारोबाग को 7-0 से हराया

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से स्थानीय जेएसए मैदान में चल रहे दस दिवसीय जेएसए फुटबल लीग के दूसरे दिन शुक्रवार को एलेवन स्टार एथलेटिक्स क्लब और सारोबाग के बीच मुकाबला हुआ। एकतरफा रहे मैच में एलेवन स्टार एथलेटिक्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सारोबाग की टीम को 7-0 से करारी शिकस्त दी। शुरुआत से ही एलेवन स्टार के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया और लगातार सारोबाग के गोलपोस्ट पर दबाव बनाए रखा। टीम की ओर से जर्सी नंबर-9 डोमन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अकेले पांच गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं जर्सी नंबर-7 राकेश कुमार और जर्सी नंबर-6 सागर ने एक-एक गोल कर टीम की बढ़त को मजबूत किया। पूरे मुकाबले में एलेवन स्टार के खिलाड़ियों के बीच बेहतर तालमेल और आक्रामक रणनीति देखने को मिली। टीम के लगातार हमलों के सामने सारोबाग के खिलाड़ी पूरी तरह दबाव में नजर आए। मैच में निर्णायक की भूमिका रामरक्षा, मृत्युंजय सिंह, शिवृत गौतम और प्रविण शंकर सिंह ने निभाई। इस बावत संतोष कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। लीग में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं और मुकाबले आगामी 30 अगस्त तक जारी रहेंगे। मौके पर ट्विंकल, संतोष, संजय सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।


विजयी टीम एलेवन स्टार एथलेटिक्स क्लब के खिलाड़ी।

## मालदा-आनंद विहार एक्सप्रेस से ब्राउन शुगर बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**जमालपुर(मुंगेर)।** रेल क्षेत्र में नशीले पदार्थो की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सीआईबी की टीम को बड़ी सफलता मिली है। मालदा-आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेन से 200 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान मोहम्मद गुलफार, पिता मोहम्मद तसलीम, दिलावरपुर वार्ड नंबर 25 मुंगेर निवासी के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार ट्रेन के भागलपुर से जमालपुर आने के दौरान सीआईबी टीम ने जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर सर्च अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 200 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। बरामद ब्राउन शुगर की बाजार कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है।पूछताछ के दौरान गिरफ्तार युवक ने बताया कि वह भागलपुर से ब्राउन शुगर खरीदकर मुंगेर लाता था और यहां इसकी सप्लाई करता था। मामले में टीम ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।कार्रवाई में सीआईबी के सुधांशु कुमार सुधा, कांस्टेबल गौतम कुमार, कांस्टेबल एसके सुमन, स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार, एएसआई मोतीलाल, राजपत्रित अधिकारी तथा सहायक अभियंता राजीव कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।बताया गया कि इससे पूर्व भी सीआईबी टीम द्वारा रेल क्षेत्र में दो बार ब्राउन शुगर तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लगातार चल रहे अभियान से रेलखंड पर नशीले पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।


गिरफ्तार ब्राउन शुगर तस्कर के विरुद्ध कार्रवाई करते सीआईबी।

# शहीद रामफल मंडल के शहादत दिवस पर जुटेगा अति पिछड़ा समाज, 23 अगस्त को वलीपुर में समारोह

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** अति पिछड़ा सेना की बैठक शुक्रवार को वलीपुर में रामजीवन मंडल के आवास पर संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले बिहार के वीर सपूत शहीद रामफल मंडल का शहादत दिवस समारोह 23 अगस्त को मनाने का निर्णय लिया गया। अति पिछड़ा सेना के संयोजक मुनीलाल मंडल ने समाज के लोगों से समारोह में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की।उन्होंने कहा कि मात्र 19 वर्ष की उम्र में देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीद रामफल मंडल को शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। बैठक में पूर्व सांसद ब्रह्मानंद मंडल की प्रतिमा मुंगेर में स्थापित करने तथा किसी बड़े भवन, विश्वविद्यालय या मेडिकल कलेज का नाम उनके नाम पर रखने की मांग भी उठाई गई।बैठक में लोकसभा और विधानसभा में आबादी के अनुपात में अति पिछड़ा जातियों को आरक्षण देने, राजनीतिक दलों द्वारा अपने या गठबंधन के टिकटों में एक-तिहाई हिस्सेदारी अति पिछड़ा समाज को देने तथा न्यायमूर्ति ज़ी रोहिणी आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की गई।इसके अलावा नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं में आरक्षण की सीमा बढ़ाने, न्यायिक सेवा एवं निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने, अति पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवाओं को बिना गारंटी 15 लाख रुपये तक का ऋण देने तथा पांच करोड़ रुपये तक की सरकारी ठेकेदारी में एससी, एसटी एवं ईबीसी के लिए आरक्षण लागू करने की मांग की गई।मौके पर रामजीवन मंडल, गोपाल मंडल, सोहन मंडल, नीरज मंडल, हरे राम, पंकज कुमार, प्रमोद कुमार, चंदन मंडल, प्रशांत कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



बैठक करते अति पिछड़ा सेना।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा स्टेशन रोड में अतिक्रमण पर कार्रवाई

**फतुहा।** स्टेशन रोड पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले लगभग 88 दुकानदारों और मकान मालिकों को चिति कर नोटिस जारी किया है। इन सभी को शनिवार, 22 अगस्त को अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। स्टेशन रोड पर वर्षो से अतिक्रमण की गंभीर समस्या बनी हुई है। कई लोगों ने सरकारी और सार्वजनिक भूमि पर पक्के निर्माण तक करा लिए हैं, जिससे इस मार्ग पर आम नागरिकों और राहगीरों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। इस भीषण जनसमस्या से निजात पाने के लिए एक नागरिक ने पटना आयुक्त के समक्ष याचिका दायर की थी। आयुक्त के इसी सख्त आदेश के बाद अंचल प्रशासन हरकत में आया और सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। फतुहा के अंचलाधिकारी (ब्व) मुकेश कुमार ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित तिथि यानी शनिवार को सभी नोटिसधारी अंचल कार्यालय पहुंचकर अपना पक्ष रखें। यदि कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं होता है, तो प्रशासन द्वारा एकपक्षीय सुनवाई कर आगे की कानूनी कार्रवाई पूरी की जाएगी। प्रशासन के इस कड़े फरमान और नोटिस के बाद से स्टेशन रोड से लेकर मुख्य चौराहे तक के अतिक्रमणकारियों और दुकानदारों में भारी हड़कंप मच गया है।

### रेलवे प्लेटफार्म पर सब्जी विक्रेताओं का कब्जा

**दनियावां।** फतुहाँईसलामपुर रेलखंड के दनियावां बाजार रेलवे प्लेटफार्म पर सब्जी विक्रेताओं का कब्जा हो गया है।जिसके कारण रेल यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने उतरने में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। वहीं किसी अनहोनी की घटना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।विगत तीन जून को ट्रेन पर चढ़ने क्रम में भीड़ के कारण गालिमपुर निवासी वृद्ध की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गई थी।आरपीएफ की टीम इन सब्जी विक्रेताओं को कई बार प्लेटफार्म से हटा चुकी है।परंतु आरपीएफ के हटते ही प्लेटफार्म पर सब्जी की दुकानें लग जाती है।इस रेलखंड पर दो जोड़ी एक्सप्रेस और चार जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें चलती है।

### नदी में उफान से तटबंधों की सुरक्षा

**दनियावां।** फल्गु नदी की शाखा महतमाइन में शुक्रवार की सुबह से पानी भरने से प्रखंड के निचले भागों में पानी का दबाव बढ़ने लगा है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न निचले और निचले स्थानों पर बालू से भरे बैग की भराई का कार्य प्रारंभ कर दिया है।इनमें सलारपुर तटबंध, दनियावां का पश्चिमी भाग आदि स्थानों पर पानी का दबाव बढ़ गई है।दूसरी ओर ग्रामीणों के अनुसार पानी आने से भू जल स्तर के सुधरने की बात बताई गई है।

### अखिल भारतीय रेल सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ पांचवां त्रिवार्षिक अधिवेशन का आयोजन

**सोनपुर (एन एसबी)** दिनांक 19-08-2026 को अखिल भारतीय रेल सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ ष्शाखा सोनपुरष की 5वीं त्रिवार्षिक अधिवेशन का आयोजन शाखा कार्यालय सोनपुर में शाखा अध्यक्ष श्री त्रिभुवन सिंह की अध्यक्षता में दिन के 10 बजे से आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य अतिथिध्चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में मंडल उपाध्यक्ष श्री ऐक़ेवर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे श्री संदीप पासवान मंडल मंत्री ईसीआरईयूसोनपुर मंडल तथा अल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एशोसियेशन के जोनल अध्यक्ष श्री दिनेश प्रसाद श्रीवास्तव, बरौनी शाखा सचिव मिश्रा जी उपस्थित थे ।खुला अधिवेशन के उपरांत चुनाव की प्रक्रिया हुआ जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए तथा उपस्थित सदस्यों ने ध्वनिमत से समर्थन दिया। संरक्षक-श्री विजय कुमार सिंह, शाखा अध्यक्ष-त्रिभुवन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष-श्री विन्देश्वरी राम, वरीय उपाध्यक्ष-श्री अजित कुमार यादव ,उपाध्यक्ष श्री शिवदयाल राय, श्री राज वालक राय, शाखा सचिव-देवेन्द्र कुमार पासवान, संयुक्त सचिव श्री सच्चिदानंद सिंह, सहायक सचिव श्री जीतेन्द्र प्रसाद राय, संगठन सचिव श्री सर्वजीत कुमार सिंह, चन्द्रशेखर प्रसाद राय ,कोषाध्यक्ष श्री नन्द कुमार राय, सहक़ोषाध्यक्ष श्री ष्ण नन्दन राम, आडिटर श्री जयराम सिंह ।इसके अतिरिक्तकार्यकारिणी सदस्य के लिए श्रीनेत सिंह लो़पा, तुलसी राय लो़पा. कालिका प्रसाद, लो़पा.,कमलदेव प्रसाद यादव, लो़पाक़पिल देव सिंह, लोफ़ोरमैन, अबध लाल गुप्ता लो़पाज़ीतेन्द्र प्रसाद राय, लो़पा़कामेश्वर प्रसाद राय, लो़पा.,जयप्रकाश, मेंठ, गोपाल सिंह, मेल गार्ड, ठाकुर यशवंत सिंह , मुवानि आदि सर्व सम्मति से चुने गए।

## संक्षिप्त खबरें

### ई-नीलामी के माध्यम से खगड़िया स्टेशन की आउटसाइड पार्किंग आवंटित

**'रेलवे को तीन वर्षो में ध्1.66 करोड़ का राजस्व'**

**सोनपुर (एनएसबी)** मंडल द्वारा रेलवे परिसंपत्तियों के अधिकतम व्यावसायिक उपयोग एवं गैर-किराया आय में वृद्धि के उद्देश्य से ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से खगड़िया रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित आउटसाइड पार्किंग स्टैंड का लाइसेंस सफलतापूर्वक आवंटित किया गया है। इस लाइसेंस से तीन वर्षो की अवधि में जीएसटी सहित कुल ध्1,66,38,640.74ध- का राजस्व रेलवे को प्राप्त होगा। सोनपुर मंडल रेलवे परिसंपत्तियों के पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी एवं प्रभावी व्यावसायिक उपयोग के लिए निरंतर ई-निविदा प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। इस पहल से एक ओर रेलवे की गैर-किराया आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, वहीं दूसरी ओर खगड़िया स्टेशन पर आने वाले यात्रियों एवं वाहन चालकों को सुव्यवस्थित एवं बेहतर पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

### ई-निविदा के माध्यम से रेलवे को प्राप्त होगा लाखों रुपये का अतिरिक्त राजस्व

**सोनपुर (एनएसबी)** मंडल द्वारा रेलवे परिसंपत्तियों के बेहतर व्यावसायिक उपयोग में वृद्धि के लिए किए जा रहे सतत प्रयास लगातार सफल साबित हो रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के कुशल नेतृत्व एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के मार्गदर्शन में आज दिनांक 19 जुलाई 2026 को आयोजित ई-निविदा (म्-ज्मदकमत) के माध्यम से विभिन्न वाणिज्यिक परिसंपत्तियों का सफल आवंटन किया गया, जिससे रेलवे को आगामी वर्षो में उल्लेखनीय अतिरिक्तराजस्व प्राप्त होगा। ई-निविदा के अंतर्गत 'मोहिउद्दीन नगर रेलवे स्टेशन पर पार्किंग का वार्षिक मूल्य ध 6,11,111ध- प्रति वर्ष की दर से आवंटित किया गया। रेलवे को उक्त पार्किंग स्टैंड से तीन वर्षो की अवधि में जीएसटी सहित कुल 'ध21,63,333ध-' का राजस्व प्राप्त होगा। इसी प्रकार 'सोनपुर स्टेशन' पर सामान्य शौचालय (छवतउंस ज्वपसमज) का वार्षिक मूल्य 'ध4,65,933ध-' प्रति वर्ष की दर से प्रदान किया गया है तथा वहीं कुल तीन (03) वर्षो में कुल 'ध 13,97,799ध-' का राजस्व प्राप्त होगा। सोनपुर मंडल द्वारा रेलवे परिसंपत्तियों का पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धी ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से अधिकतम व्यावसायिक उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे न केवल रेलवे की गैर-किराया आय में निरंतर वृद्धि हो रही है, बल्कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने का मार्ग भी प्रशस्त हो रहा है। सोनपुर मंडल भविष्य में भी नई वाणिज्यिक संभावनाओं के विकास, पारदर्शी ई-नीलामी प्रणाली तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से रेलवे की आय बढ़ाने और सेवा गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

### अनुग्रह नारायण खेल मैदान का विकास कार्य रुका, भुगतान के अभाव में संकट

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अनुग्रह नारायण खेल मैदान के विकास कार्य की रफ्तार भुगतान के अभाव में थमने की स्थिति में पहुंच गई है। संवेदक का दावा है कि निर्माण कार्य का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पूरा कराया जा चुका है, लेकिन अब तक विभाग की ओर से किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में निर्माण सामग्री की खरीद, मजदूरों का भुगतान और आगे का काम जारी रखना मुश्किल हो रहा है।संवेदक के अनुसार, विभागीय स्तर पर भुगतान नहीं होने के कारण उन पर लगातार आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। उनका कहना है कि उपलब्ध संसाधनों से अब तक कार्य को आगे बढ़ाया गया, लेकिन लंबे समय से भुगतान लंबित रहने के कारण निर्माण कार्य को गति देना कठिन हो गया है। यदि जल्द भुगतान की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो काम पूरी तरह प्रभावित होने की आशंका है।खेल मैदान का विकास स्थानीय खिलाड़ियों और युवाओं के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे में निर्माण कार्य के बीच में रुकने से मैदान के शीघ्र तैयार होने की उम्मीदों को झटका लग सकता है। राज्य सरकार भी खेल अवसंरचना को विकसित करने और लंबित खेल मैदानों के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा कराने पर जोर दे रही है। निर्माण कार्य में भुगतान की स्थिति को लेकर अब विभागीय पारदर्शिता और जवाबदेही का सवाल भी उठने लगा है। यदि संवेदक का दावा सही है और कार्य का आधे से अधिक हिस्सा पूरा हो चुका है, तो भुगतान किस स्तर पर लंबित है, इसकी जानकारी सार्वजनिक होना जरूरी है। विभाग को कार्य की प्रगति, मापी पुस्तिका, बिल और भुगतान की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके।स्थानीय खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों को उम्मीद है कि मैदान का विकास कार्य जल्द पूरा होगा और उन्हें बेहतर खेल सुविधाएं मिलेंगी। लेकिन भुगतान के अभाव में यदि निर्माण कार्य लंबा खिंचता है तो इसका सीधा असर खेल गतिविधियों पर पड़ सकता है। अब देखना है कि संबंधित विभाग संवेदक की भुगतान संबंधी समस्या का समाधान कर निर्माण कार्य को कब तक फिर से गति देता है।

### विकास की राह पर बाढ़ या अधूरे कामों का इंतजार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ में खेल सुविधाओं के विकास को लेकर बड़े दावे जरूर किए जा रहे हैं, लेकिन अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय के क्रीड़ा मैदान का अधूरा ट्रैक उन दावों पर सवाल खड़ा कर रहा है। पिछले वर्ष से ट्रैक निर्माण का काम चल रहा है, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया जा सका है। स्थिति यह है कि फिजिकल परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी खुद ट्रैक को दुरुस्त करने में जुटे नजर आते हैं।अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्हें नियमित रूप से शारीरिक तैयारी करनी होती है, लेकिन अधूरा और असुविधाजनक ट्रैक उनकी तैयारी में बाधा बन रहा है। मजबूरी में वे अपने स्तर से मैदान और ट्रैक को चलने-योग्य बनाने का प्रयास करते हैं। सवाल यह है कि जिस खेल मैदान और ट्रैक का निर्माण सरकारी स्तर पर होना है, उसके लिए अभ्यर्थियों को खुद मेहनत क्यों करनी पड़ रही हैस्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रैक का निर्माण कार्य पिछले साल से चल रहा है। लंबे समय से काम जारी रहने के बावजूद इसके पूरा नहीं होने से खिलाड़ियों और फिजिकल अभ्यर्थियों में निराशा है। अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्हें यह भी स्पष्ट नहीं है कि निर्माण कार्य कब तक पूरा होगा और उन्हें बेहतर सुविधा कब मिलेगी। बाढ़ क्षेत्र में बड़ी संख्या में युवा सेना, पुलिस, अर्धसैनिक बल और अन्य शारीरिक दक्षता आधारित प्रतियोगिताओं की तैयारी करते हैं। ऐसे युवाओं के लिए बेहतर ट्रैक और व्यवस्थित खेल मैदान केवल सुविधा नहीं, बल्कि उनकी तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि मैदान और ट्रैक को मानक के अनुरूप विकसित किया जाए तो स्थानीय युवाओं को इसका सीधा लाभ मिल सकता है।सवाल सिर्फ ट्रैक का नहीं, जवाबदेही का भी विकास कार्य शुरू होना अच्छी बात है, लेकिन किसी योजना की वास्तविक सफलता उसके समय पर और गुणवत्तापूर्ण पूरा होने से तय होती है। ऐसे में संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि ट्रैक निर्माण में देरी का कारण क्या है, अब तक कितना काम पूरा हुआ है और शेष कार्य कब तक पूरा किया जाएगा। बाढ़ के युवा अब सवाल पूछ रहे हैंक्या यह विकास की राह है, या अधूरे विकास कार्यो का इंतजार प्रशासन और संबंधित विभाग को इस सवाल का जवाब जल्द देना चाहिए, ताकि खेल मैदान वास्तव में खिलाड़ियों और अभ्यर्थियों के काम आ सके।

### गंगा के बढ़ते जलस्तर से बख्तियारपुर दियारा में बढ़ा बाढ़ का खतरा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी से बख्तियारपुर प्रखंड के गंगा दियारा क्षेत्र में बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है। नदी का पानी बढ़ने के साथ ही कालादियारा, रूपस महाजी, चिरैया रूपस और हरदासपुर पंचायत के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अब संभावित बाढ़ और जलजमाव की आशंका सताने लगी है। गंगा के बढ़ते जलस्तर का सबसे अधिक असर दियारा क्षेत्र के ग्रामीणों की दिनचर्या पर पड़ता है। नदी के आसपास के निचले इलाकों में पानी बढ़ने से आवागमन, पशुओं के चारे, खेती-किसानी और दैनिक जरूरतों को लेकर लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि जलस्तर में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो आने वाले दिनों में स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो सकती है।दियारा क्षेत्र में बाढ़ का पानी पहुंचने की स्थिति में ग्रामीणों के सामने सुरक्षित स्थान पर जाने की समस्या भी खड़ी हो सकती है। खासकर बच्चों, बुजुर्गो और पशुधन को लेकर लोगों की चिंता अधिक है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने तथा संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां पहले से पूरी रखने की मांग की है।

गंगा-धर्मावती का जलस्तर बढ़ा, गंगा के बढ़ते तेवर से मचा हड़कंप, सुरक्षित स्थानों पर जाने लगे लोग

# दियारा में बाढ़ का खतरा, घरों में घुसा पानी

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से शाहपुर प्रखंड के दियारा इलाके में बाढ़ का खतरा गहराने लगा है। गंगा का पानी सहायक नदियों और धाराओं के माध्यम से खेतों के बाद अब गांवों की ओर तेजी से फैलने लगा है। लक्ष्मुटोला,लालू डेरा, बहोरनपुर, सुहिया एवं दामोदरपुर पंचायत के कई गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है।

लक्ष्मुटोला पंचायत के लक्ष्मुटोला गांव के वार्ड संख्या 13 एवं 14 में गंगा नदी का पानी घरों में प्रवेश करने लगा है। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण लक्ष्मुटोला-सारंगपुर पथ पर भी बाढ़ का पानी चढ़ गया है। इससे इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार जलस्तर में वृद्धि की रफ्तार इसी तरह जारी रही तो अगले कुछ घंटों में आसपास की अन्य सड़कों पर भी पानी चढ़ने की आशंका है। इससे कई गांवों का सड़क संपर्क प्रभावित हो सकता है।



गंगा के बढ़ते तेवर से दियारा में घरों में घुसा पानी।

**निचले इलाकों में प्रवेश कर रहा पानी, कई सड़कों पर आवागमन बाधित होने का मंडरा रहा खतरा**

**राजस्व कर्मचारियों को अलर्ट मोड़ में रहने व मुख्यालय नही छोड़ने का निर्देश**

उधर धर्मावती नदी का जलस्तर भी बढ़ने से स्थिति गंभीर होने लगी है। नदी का पानी खेतों की ओर फैल रहा है। इससे खेतों में खड़ी फसलों के डूबने और बर्बाद होने की चिंता किसानों को सताने लगी है। पहले से सूखे की मार झेल रहे किसानों के लिए बाढ़ का पानी नई परेशानी लेकर आया है। कई परिवार घरों में रखे अनाज, जरूरी सामान और अन्य घरेलू वस्तुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने तथा प्रभावित इलाकों में आवश्यक राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

जलस्तर में वृद्धि जारी रहने से दियारा क्षेत्र के अन्य गांवों में भी बाढ़ का पानी फैलने की आशंका बनी हुई है। सीओ आनंद प्रकाश ने बताया कि प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है। सभी राजस्व कर्मचारियों को अलर्ट मोड़ में रहने व मुख्यालय नही छोड़ने का निर्देश दिया गया है।

## सावन महोत्सव के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सत्य इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में सावन महोत्सव के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व स्कूल की छात्रा खुशबू कुमारी ने शिक्षकों के देखरेख में किया।



मेहंदी प्रतियोगिता को लेकर छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। छात्राओं ने एक दूसरे के हाथों पर मेहंदी लगाया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अफरोज आलम ने बताया कि ऐसे आयोजन से छात्रों के अंदर कला को लेकर रुचि बढ़ती है तथा रचनात्मक कार्य मे सहभागी बनती है। उनके अंदर की प्रतिभा में निखार आता है। वही शिक्षिका साहिबा परवीन ने कहा कि मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन निर्देशक केदारनाथ राय ने किया। प्रतियोगिता में भाग लेनी वाली छात्राओं में अमृता कुमारी, अंजली कुमारी, सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी, दीक्षित प्रकाश, प्रिया कुमारी, खुशबू कुमारी, अंशिका कुमारी, रागिनी कुमारी, आयत परवीन, खुशी कुमारी, सबीन खान, रिया कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रुही, रानी, दिव्या, अर्चना आदि प्रमुख थी।

## संक्षिप्त खबरें

### वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग में सावन महोत्सव का आयोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में शुक्रवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया।अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत कुमार ने किया। जिसमें विभाग की छात्राओं ने शिव उपासना के साथ संगीत एवं युगल गायन सहित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संचालन डॉ. वाचस्पति दूबे एवं डॉ. कुमारी किया। छात्राओं ने सावन की पारंपरिक सांस्कृतिक, संगीत को अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत कर दिया।



कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सामूहिक सहभागिता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। प्रोफेसर संगीता सिन्हा ने शिव वंदना की शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम मे शोधार्थी अभिषेक तिवारी, संतोष कुमार तथा आभाष कुमार भी शामिल हुए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति सुमन, द्वितीय स्थान जूली कुमारी तथा तृतीय अमित कुमार ने प्राप्त किया, जबकि लेख प्रतियोगिता में श्रुति सुमन को प्रथम, अनुराग कुमार को द्वितीय एवं श्वेता गुप्ता को तृतीय स्थान हासिल हुआ। कार्यक्रम में इबरत रहमान, प्रियांशी, मनीषा, श्वेता गुप्ता, प्रगति श्री, रुकसाना खातून, तनुप्रिया, आस्था, श्रुति सुमन तथा काजल को सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### गंगा के बढ़ते जलस्तर से बढ़ी चिंता, बाढ़ के खतरे पर डीएम से मिले शाहपुर के बीस सूत्री सदस्य

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न संभावित बाढ़ के खतरे को लेकर बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को नवपदस्थापित जिलाधिकारी मनेश मीणा से मुलाकात की। प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अंकित पांडे के नेतृत्व में पहुंचे सदस्यों ने डीएम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद शाहपुर क्षेत्र में बाढ़ की संभावित स्थिति और बचाव तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सदस्यों ने जवइनिया गांव के समीप गंगा नदी के तट पर कराए गए बोल्डर पीचिंग कार्य की वर्तमान स्थिति से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने तट कटाव वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक पहल की मांग की। डीएम मनेश मीणा ने सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए जल्द ही शाहपुर प्रखंड का दौरा करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में बीस सूत्री उपाध्यक्ष हीरालाल गुप्ता, पंकज तिवारी, बंटी पांडे और भुवर पांडे शामिल थे।

### महाराजा हाता, गली नंबर दो में इप्शित मेन्स वियर के थोक एवं रिटेल बिक्री डीलिंग काउंटर का शुभारम्भ

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के महाराजा हाता, गली नंबर दो में शुक्रवार को पुरुष परिधानों के प्रतिष्ठान इप्शित मेन्स वियर के थोक एवं रिटेल बिक्री डीलिंग काउंटर का भव्य शुभारम्भ हुआ। डीलिंग काउंटर का उद्घाटन भवन एवं पथ निर्माण विभाग के संवेदक गणेश कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एस.बी. कॉलेज, आरा की प्राधानाचार्य, प्रो. मीना कुमारी, महाराजा कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो. कनकलता कुमारी, प्रोफेसर चंचल पाण्डेय उपस्थित रहे।



अतिथियों ने मिश्रा ब्रदर्स को नई शुरूआत के लिए शुभकामनाएँ देते हुए प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में शहर के छात्र नेता, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, कर्मचारी एवं व्यवसायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

### मादक पदार्थ के साथ कार सवार चार तस्कर गिरफ्तार, 50 ग्राम हेरोइन एवं पांच मोबाइल बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मादक पदार्थ की बरामदगी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सहार थाना पुलिस को एक सफलता हाथ आई है। इसी कड़ी में सहार थाना पुलिस द्वारा सहार चेक पोस्ट के पास से मादक पदार्थ के साथ कार सवार चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उक्त कार से 50 ग्राम हेरोइन एवं पांच मोबाइल बरामद हुआ। इसके अलावे पुलिस ने उक्त कार को भी जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तस्करों में शाहपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी कमलेश यादव का पुत्र राहुल यादव, उसी थाना क्षेत्र के कुंडेश्वर गांव निवासी जितेंद्र पांडेय का पुत्र रिंशु पांडेय व करनामेपुर थाना क्षेत्र के महुआर गांव निवासी शिव शंकर यादव का पुत्र रवि शंकर एवं उसी गांव के निवासी स्व. मोहन सोनार का पुत्र विकास वर्मा शामिल है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि सहार थाना पुलिस द्वारा सहार चेक पोस्ट पर गुरुवार की शाम वाहन चेकिंग किया जा रहा था।

### बहियारा में अज्ञात बुजुर्ग की मौत

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा सूर्य मंदिर के समीप पिछले कुछ दिनों से भिक्षाटन कर जीवन-यापन कर रहे एक अज्ञात बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बुजुर्ग को सड़क किनारे अचेत अवस्था में पाया। चांदी थाना के अपर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने तत्काल बुजुर्ग को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए पहचान के लिए सदर अस्पताल के शवगृह में 72 घंटे तक सुरक्षित रखा है। पुलिस का कहना है कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर शव की पहचान नहीं हो पाती है, तो सरकारी नियमों के तहत उसका अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

## बाढ़ से निबटने को लेकर डीएम ने की तैयारी की समीक्षा



बाढ़ की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक।

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** डीएम, भोजपुर मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में जिले में बाढ़ की स्थिति एवं तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए जिले में की गई तैयारियों की विभागवार समीक्षा की तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

उन्होंने बाढ़ संभावित क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी तथा संवेदनशील स्थलों की लगातार निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। जिला पदाधिकारी महोदय ने बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को तटबंधों एवं संवेदनशील स्थलों पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, आवश्यकता के अनुरूप नाव, मोटरबोट, बचाव दल एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित रखने को कहा। जिला पदाधिकारी महोदय ने स्वास्थ्य, खाद्य एवं आपूर्ति, कृषि, पशुपालन, शिक्षा, आईसीडीएस, जीविका, परिवहन, विद्युत, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, पथ निर्माण एवं ग्रामीण कार्य सहित विभिन्न विभागों की तैयारियों की भी समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दवाओं, खाद्यान्न, पेयजल, पशुचारा एवं अन्य जरूरी सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने तथा आपदा की स्थिति में त्वरित समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर प्रभावित लोगों तक राहत एवं आवश्यक सेवाएं समय पर पहुंचाने में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा), भोजपुर, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, एसडीआरएफ तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीएम की अध्यक्षता में कार्यपालक अभियंताओं के साथ विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** डीएम, भोजपुर मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित निर्माण एवं विकास योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों, कार्यों की गुणवत्ता तथा समयबद्ध निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने योजनावार प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने, कार्यों की नियमित स्थल-निरीक्षण एवं निगरानी करने तथा कार्यों के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होने देने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।

## बच्चों से शिक्षा ग्रहण कर समाज में स्थान बनाने की अपील

**आरा/उदवंतनगर (दैनिक नवसंदेश)।** समाजसेवी स्व. इं दिनेश मंडल की पुण्यतिथि पर ह्यशारदा मानव सेवाह्य एवं ह्यनई आशाह्य के संयुक्त तत्वावधान में चैराई स्थित सेतु केन्द्र के जरूरतमंद बच्चों के बीच स्कूली ड्रेस का वितरण किया गया। कार्यक्रम नई आशा द्वारा संचालित श्रीराम शबरी छात्रावास में आयोजित किया गया। इस दरम्यान खगडिया के जिला योजना पदाधिकारी बबन कुमार एवं आयकर विभाग के वरीय पदाधिकारी अनुभव भारद्वाज ने ऑन लाईन बच्चों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि आपलोग नियमित रूप से पढ़ाई जारी रखिए।

शिक्षा प्राप्तकर दुनिया की हर सुख-सुविधाएं प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि वे बच्चों के चेहरे पर प्रशन्नता देख काफी खुशी महसूस कर रहे हैं। उन्होंने नई आशा द्वारा समाज के हाशिए पर पड़े बच्चों को शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास की सराहना किया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक पवन कुमार एवं प्रधानाध्यापक संजय कुमार पाठक ने स्व. इं दिनेश मंडल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए कहा कि वे समाजसेवा, शिक्षा और जरूरतमंद लोगों की सहायता को सदैव प्राथमिकता देते थे। वे आजीवन कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए संवेदनशील रहे। उनकी पुण्यतिथि पर जरूरतमंद बच्चों के स्कूली बीच ड्रेस का वितरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना एक सार्थक और प्रेरणादायक पहल है। उनकी प्रेरणा से शारदा मानव सेवा शिक्षा तथा सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने भविष्य में भी जरूरतमंद बच्चों के लिए शैक्षणिक एवं सामाजिक सहयोग जारी रखने की बात कही गई। समाज के वंचित और जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना केवल सेवा का कार्य नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश ने भी स्व. ई दिनेश मंडल के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर कुंदन कुमार सिंह, सूर्यमणि एवं सुमित कुमार पाण्डेय आदि थे।




स्व. इं दिनेश मंडल की पुण्यतिथि पर ड्रेस वितरण।

## भोजपुर की बेटियों ने शतरंज में रचा इतिहास

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को आनंद हॉस्पिटल के सभागार, पकड़ी, रमना रोड, आरा में अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शतरंज के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश, जिले और राज्य का नाम रोशन करने वाली दो प्रतिभावान खिलाड़ियों रानी पूजा एवं अर्पिता सिंह को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गयइं सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ संरक्षक डॉ. एस. के. रुंगटा ने की, जबकि भोजपुर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ. के. एन. सिन्हा वीडियो कॉल के माध्यम से समारोह में उपस्थित रहे। रानी पूजा ने नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में आयोजित विश्व एमेच्योर रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण एवं एक कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, अर्पिता सिंह ने सीतामढ़ी में आयोजित बिहार राज्य अंडर-17 फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप के बालिका वर्ग में स्टेट चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) रणविजय कुमार, पूर्व कुलसचिव, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा थे। विशिष्ट अतिथि अजीत कुमार सिंह, निदेशक, नॉट्रे डेम हाई स्कूल, आरा एवं डॉ. अरुण कुमार सिंह ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना की। समारोह में अतिथियों का स्वागत संघ के सचिव डॉ. मो. सैफ ने किया, जबकि मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार उपाध्याय एवं रंजन कुमार सिन्हा ने किया।



## नये एसपी ने पुलिस केंद्र में साप्ताहिक परेड की ली सलामी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक अवधेश दिक्षित द्वारा शुक्रवार को नवीन पुलिस केन्द्र परिसर में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई और परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परेड की एकरूपता, अनुशासन और टर्न आउट का बारीकी से जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक श्री दिक्षित द्वारा नवीन पुलिस केन्द्र की सभी शाखाओं का सघन निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



## पुलिसकर्मियों के लिए आने वाला समय चुनौतीपूर्ण : मिस्टर राज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के चंदवा स्थित ग्रीन हेवन रिजॉर्ट में गुरुवार की शाम की निवर्तमान पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भोजपुर के नये जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा, नये पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित, सदर एसडीओ शिप्रा विजय कुमार चैधरी, सिविल सर्जन डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा, पीपी राणा प्रताप सिंह एवं जिला लोक अभियोजक माणिक कुमार सिंह समेत अन्य मंच पर उपस्थित रहें। संचालन दंत चिकित्सक डॉ. प्रतीक कुमार ने किया।

समारोह में मुख्य अतिथि निवर्तमान पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने कहा कि यह बाबू कुंवर सिंह की धरती है। यहां के लोगों में सच्चाई है। भोजपुर में मेरा दो साल का कार्यकाल काफी संतोषजनक रहा। मैं भगवान का शुक्रगुजार हूँ कि मुझे इतनी अच्छी नौकरी मिली। एसपी का नौकरी प्रेशर हैंडल करने के लिए ही बना है। कार्य के दौरान यहां की जनता और पुलिस कर्मी मेरे दो केन्द्र बिन्दु रहे हैं। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सलाह देते हुए कहा कि किसी भी केस में आप निर्दोष लोगों को बचाने का प्रयास दिजिए। केस की अद्यतन स्थिति के बारे में वादी को समय-समय पर जानकारी दिजिए कि आपका केस किस स्थिति में है। पब्लिक की बातों को गंभीरता से सुनें और उनकी समस्याओं को समाधान करें। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सलाह दी कि आप अपनी नौकरी के साथ-साथ कल्याणकारी कार्य करें। ताकि पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके।




शहर के चंदवा स्थित रिजार्ट में गुरुवार की शाम आयोजित कार्यक्रम।

निवर्तमान एसपी ने कहा कि कार्य के दौरान मीडियाकर्मियों का काफी सहयोग रहा है। जिला शांति समिति भी हर समय तटस्थ रही। उन्होंने कहा कि आने वाला समय काफी चुनौतीपूर्ण है इसलिए पुलिस कर्मी अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं। जेन जी की भावना को समझ कर आगे की पुलिसिंग करनी होगी। तभी आप सभी कसौटी पर खरा उतरेंगे। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने कहा कि पूर्व की भांति जिला प्रशासन और पुलिस में समन्वय जारी रहेगा। नये पुलिस कप्तान अवधेश दीक्षित ने कहा यहां की टीम अच्छी रही है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पुरी उम्मीद है कि यह मोमेंटम आगे भी कायम रहेगा। सदर एसडीओ शिप्रा विजय कुमार चैधरी ने कहा कि विधि व्यवस्था के संधारण सहित अन्य मामले में निवर्तमान एसपी का भरपूर सहयोग मिला। समारोह के दौरान निवर्तमान पुलिस अधीक्षक को अंग वस्त्र, बुके एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में सदर एसडीपीओ वन राजकुमार साह, सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह, पीरो डीएसपी कन्हैया कुमार, ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु, नगर थानाध्यक्ष देवराज राय, नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहारी सहित सभी अंचल पुलिस निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष मौजूद रहें।

**निवर्तमान एसपी बोलेः दो वर्षों के कार्यकाल के दौरान लोगों का भरपूर सहयोग मिला**

**निवर्तमान एसपी मिस्टर राज के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन**

## संक्षिप्त खबरें

### पैक्स चुनाव को नामांकन प्रक्रिया हुई पूरी 1 सितंबर को होगा मतदान

**कुर्था (एनएसबी)** राज्य प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) के निर्वाचन को लेकर निर्धारित कार्यक्रम के तहत नामांकन की प्रक्रिया 19 एवं 20 अगस्त को संपन्न हो गई। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की संवीक्षा 21 व 22 अगस्त की जाएगी। वहीं नामांकन पत्रों की जांच के दौरान किसी प्रत्याशी का नामांकन नियमों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर उस पर भी निर्णय लिया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 25 अगस्त को उम्मीदवारों के नाम वापस लेने की तिथि तय की गई हैं। उसी दिन प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। चुनाव चिह्न आवंटित होने के बाद प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान को और तेज करेंगे। इसके साथ ही मतदाताओं से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की करेंगे व आगामी 1 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। निर्धारित समय के दौरान संबंधित पैक्स के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान को लेकर प्रशासन की ओर से आवश्यक तैयारियां की जाएंगी ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जा सके। मतदान समाप्त होने के बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतगणना की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत पूरी चुनाव प्रक्रिया को 3 सितम्बर तक समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हालांकि नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के साथ ही पैक्स चुनाव को लेकर चुनावी गतिविधियां तेज होने लगी हैं। प्रत्याशी और उनके समर्थक अब मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं।

### अरवल के सर्वांगीण विकास को लेकर चिराग से मिले लोजपा जिलाध्यक्ष



चिराग पासवान से मिलते जिलाध्यक्ष

**अरवल (एनएसबी)।** लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के अरवल जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने नई दिल्ली के पंचशील भवन में केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान से मिलकर पटना - औरंगाबाद राष्ट्रीय राज्य मार्ग 139 को फोरलेन बनाने की मांग की । लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाध प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से नई दिल्ली के पंचशील भवन में मिलकर लौटने के उपरांत जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि विकास के मुद्दे पर केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान से विभिन्न मांगों को रखा जिसमे मुख्य मांग पटना - औरंगाबाद राष्ट्रीय राज्य मार्ग 139 को फोरलेन बनाने की मांग की साथ ही अरवल जिला मुख्यालय में फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की मांग पत्र समर्पित किया । जिला मुख्यालय में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संस्थापक , भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री पद्म भूषण स्व0 रामविलास पासवान के मूर्ति लगाने के लिए नगर परिषद के द्वारा आवंटित स्थल पर शीघ्र शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित की जायेगी , जिसमें उक्त मूर्ति का शिलान्यास केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के कर कमलों द्वारा होगा । साथ में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास पिछड़ा / अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह पालीगंज विधानसभा के पूर्व एनडीए प्रत्याशी सुनील यादव ने केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान से मिलकर बिहटा - अनुग्रह नारायण नई रेल लाईन परियोजना में शीघ्र निर्माण कार्य शुभारम्भ करने , पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भेड़हरिया इंग्लिश एवं अंकुरी गांव के सटे बड़ी नहर में पुल निर्माण कराने की मांग पत्र दिया । सभी मांगों पर केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने गंभीरता पूर्वक करते हुए सम्बंधित विभागों में पत्र भेज कर विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराने का आश्वस्त किया ।

### बेलसार गांव से एक गिरफ्तार

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया थाना पुलिस ने बेलसार गांव निवासी उपेंद्र साव को गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई के बाद उसे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस के अनुसार उपेंद्र साव, के खिलाफ मेहंदिया थाना में कांड संख्या 139/26 दर्ज है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि मामले में उपेंद्र साव की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में दर्ज मामलों के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

### भूमि विवाद सुलझाने को हर शनिवार अंचल में लगेगा जनता दरबारः डीएम



**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में भूमि विवाद निराकरण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित सभी अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष शामिल हुए। डीएम ने भूमि विवादों के त्वरित व निष्पक्ष समाधान के लिए अंचल अधिकारियों और थानाध्यक्षों को आपसी समन्वय से कार्य करने का कड़ा निर्देश दिया। डीएम ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शनिवार पूर्वाह्न 10:00 से अपराह्न 1:00 बजे तक सभी अंचल कार्यालयों में अनिवार्य रूप से जनता दरबार का आयोजन होगा। प्राप्त आवेदनों को उसी दिन ह्लभू-समाधान पोर्टलह्व पर दर्ज करना होगा। प्राथमिकता के तौर पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति से मामले का निपटारा किया जाएगा। यदि अंचल स्तर पर समाधान संभव न हो, तो 15 दिनों के भीतर मामले को अनुमंडल अधिकारी को अग्रसारित करना होगा। इसके अतिरिक्त, अतिक्रमण हटाने के बाद स्टेशन डायरी और पुनः अतिक्रमण पर प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए। नोटिस तामिला की जिम्मेदारी केवल चौकीदार पर न छोड़कर थानाध्यक्षों को खुद सुनिश्चित करनी होगी। जिला प्रशासन ने आमजनों से शनिवार को जनता दरबार में आवेदन देने की अपील की है।

### जिलाधिकारी ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय काजीसराय का किया निरीक्षण, छात्राओं संग खेला बास्केटबॉल

**जहानाबादः** जिलाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने शुक्रवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय, काजीसराय का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक, प्रशासनिक और आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट क्लास, कक्षाओं, पेयजल व्यवस्था और खेल मैदान का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय के खेल मैदान में छात्राओं के साथ बास्केटबॉल खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्राओं को पासिंग, कोर्ट पोजीशनिंग और खेल की बुनियादी तकनीकें सिखाईं। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को नियमित खेल गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्मार्ट क्लास का नियमित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया ताकि छात्र डिजिटल शिक्षा का पूरा लाभ उठा सकें। साथ ही उन्होंने परिसर की साफ-सफाई, पेयजल और रखरखाव में सुधार के निर्देश दिए। शिक्षकों को विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

# जीईसी अरवल में उद्यमिता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

**मेहंदिया (एनएसबी)।** विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय अरवल के स्टार्टअप सेल द्वारा ह्लव्यवसाय विस्तार एवं बाजार तक पहुंचह्व विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 150 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। स्टार्टअप सेल के प्रभारी प्रो. अनंत कुमार ने डीआईसी अरवल के महाप्रबंधक मनोकामना कुमार, इनोवोलैब टेक के उज्ज्वल कुमार तथा सिप्पजो प्राइवेट लिमिटेड के महेश कुमार को शॉल देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रो. अनंत कुमार ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप के विस्तार, बाजार तक पहुंच बनाने और वित्तीय सहायता प्राप्त करने से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बिहार स्टार्टअप नीति-2022 के तहत उपलब्ध अवसरों एवं सहायता के बारे में भी बताया।

कार्यक्रम में इनोवोलैब टेक और सिप्पजो प्राइवेट लिमिटेड के उत्पादों का शुभारंभ किया गया। स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए स्टार्टअप की शुरूआत, चुनौतियों और वित्तीय सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी।मीडिया प्रभारी प्रो. संतोष कुमार ने बताया कि कॉलेज परिसर में स्टार्टअप एवं नवाचार प्रदर्शनी भी लगाई गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर वहां प्रदर्शित परियोजनाओं की जानकारी ली।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्राचार्य डॉ. प्रणव कुमार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रो. अनंत कुमार, जिला स्टार्टअप समन्वयक मनिष बिभू एवं स्टार्टअप सेल के छात्र सदस्यों की सराहना की।

## मृतक के परिजनों से मिल विधायक ने बंधाया ढांढस, हरसंभव मदद का दिया भरोसा



परिजनों से मिलते विधायक।

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड के टेरी ग्राम गांव में दो युवकों की सड़क दुर्घटना में हुई दर्दनाक मौत के बाद शुक्रवार को विधायक मनोज कुमार गांव पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

बताया जाता है कि टेरी ग्राम गांव निवासी रंजीत कुमार एवं अभिषेक कुमार अपने कुछ साथियों के साथ बनारस स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर का दर्शन कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें दोनों युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। पिछले कई दिनों से मृतकों के घर पर लोगों के पहुंचने और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने का सिलसिला जारी है।शुक्रवार को विधायक मनोज कुमार ने मृतकों के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में धैर्य ही सबसे बड़ा सहारा है। उन्होंने परिजनों से धैर्य रखने और ईश्वर की इच्छा को स्वीकार करने की अपील की। विधायक ने कहा कि उनकी ओर से जो भी संभव मदद होगी, वह जरूर करेंगे। साथ ही मृतकों के आश्रितों को सरकारी स्तर पर मिलने वाले मुआवजे एवं अन्य सहायता दिलाने के लिए भी प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष,राम अयोध्या , सरपंच अमरेंद्र कुमार, रवि कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जहानाबाद के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में स्टार्टअप कार्यशाला का आयोजन

**जहानाबाद (एनएसबी)।** हुलासगंज स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में शुक्रवार को स्टार्टअप सेल द्वारा "रूं ी-वस्र & टं१ ी३ अू२२" कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला उद्योग केंद्र के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 375 छात्र-छात्राओं और नव-उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए का मंत्र दिया और स्थानीय समस्याओं पर आधारित नवाचार विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उत्पाद की बेहतर गुणवत्ता, मार्केटिंग और ब्रांडिंग के जरिए छोटे उद्यमों को भी बड़े बाजार तक पहुंचाया जा सकता है।

## गया संग्रहालय में एमए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रम



**गया (एनएसबी)।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग के एम.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए आज गया संग्रहालय, गया जी में व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संग्रहालय में संरक्षित पुरातात्त्विक, ऐतिहासिक एवं कलात्मक सामग्री का प्रत्यक्ष अध्ययन कराते हुए उनके व्यावहारिक एवं शोधपरक ज्ञान को समृद्ध करना था। इस अवसर पर गया क्षेत्र में संग्रहालय को और अधिक प्रभावी ढंग से स्थापित एवं विकसित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि इसे क्षेत्रीय इतिहास, पुरातत्व एवं सांस्कृतिक पहचान के एक सशक्त केंद्र के रूप में और सुदृढ़ किया जा सके। यह कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. अलका मिश्रा के निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. चंद्र प्रकाश, डॉ. शंकर शर्मा एवं डॉ. संध्या शर्मा उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को संग्रहालय की विभिन्न दीघाओं का भ्रमण कराया गया तथा वहाँ प्रदर्शित पुरावशेषों, मूर्तिकला, चित्रकला एवं अन्य ऐतिहासिक वस्तुओं के संरक्षण, प्रदर्शन तथा उनके ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के सहायक प्राध्यापक श्री शंकर शर्मा ने विद्यार्थियों को संग्रहालय की विभिन्न दीघाओं का विस्तृत शैक्षणिक परिचय कराया। उन्होंने पुरावशेषों के अध्ययन की पद्धति, उनकी ऐतिहासिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि तथा पुरातात्त्विक स्रोतों के माध्यम से अतीत के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। गया संग्रहालय के निदेशक डॉ. अमित रंजन ने विद्यार्थियों को संग्रहालय की कार्यप्रणाली, संग्रह, संरक्षण, अभिलेखीकरण तथा प्रदर्शन व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने संग्रहालय की भावी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि संग्रहालय को शिक्षा, शोध और कौशल-विकास से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने स्किल्ड एजुकेशन पर विशेष जोर देते हुए प्रस्ताव रखा कि संग्रहालय के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित रूप से व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकता है। इसके अंतर्गत पुरावस्तुओं की पहचान, प्रतिमा-विज्ञान, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, संग्रहालयीय प्रस्तुतीकरण तथा शोध की व्यावहारिक पद्धतियों से विद्यार्थियों को परिचित कराया जा सकता है। उन्होंने इस प्रकार के प्रशिक्षण में प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व अध्ययन के विषय एवं संग्रहालय विज्ञान विषय को सम्मिलित करने की आवश्यकता बताई, ताकि विद्यार्थियों को विषय के साथ-साथ रोजगारोन्मुख एवं व्यावहारिक कौशल भी प्राप्त हो सके। डॉ. अमित रंजन का यह प्रस्ताव संग्रहालय और विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक एवं व्यावहारिक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया। गया संग्रहालय के संदर्भ में क्षेत्रीय पहचान को विशेष महत्व दिया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि संग्रहालय में प्रदर्शित पुरावशेष केवल अलग-अलग ऐतिहासिक वस्तुएँ नहीं हैं, बल्कि गया एवं मगध क्षेत्र की दीर्घकालीन सांस्कृतिक निरंतरता, स्थानीय परंपराओं, कला, धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक स्मृति को समझने के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। संग्रहालय को स्थानीय इतिहास, पुरातत्व और सांस्कृतिक पहचान को नई पीढ़ी से जोड़ने वाले एक जीवंत शैक्षणिक केंद्र के रूप में देखने पर बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न पुरावशेषों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा उनके संबंध में विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की। इस व्यावहारिक प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक पुरातात्त्विक एवं संग्रहालयीय सामग्री से जोड़ने का अवसर मिला।

## पूर्व विधायक ने लगाया पदाधिकारियों पर बड़ा आरोप नीचे से ऊपर तक खाते हैं रिश्वत



जांच करती माले की टीम।

**अरवल (एनएसबी)।** जिला में 75 उत्क्रमित प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में एक साथ मिड डे मील रॉयल मानव मित्र सेवा समिति एनजीओ द्वारा सप्लाई किया जाता है । सरकार के मंत्री व पदाधिकारी के आदेश से ऊपर से ही एनजीओ द्वारा मध्याह्न भोजन सप्लाई कराने का ठेका दिया गया है जिसमें भारी लूट किया जाता है। मीनू के अनुसार खाना भी नहीं दिया जाता। दो दिन दाल भात दिया जाता है। हालांकि दाल में हरी सब्जी भी मिलानाहै, लेकिन किसी तरह की हरी सब्जी नहीं मिलाया जाता है । उमैराबाद, मलही पट्टी, जनकपुर धाम विद्यालयों में जाकर भाकपा माले की पूर्व विधायक महानन्द सिंह के नेतृत्व में एक टीम छात्रों व शिक्षकों से जानकारी ली। भाकपा माले की जांच टीम में नगर सचिव नंद किशोर कुमार माले के जिला स्थाई समिति सदस्य गणेश यादव, विशाल, माले जिला मुख्यालय के सदस्य धर्मेंद्र कुमार, विशाल शामिल थे। शिक्षकों एवं छात्रों ने बताया कि जिस दिन मिड डे मील लाया गया उस दिन सोयाबीन आलू उक्त सब्जी में भारी मात्रा में कीड़ा पाया गया । जब दुबारा 3 बजे खाना लाया गया तो उसमें भी भारी मात्रा में कीड़ा पाया गया । कीड़ा मिलने पर खाना लौटा दिया गया । छात्रों ने बताया कि पहले जो विद्यालय में खाना मिलता था वह ज्यादा ठीक रहता था । शिक्षक बता रहे थे कि पहले खाना घट जाता था । अब खाना बच्चों को जबर्दस्ती खिलाना पड़ता है । मीनू के अनुसार खाना नहीं दिया जाता है । बच्चों ने बताया कि केवल दाल(हरी सब्जियां गायब) भात ही देता है । खिचड़ी में दाल नदारद रहता है, जबकि चना के सब्जी और चावल दो दिन दिया जाता है जो खाने लायक नहीं होता है । क्या मंत्री व पदाधिकारी मिड डे मील वाला भोजन अपने बच्चों को खिला सकते हैं । छात्रों ने स्पष्ट कहा कि दाल भात, चना के सब्जी, सोयाबीन की सब्जी खाने लायक नहीं रहता है। बच्चे नहीं खाते हैं तो खाना रसोइया ले जाकर जानवर को देती है। इतना ही नहीं, खाना स्कूल में जाते-जाते बासी हो जाता है। गौरा स्कूल में तो छात्र खाते भी नहीं हैं। कुछ लोग दबे जुबान से बताया कि शिक्षकों को भी एनजीओ वाला ज्यादा उपस्थिति की रिपोर्ट के लिए रिश्वत देते हैं । एनजीओ के मालिक मंत्री के साथ फोटो खिंचवा कर नीचे के पदाधिकारियों को डराते रहता है । इतना ही नहीं स्कूल के सफाई के लिए सफाई कराने वाले एनजीओ (इन्ड्रियाल बिल्ड वर्ल्ड) सफाई कर्मियों को मजदूरी भी नहीं देता है । उमैराबाद में सफाई कर्मी नहीं आता है । कई माह से मजदूरी नहीं देता है । महीना में महज एक या डेढ़ हजार ही सफाई कर्मी को मजदूरी देता है। शेष लूट लेता है। छात्रों द्वारा एक स्वर में कहा गया कि स्कूल का बना खाना को ही चालू करना चाहिए। एनजीओ जो लूट का धंधा बना लिया है और गरीब बच्चों के जीवन व स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने के आरोप में एफआईआर दर्ज किया जाए और तत्काल रद्द किया जाए। गोपाल बिगहा जो वर्षों से मध्य विद्यालय चालू था जिसे रास्ता के नाम पर बंद कर 5 से 6 किलोमीटर दूर इंटवां गांव में किये जाने से छात्र पढ़ने नहीं जा रहे हैं । उसी तरह अरवल सिपाह के धोबनी को जनकपुर घाट डोम टोली प्राथमिक विद्यालय में टैग किया जाना गरीबों को शिक्षा से वंचित करना है। 24 अगस्त 2026 को एनजीओ द्वारा मिड डे मील पर रोक लगाने, गोपाल बिगहा के विद्यालय तुरन्त चालू करने, मीनू के आधार पर भोजन देने की मांग के साथ डीएम के समक्ष छात्र प्रदर्शन करेंगे।

## अभिलेख कक्ष में चोरी के कई दिन बाद भी चोरों का सुराग नहीं मिलने से सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था।

**कुर्था(एनएसबी)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था के पुराने अभिलेख कक्ष का ग्रिल तोड़कर महत्वपूर्ण दस्तावेजों की चोरी के मामले में कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। जिससे स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। बताया जाता है कि विगत 5 अगस्त को स्वास्थ्य केंद्र में तैनात सुरक्षाकर्मी संजय कुमार, रमेश प्रसाद और रविंद्र साव ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार को सूचना दी कि पुराने अभिलेख कक्ष का ग्रिल टूटा हुआ है। सूचना मिलने के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, जहां कई महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब पाए गए।

घटना के संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने कुर्था थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच की। अभिलेख कक्ष का ग्रिल तोड़कर चोरी की घटना सामने आने के बाद स्वास्थ्य केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। खासकर यह सवाल उठ रहा है कि स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के बावजूद चोरों ने अभिलेख कक्ष का ग्रिल तोड़कर दस्तावेज कैसे निकाल लिए और सुरक्षा कर्मियों को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी। वहीं स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि कैमरे चालू स्थिति में थे तो घटना से संबंधित फुटेज के आधार पर पुलिस को अब तक कोई सुराग क्यों नहीं मिला यह भी जांच का विषय है। अभिलेख कक्ष से पुराने सरकारी दस्तावेजों के गायब होने की घटना को गंभीर माना जा रहा है, क्योंकि ऐसे अभिलेखों में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण रिकॉर्ड सुरक्षित रहते हैं। घटना के कई दिन बाद भी चोरों की पहचान नहीं होने से स्वास्थ्य केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था और मामले की जांच की प्रगति को लेकर लोगों में सवाल उठने लगे हैं। अब लोगों की नजर पुलिस जांच के परिणाम और चोरी गए अभिलेखों की बरामदगी पर टिकी है।

## छात्राओं के संग जमीन पर बैठीं DM छिरिङ वाई भूटिया



**लाल चना-चावल खाकर जांची MDM की गुणवत्ता, कम उपस्थिति पर दिए निर्देश**

**जहानाबाद (विशेष संवाददाता):** जिलाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने शुक्रवार को कन्या मध्य विद्यालय, होरिलगंज का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति और पीएम पोषण योजना (मध्याह्न भोजन) का जायजा लिया। इस दौरान डीएम का एक सहज और आत्मीय अंदाज देखने को मिला, जब वे अधिकारियों के साथ वीआईपी कल्चर छोड़कर छात्राओं की पांत में जमीन पर ही बैठ गईं। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर लाल चने का छोला और चावल खाया तथा भोजन के स्वाद एवं सफाई का प्रत्यक्ष मुआयना किया।

बच्चों से लिया फीडबैक, पूछा- रोज कैसा मिलता है खाना? भोजन के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से बातचीत कर जाना कि उन्हें रोजाना मिलने वाले खाने का स्वाद और गुणवत्ता कैसी लगती है। उन्होंने बच्चों से उनकी पसंद-नापसंद भी पूछी। डीएम को अपने बीच भोजन करते देख छात्राएं काफी उत्साहित नजर आईं। कम उपस्थिति पर जताई चिंता, दिए सख्त निर्देश निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जब स्कूल की उपस्थिति पंजी की समीक्षा की, तो पाया कि कक्षा 1 से 5 तक कुल 122 नामांकित बच्चों में से केवल 55 बच्चे ही मौजूद थे। वहीं कक्षा 6 से 8 में कुल 385 बच्चे नामांकित हैं। कम उपस्थिति पर चिंता जताते हुए डीएम ने विद्यालय प्रशासन को कड़ा निर्देश दिया कि वे अनुपस्थित बच्चों के अभिभावकों से तुरंत संपर्क करें और उन्हें बच्चों को रोजाना स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें। पढ़ाई के साथ खेलकूद में आगे बढ़ने का दिया संदेश डीएम ने विद्यालय में अपराह्न 3 बजे आयोजित होने वाली खेल कक्षाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं से कहा कि जीवन में केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि खेलकूद, कला और अन्य गतिविधियां भी उतनी ही आवश्यक हैं। उन्होंने बच्चों को हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ज़िले और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस औचक निरीक्षण के दौरान वरीय उप समाहर्ता होमा इरफान, डीआरडीए निदेशक रोहित कुमार मिश्र तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (पीएम पोषण योजना) गोविंद कुमार सहित कई अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

खबरें : एक नजर में

## चंचल सुमन नर्सिंग कॉलेज के सौजन्य से टीबी मरीजों को लगातार दूसरे महीने भी मिला पोषाहार

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** महुआ प्रखंड क्षेत्र के फुलवरिया स्थित चंचल सुमन नर्सिंग कॉलेज, फुलवरिया द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ में टीबी के 10 मरीजो के बीच पोषाहार सामग्री का वितरण किया गया। संस्थान द्वारा



मरीजों को पोषाहार वितरित करते संस्था के लोग।

इन गोद लिए गए (अडॉप्ट किए गए) मरीजों को लगातार दूसरे महीने यह सहायता प्रदान की गई है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार टीबी को हराने के लिए सही दवा के साथ-साथ पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से सक्षम लोगों और संस्थानों से टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण सहायता देने की अपील की गई थी। इसी पहल के तहत चंचल सुमन नर्सिंग कॉलेज ने पिछले महीने भी इन्हीं 10 मरीजों को पोषाहार दिया था और इस महीने भी उनका नियमित डाइट चक्र बनाए रखने के लिए पुनः पोषाहार वितरित किया। इस मौके पर उपस्थित टी बी मरीजो के स्वजनों से अपील करते हुए चंचल सुमन नर्सिंग कलेज के सचिव प्रेम शंकर कुमार ने कहा की आप सभी बड़ी नियमित रूप से इस पोषाहार का सेवन करें एवं अपने बीमारी की प्रति सचेत एवं सतर्क रहे क्योंकि बीमारी के सफल इलाज एवं दवाई के साथ-साथ स्वास्थ्य प्रति सचेत रहना भी स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने में लाभदायक साबित होता है। इस मौके पर महुआ के प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरभ वर्णवाल,चंचल सुमन नर्सिंग कलेज के सचिव प्रेम शंकर कुमार,ड सुरभि सुमन, ष्णा हस्पिटल के संचालक ड उदय शंकर कुमार,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ के चिकित्सा प्रभारी, प्राथमिक स्वास्थ्य के दर्जनों कर्मचारी एवं मरीजों के स्वजन आदि के साथ साथ अनेकों लोग उपस्थित थे।

## पोस्टर, प्रभात फेरी और कविता के माध्यम से छात्र छात्राओं ने दिया नशामुक्ति का संदेश

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** भारत सरकार के नशामुक्त युवा फर विकसित भारत अभियान के अंतर्गत शनिवार को महुआ अनुमंडल क्षेत्र के चेहरकला प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मन्नीपुर में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में विद्यार्थियो ने प्रभावशाली पोस्टर,प्रभात फेरी एवं कविता के माध्यम से समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षिका शादमा खान द्वारा लिखित मौलिक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया।नाटक में दर्शाया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज की सुख-शांति को भी नष्ट कर देता है। इस अवसर पर शिक्षिका शादमा खान द्वारा रचित नशामुक्ति विषयक कविता का रिकर्डेड प्रस्तुतीकरण भी विद्यार्थियों को सुनाया गया। कविता के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि नशा जीवन के सपनों और संभावनाओं को नष्ट कर देता है, जबकि संयम, शिक्षा और सकारात्मक सोच सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का सामूहिक संकल्प लिया।



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल छात्राएं।

## बिहार लोक सेवा आयोग ने टंकण एवं कम्प्यूटर जाँच परीक्षा को रद्द किया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग के मुताबिक विज्ञापन संख्या-43/2025 के अन्तर्गत बिहार लोक सेवा आयोग कार्यालय, पटना में निम्नवर्गीय लिपिक के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक-17-01-2026 एवं 18-01-2026 को आयोजित टंकण एवं कम्प्यूटर जाँच परीक्षा को तकनीकी कारण से रद्द किया जाता है। साथ ही दिनांक-25-02-2026 को सम्पन्न दस्तावेज सत्यापन को भी रद्द किया जाता है। टंकण एवं कम्प्यूटर जाँच परीक्षा संबंधी सूचना बाद में दी जाएगी।

# जनता दरबार में 80 परिवादों की सुनवाई

### जिला पदाधिकारी के निर्देश पर 100 वर्षीय परिवादी बुजुर्ग को तत्काल जनता दरबार में ही बनाकर दिया गया आयुष्मान कार्ड

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय परिसर स्थित संवाद कक्ष (प्रतीक्षालय) में आयोजित जनता दरबार में आम नागरिकों की समस्याओं की गंभीरतापूर्वक सुनवाई की गई। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। इस दौरान कुल 80 परिवादों की सुनवाई की गई।

जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त परिवादों पर सात दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए कार्रवाई प्रतिवेदन जन शिकायत कोषांग को उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की शिकायतों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।

जनता दरबार में हाजीपुर प्रखंड के लगभग 100 वर्षीय बुजुर्ग श्री शिव शंकर साह ने जिला पदाधिकारी को बताया कि उनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं होने के कारण आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को तत्काल कार्रवाई कर आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया।



जनता दरबार में लोगों की फरियाद सुनती डीएम।

जिला पदाधिकारी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए श्री शिव शंकर साह का आयुष्मान कार्ड जनता दरबार में ही बनाकर उन्हें उपलब्ध करा दिया गया। जिला प्रशासन की इस त्वरित पहल से बुजुर्ग परिवादी को मौके पर ही राहत मिली। यह कार्रवाई आमजन की समस्याओं के प्रति जिला प्रशासन की संवेदनशीलता एवं त्वरित समाधान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

जनता दरबार के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा भगवानपुर प्रखंड के जहाँगीरपुर पटेढ़ा निवासी दिव्यांग बच्चे संस्कार राज, पिताश्री मनोज राम को व्हील चेयर उपलब्ध कराई गई। व्हील चेयर मिलने से बच्चे को आवागमन एवं दैनिक कार्यों में सुविधा प्राप्त होगी। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को दिव्यांगजनों से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि सात निश्चय 3 के अंतर्गत सबका सम्मानजीवन आसान कार्यक्रम के तहत जिला, अनुमंडल, प्रखंड, थाना एवं पंचायत स्तर पर नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं थाना स्तर पर कुल 210 आवेदनों का अवलोकन एवं निस्तारण सुनिश्चित किया गया।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार आम नागरिकों को प्रशासन तक सीधे अपनी बात पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक परिवाद पर संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्रवाई करते हुए निर्धारित समयसीमा का कड़ाई से पालन करें, ताकि लोगों को अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें।

## मंडल कारा में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान एवं मछली पालन का प्रशिक्षण

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** ब्रह्माकुमारी संस्था, हाजीपुर द्वारा मंडल कारा परिसर में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों, नशे से होने वाली सामाजिक एवं पारिवारिक क्षति तथा नशामुक्त जीवन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। बंदियों को यह संदेश दिया गया कि नशामुक्त एवं सकारात्मक जीवन अपनाकर वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं तथा अपने परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदार भूमिका निभा सकते हैं।



शपथ लेते बंदी।

जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देशानुसार बंदियों को कारा अवधि के दौरान कौशल विकास एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से संस्थान, हाजीपुर द्वारा मंडल कारा, हाजीपुर में 35 बंदियों को मछली पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के माध्यम से बंदियों को मछली पालन की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक तकनीकों, तालाब प्रबंधन, मत्स्य पालन की आवश्यक प्रक्रियाओं तथा इससे स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य बंदियों में उपयोगी कौशल विकसित कर उन्हें भविष्य में सम्मानजनक आजीविका से जोड़ना है।

जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने कहा कि कारा व्यवस्था का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि सुधार, कौशल विकास और पुनर्वास के माध्यम से बंदियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाना भी है। नशामुक्ति जागरूकता तथा रोजगारपरक प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जिला प्रशासन द्वारा मंडल कारा में बंदियों के मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वास के लिए विभिन्न जागरूकता एवं कौशल विकास कार्यक्रमों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि वे कारा से बाहर निकलने के बाद आत्मनिर्भर एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

## खुसरूपुर फोरलेन पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई शराब से लदी कार, उड़े परखच्चे



सड़क पर बिखरीं अंग्रेजी शराब की बोतलें, लोगों में लूटने की मची होड़।

पुलिस ने संभाला मोर्चा, क्षतिग्रस्त कार जब्त कर शुरू की शराब की गिनती

**खुसरूपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना-बख्तियारपुर फोरलेन पर खुसरूपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। अवैध अंग्रेजी शराब से लदी एक कार तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के तुरंत बाद खुद को फंसता देख कार चालक और शराब तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए।

हादसे के बाद कार में छिपाकर ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब की दर्जनों बोतलें फोरलेन पर दूर-दूर तक बिखर गईं। सड़क पर शराब की बोतलें देखते ही वहां स्थानीय लोगों और राहगीरों का जमावड़ा लग गया। देखते ही देखते लोगों के बीच बिखरी हुई शराब की बोतलों को समेटने और लूटने की होड़ मच गई। इस दौरान फोरलेन पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना मिलते ही खुसरूपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शराब लूट रहे लोगों को खदेड़ा और स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित किया। इसके बाद दुर्घटनाग्रस्त कार को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया गया। फिलहाल पुलिस बरामद अंग्रेजी शराब की गिनती करने में जुटी है और फरार शराब तस्करों की पहचान के लिए मामले की जांच कर रही है।

## महनार फायरिंग कांड में फरार आरोपी ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

### एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने दी जानकारी

**महनार (दैनिक नवसंदेश)।** महनार के देशराजपुर बजरंगबली चौक के समीप 12 अगस्त को चौकीदार से मारपीट और फायरिंग के मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी अमित कुमार उर्फ गोप ने गुरुवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस की लगातार दबिश और संभावित ठिकानों पर छापेमारी के बीच आरोपी के सरेंडर करने को पुलिस की कार्रवाई की बड़ी सफलता माना जा रहा है। मामले में महनार थाने में आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस संबंध में महनार एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस के लगातार दबाव के कारण आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अब आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी में है। रिमांड के दौरान घटना में इस्तेमाल हथियार, फायरिंग के कारण और इसमें शामिल अन्य लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई जाएगी। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी कई मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास को खंगालने में जुटी है। इधर, स्थानीय लोगों ने मामले में अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर सवाल उठाए हैं।



प्रेसवार्ता में फायरिंग मामले की जानकारी देते महनार एसडीपीओ प्रवीण कुमार।

## बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में शिक्षा ऋण कम होने की खबर तथ्य से परे

### विद्यार्थियों को 2 लाख शिक्षा वित्त निगम और 2 लाख बैंकों के माध्यम से मिलेंगे, पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में खर्च की राशि बढ़ी है, घटी नहीं

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को मिलने वाले शिक्षा ऋण में कमी किए जाने की खबर तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। राज्य सरकार ने विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के दायरे को और बढ़ाया है। सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार अब 2 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं 2 लाख से 4 लाख तक की वित्तीय सहायता अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पहले बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से ही 4 लाख तक की राशि उपलब्ध कराई जाती थी। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना, पीएम विद्यालक्ष्मी पोर्टल और बैंकों से जोड़ने का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए संस्थागत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के माध्यम से 10 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रकार उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को पहले की तुलना में वित्तीय सहायता के अब अधिक विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 886 करोड़ के व्यय की स्वीकृति दी गई थी। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में 950 करोड़ के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष में योजना के लिए 64 करोड़ अधिक व्यय की स्वीकृति दी गई है। आंकड़े स्पष्ट रूप से बताते हैं कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत वित्तीय सहायता का प्रावधान घटा नहीं, बल्कि बढ़ा है। सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आसान, व्यापक और संस्थागत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ पहुंचाना है।

खबरें खास-खास

## मिलावटी खाद्यान्न पर रोक को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में सघन छापेमारी, 5 प्रतिष्ठानों से 9 खाद्य नमूने संग्रहित

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम तथा आम उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, हाजीपुर रामबाबू बैठा के नेतृत्व में जदुआ सब्जी मंडी, जदुआ मार्केट एवं जदुआ बस स्टैंड क्षेत्र में विशेष छापेमारी एवं जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 05 प्रतिष्ठानों की जांच की गई तथा विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 09 नमूने संग्रहित किए गए।



जांच करते एसडीओ ।

संग्रहित खाद्य नमूनों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य पदार्थो में मिलावट अथवा गुणवत्ता संबंधी अनियमितता पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानकों एवं प्रचलित नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य पदार्थो में मिलावट करने, निर्धारित गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करने अथवा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन द्वारा आम लोगों से भी अपील की गई है कि खाद्य पदार्थो की खरीदारी करते समय उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग, निर्माण एवं उपयोग की अंतिम तिथि आदि की जांच अवश्य करें तथा किसी प्रकार की मिलावट या अनियमितता की जानकारी मिलने पर संबंधित विभाग को सूचित करें।

## इनर व्हील क्लब ऑफ मौर्या ने किए सामाजिक प्रोजेक्ट

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** इनर व्हील क्लब ऑफ मौर्या की ओर से होटल यो चाइना के क्रिस्टल बैक्वेट हॉल में मंडलाध्यक्ष (डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन) प्रियंका कुमार के अवलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रियंका कुमार, डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरार विभा चरण पहाड़ी, क्लब अध्यक्ष मनीषा रानी एवं टीम ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर क्लब द्वारा किए गए विभिन्न सामाजिक प्रोजेक्टों का उद्घाटन एवं अवलोकन किया गया। एनक्रे झा एकेडमी में बच्चों के लिए वाटर कूलर, आरओ सिस्टम और हैंडवश वाटर स्टेशन लगाया गया। बच्चों के बीच कॉपी, स्टेशनरी एवं पौष्टिक आहार वितरित किया गया। चित्रकारी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों एवं विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। इसके अलावा जरूरतमंद व्यक्ति को स्वरोजगार के लिए ठेला एवं सब्जी उपलब्ध कराई गई। ट्रांसजेंडर समुदाय को एक माह का राशन, कपूर जेल की शाखाओं में महिलाओं के लिए व्हीलचेयर, बेड-सोर बेड, कपड़े एवं टेलीविजन उपलब्ध कराया गया। हैप्पी स्कूल की छात्राओं को 100 स्कूल बैग एवं 100 कपियां दी गईं। जरूरतमंदों के बीच 50 छाते और पलीथिन के विकल्प के रूप में 100 कपड़े के थैले वितरित किए गए।




इनर व्हील क्लब ऑफ मौर्या की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंच संचालन कीर्ति कुमारी ने किया, जबकि उपाध्यक्षा अनुजा भदानी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव मोनी सिंह, ट्रेजरार चित्रा पाठक, एडिटर संगीता मोदी, पीपी वीणा सिंह, पीपी शोभा प्रसाद, पीपी रीमा रौनक, पीपी उपमा उर्मिल,आई एस ओ रानी बरनवाल सहित क्लब की अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

## समकालीनता का रोचक आख्यान रचती लेखिका हैं रूबी भूषण

### चर्चित लेखिका रूबी भूषण के कहानी-संग्रह 'गंडकी धीरे बहो' का लोकार्पण एवं कथापाठ

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** चर्चित लेखिका रूबी भूषण के कहानी-संग्रह 'गंडकी धीरे बहो' की ग्यारह कहानियों में स्त्री का तेज, परंपरा से संघर्ष का द्वंद्व, जीवन-मूल्यों से टकराव, आम आदमी का जीवन-संघर्ष तथा मनुष्य की आंतरिक दुष्प्रवृत्तियों से मुठभेड़ आदि का जीवंत कथात्मक चित्रण हुआ है। ये कहानियाँ पाठकों को समकालीन परिस्थितियों से कहीं अधिक गहराई से जोड़ती हैं। रूबी भूषण सामाजिक संतुलन के साथ समकालीनता का आख्यान रचने में सिद्धहस्त लेखिका हैं। ये विचार रूबी भूषण के कहानी-संग्रह 'गंडकी धीरे बहो' के लोकार्पण एवं संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किए। सृजन संगति द्वारा आयोजित लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध लेखक एवं नई धारा के संपादक ड़ा शिवनारायण ने की, जबकि संचालन चर्चित लेखक-पत्रकार एवं शिक्षाविद् ड़ा ध्रुव कुमार ने किया। लोकार्पण करते हुए मुख्य अतिथि, बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि चर्चित लेखिका रूबी भूषण की कहानियाँ उन्हें भीतर तक झकझोरती हैं। इनकी कहानियाँ समाज की मानसिकता को बदलने की क्षमता रखती हैं और भौतिकता के स्थान पर सामासिक समरसता तथा प्रेम को सर्वोच्च महत्व देने की प्रेरणा देती हैं। प्रेम ही वह शक्ति है, जो मनुष्य और समाज को बदलने की क्षमता रखता है। प्रसिद्ध कवि प्रेम किरण ने कहा कि रूबी भूषण की कहानियों में छीजते रिश्तों का दर्द है, जो देश-दुनिया में हो रहे खोखले विकास की परतों को उघाड़ता है। शोध, संघर्ष और संवेदना से बुनी गई इन कहानियों में मनुष्य की गरिमा को केंद्रीय सत्ता के रूप में स्थापित किया गया है। लेखक-पत्रकार एवं शिक्षाविद् ड़ ध्रुव कुमार ने कहा कि रूबी भूषण की कहानियाँ नदी-संस्ति से उपजी पीड़ा और संत्रास की सीमाहीन व्यथा-कथा को सामने लाती हैं। वरिष्ठ लेखक भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि 'गंडकी धीरे बहो' लेखिका का दूसरा कहानी-संग्रह है। उनका पहला संग्रह 'टेम्स नदी बहती रही' था। दोनों संग्रहों में नदी समान रूप से उपस्थित है। यह बताता है कि सभ्यता के आदिम रिश्तों के प्रति नदी की तरलता की तरह स्त्री का जीवन भी निरंतर उत्सर्गित रहता है। उनकी कहानियाँ हाशिये के जीवन की पीड़ा को प्रभावशाली ढंग से सामने रखती हैं। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रसिद्ध लेखक एवं नई धारा के यशस्वी संपादक ड़ शिवनारायण ने कहा कि हिंदी में कथा-संसार का मिजाज बदल रहा है। इस बदलते मिजाज में कथा-संवेदना के साथ प्रतिरोध के कहन-कौशल का शिल्प प्रभावी भूमिका में आ गया है। रूबी भूषण इसी बदलते कथाशिल्प की पायेदार लेखिका हैं। उनकी कहानियों के मिजाज में हाशिये के समाज, विशेषकर स्त्री के प्रतिरोध का दर्प न केवल प्रभावित करता है, बल्कि प्रेरित भी करता है। उनकी कहानियों में एक 'ठंडी आग' है। विशिष्ट वक्ता रामयतन यादव ने कहा कि कई दशकों से प्रकाशित हो रही रूबी भूषण की कहानियाँ अपने समकालीनों से कहीं आगे तक प्रभाव छोड़ती हैं। वहीं कवि-कथाकार एवं चित्रकार सिद्धेश्वर ने कहा कि यह कहना बिल्कुल सही है कि कहानी पढ़ी नहीं जाती, बल्कि कहानी स्वयं को पढ़वाती है। रूबी भूषण की कहानी भी हमें पढ़ने के लिए मजबूर कर देती है। सहजता, सरलता और संवाद के माध्यम से कहानी कहने की कला उनकी विशेषता है। अन्य वक्ताओं में रजनी प्रभा, शहंशाह आलम, परवेज आलम, अरशद फिरोज, शशिभूषण सिंह, कमलनयन श्रीवास्तव एवं पंकज प्रियम ने भी रूबी भूषण की विभिन्न कहानियों पर विमर्श करते हुए उनकी कथा-चेतना और कथा-कहन कौशल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।




# काव्य-मणिमाला के निपुण मालाकार हैं डा. रत्नेश्वर सिंह

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** काव्य-साहित्य में अत्यंत मूल्यवान अवदान दे रहे मंचों के लोकप्रिय कवि डा रत्नेश्वर सिंह काव्य-मणिमाला के निपुण मालाकार हैं। जिस निपुणता से वे काव्य की मणि-माला में शब्द-मणि पिरोते हैं, वह दर्शनीय है। उनमें केवल काव्य-लालित्य और चकित करने वाली काव्य-कल्पनाएँ ही नहीं, भाव का गांभीर्य, समाज की मार्मिक-पीड़ा और लोक-मंगल के दिव्य भाव भी लक्षित होते हैं, जो किसी भी काव्य को पूर्ण और अर्थपूर्ण बनाने के लिए अनिवार्य तव हैं।

यह बातें शुक्रवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, सम्मेलन द्वारा प्रकाशित और कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय द्वारा संपादित पुस्तक सर्जना के स्वर रत्नेश्वर के लोकार्पण-समारोह एवं कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, डा अनिल सुलभ ने कही।

उन्होंने कहा कि कविता की परिभाषा के आलोक में रत्नेश्वर की रचनाएँ श्रेष्ठ मानी जानी चाहिए, क्योंकि इनकी रचनाएँ, पाठकों और श्रोताओं के मन पर उन्हीं भावों का गहरा प्रभाव उत्पन्न करती हैं, जिन भावों के घनीभूत होने से वह कवि के मानस से उतर कर कंठ से प्रसूत हुई है।




साहित्य सम्मेलन में पुस्तक सर्जना के स्वर रत्नेश्वर का हुआ लोकार्पण, आयोजित हुई कवि-गोष्ठी।

डा सुलभ ने कहा कि लोकार्पित पुस्तक, एक प्रकार से डा रत्नेश्वर के संपूर्ण साहित्यिक व्यक्तित्व को प्रकाश प्रदान करती है। इसमें कवि की तियाँ भी हैं और कवि पर अनेक समकालीन कवियों साहित्यकारों के विचार भी हैं, जो कवि के संपूर्ण व्यक्तित्व को समझने का व्यापक आधार प्रदान करते हैं। शब्दों की मणिमाला गुँथने में परमात्मा ने इन्हें दिव्य कौशल प्रदान करने की महनीय पा की है। समाज की पीड़ा को जिस चेतना से इन्होंने समझा है, वह किसी भी कवि को अर्थवान और मूल्यवान बना सकती है। उन्होंने पुस्तक के संपादक और कवि श्री ब्रह्मानन्द पाण्डेय को भी उनके उद्यम के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर सम्मेलन अध्यक्ष ने ग्वालियर से पधारीं वरिष्ठ कवयित्री डा शकुन्तला तोमर को सम्मेलन की ओर से साहित्य साधना सम्मान से विभूषित किया।

समारोह के मुख्य अतिथि और दूरदर्शन बिहार के कार्यक्रम-प्रमुख डा मनोज प्रभाकर, पूर्व-प्रमुख डा राज कुमार नाहर, दरभंगा से पधारे वरिष्ठ कवि डा अमरकान्त कुमर, सम्मेलन के साहित्यमंत्री भगवती प्रसाद द्विवेदी, डा शशि भूषण सिंह और विभा रानी श्रीवास्तव ने भी डा रत्नेश्वर के साहित्यिक व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए उन्हें लोकार्पित पुस्तक के लिए बधाइयाँ दीं।

इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन का आरम्भ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवयित्री आराधना प्रसाद, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, शमा कौसर शमा, जीनत शेख, प्रो एहशान शाम, मधुरानी लाल, शुभचंद्र सिन्हा, विद्यापति चौधरी, अमीना खातून, सागरिका राय, कुमार अनुपम, करुणा पीटर कमल, अमित कुमार मिश्र, सिद्धेश्वर, सदानन्द प्रसाद, विजयवत कंठ, ई अशोक कुमार, सूर्य प्रकाश उपाध्याय,बिंदेश्वर प्रसाद गुप्त, इन्दुभूषण सहाय, रजनीश कुमार गौरव, राज प्रिया रानी आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं के पाठ किए।

मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। व्यंग्यकार बाँके बिहारी साव, डा निगम प्रकाश नारायण, चित्तरंजन लाल भारती, प्रवीर कुमार पंकज, सच्चिदानन्द शर्मा, प्रेम अग्रवाल, कुमारी क्रांति, विजय कुमार सिंह, नरेश कुमार, अश्विनी कुमार, मो फहीम, अभिराम आदि सुधी जन समारोह में उपस्थित थे।